वर्ष- 13 अंक - 77
लखनऊ, सोमवार 17 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एसआईआर को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात : केशव प्रसाद मौर्य 03

मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला आयोजित 12


### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा

# कई वीरों को इतिहास में नहीं मिला उचित स्थान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को वृन्दावन योजना में वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि दलित, आदिवासी वीरांगनाओं और पिछड़े समुदायों के असंख्य वीरों को इतिहास के पन्नों में उचित स्थान नहीं मिला। इन नायकों को न सिर्फ पढ़ाया जाना चाहिए था बल्कि उनको पूजा भी जाना चाहिए था। महाराजा बिजली पासी, महाराजा सतान पासी, महाराजा लाखन पासी, महाराजा सुहेलदेव, महाराजा छेटा पासी और महाराजा दालदेव, राजा गंगा बख्श रावत, झलकारीबाई, अवंतीबाई और महावीरी देवी, ये वह नाम हैं जो सोने के अक्षरों में अंकित होने योग्य हैं। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने इस वीर समुदाय के इतिहास पर रिसर्च नहीं की। पहले की सरकारों ने कभी भी पासी साम्राज्य के बारे में जानकारी एकत्र करने की कोशिश नहीं की। राजनाथ सिंह ने कहा कि वामपंथी



इतिहासकारों ने अपनी सुविधानुसार इतिहास को लिखा, जिसमें दलित और पिछड़े समाज के नेताओं की वीरता और बलिदान को दरकिनार किया गया। पूर्व की सरकारों ने भी पासी और दलित समाज के नायकों को उचित स्थान नहीं दिया।

यह हमारा दायित्व है कि हम उस विस्मृत इतिहास को पुनः सामने लाएँ, ताकि पासी समाज जैसे समुदायों का योगदान देश की चेतना में फिर से जीवित हो, क्योंकि राष्ट्र की असली ताकत तभी पूरी तरह प्रकट होती है जब हर वर्ग, हर समुदाय और हर बलिदान को उसका सम्मानजनक स्थान मिले। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब वर्ष 2000 में हमारी एनडीए की सरकार बनीं थी तब हमने



राजा बिजली पासी की स्मृति में डाँक टिकट जारी करके उनको श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि पासी समाज के वीरों एवं वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। हमारी सरकार ने ऐसे गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान से स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी।

उनके बलिदान और संघर्ष को याद करना और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। रक्षा मंत्री ने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक भी बनाया गया है। ऐसा ही भव्य स्मारक महाराजा बिजली पासी का लखनऊ में बनने जा रहा है। इस निर्णय की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ी अपने इन वीरों के विषय में और अधिक जानकारी पा सकेगी। मुग़लों के इतिहास को बढ़ा चढ़ाकर बताने वाले इतिहासकारों ने इन नामों को सम्मान नहीं दिया। जिन्होंने अपने पराक्रम, त्याग और संघर्ष से आज़ादी के आंदोलन को मज़बूती दी, उन्हें इतिहास में उचित स्थान नहीं दिया गया जबकि वे भी इस महान यात्रा के समान रूप से भागीदार और नायक थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि आजादी आंदोलन में मदारी पासी का योगदान कौन ही भूल सकता है। मदारी पासी ने अन्याय के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूँका। जब किसानों पर बहुत अधिक लगान लगाया गया तो मदारी पासी किसानों के मसीहा बनकर उभरे। मैं मदारी पासी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

पासी समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चाहें वो 1857 की आजादी की पहली लड़ाई हो या अवध किसान सभा आंदोलन, पासी समुदाय ने हमेशा मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है। इस अवसर पर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण,लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, बाराबंकी की पूर्व सांसद प्रियंका रावत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर,एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, एमएलसी मुकेश शर्मा और महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### वीरांगना ऊदा देवी को मुख्यमंत्री ने किया नमन

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर देने वाली शहीद ऊदा देवी को नमन करते हुए रविवार को कहा कि वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी जाति के लिए बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं। वीरांगना ऊदा देवी हमें याद दिलाती हैं कि नारी शक्ति कितनी सामर्थ्यवान है। उन्होंने कहा, वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी जाति के लिए बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं। इसलिए इस अवसर पर मैं उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं। उन्होंने विदेशी हुकूमत की चूलों को हिलाने और अत्याचार का जवाब देने के लिए 16 नवंबर 1857 को उन्होंने 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर कर दिया। उनका नाम भारत के इतिहास में अमर हो गया। योगी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान हमें यह प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भारत माता के हर सपूत को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। अगर आप बेसिक शिक्षा परिषद की पुस्तकों को देखें तो एक अतिरिक्त पुस्तक जिला, क्षेत्र और प्रदेश स्तर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि वर्तमान पीढ़ी अपने इतिहास को जान सके।

## एनआईए ने पकड़ा आत्मघाती हमलावर उमर नबी का सहयोगी अमीर राशिद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजधानी दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके में कश्मीर के रहने वाले अमीर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया है। राशिद ने ही कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के साथ मिलकर यह हमला करने की साजिश रची थी। इस धमाके में 10 से ज्यादा लोग मारे गए और 32 लोग घायल हुए थे।

एनआईए के अनुसार जांच में सामने आया कि धमाके में इस्तेमाल हुई कार अमीर राशिद अली के नाम पर रजिस्टर्ड थी। फोरेंसिक जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोटक युक्त वाहन का चालक उमर उन नबी था। उमर पुलवामा जिले का निवासी था और फरीदाबाद में अल फलाह यूनिवर्सिटी के जनरल मेडिसिन विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत था। एनआईए ने उमर उन नबी का एक और वाहन भी जब्त किया है। जांच में इस वाहन को भी सबूत जुटाने के लिए बारीकी से परखा जा रहा है। अब तक धमाके में घायल हुए लोगों सहित 73 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी दिल्ली



पुलिस, जम्मू कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर कई राज्यों में जांच कर रही है।

एजेंसी कई अहम सुरागों का अनुसरण कर रही है, ताकि इस धमाके के पीछे बड़े षड्यंत्र का पता लगाया जा सके और अन्य शामिल लोगों की पहचान की जा सके। एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि अमीर राशिद अली ने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर धमाके की योजना बनाई थी और दिल्ली आया था, ताकि कार खरीदने और विस्फोटक तैयार करने की प्रक्रिया में मदद कर सके। एनआईए के अनुसार अमीर राशिद अली की गिरफ्तारी से इस मामले में आगे की जांच को मजबूत मदद मिलेगी और संभावित अन्य सहयोगियों को पकड़ने में आसानी होगी।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,25230/ |
| 22 कैरेट | = | 1,14800/ |
| 18 कैरेट | = | 93,960/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 169,000/ |



### संक्षिप्त समाचार

**आसियान का प्रतिनिधिमंडल 18 को आएगा मध्य प्रदेश**

**भोपाल।** आसियान देशों के उच्च स्तरीय राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार, 18 नवंबर को मध्य प्रदेश के तीन दिवसीय पर आ रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल 20 नवंबर तक भोपाल में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगा। इसके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात करेगा। इस भ्रमण का उद्देश्य मध्य प्रदेश और आसियान देशों के बीच आर्थिक, औद्योगिक, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ बनाना है। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि आसियान देशों का प्रतिनिधिमंडल 18 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट करेगा।

**एसआईआर फेज II के तहत मतदाता सूची अपडेट में तेजी**

**नई दिल्ली।** देश में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फेज-2 के तहत मतदाता विशिष्ट प्रविष्टि पत्र यानी ईएफ की छपाई और वितरण का काम तेजी से चल रहा है। अब तक देशभर में 50 करोड़ 99 लाख 72 हजार मतदाताओं के लिए 10 लाख 41 हजार 291 ईएफ छापे जा चुके हैं और 49 करोड़ 73 लाख 39 हजार 480 ईएफ वितरित किए जा चुके हैं, 97 फीसदी से अधिक है। चुनाव आयोग के अनुसार, अंडमान और निकोबार, गोवा और लक्षद्वीप में सभी ईएफ 100 प्रतिशत वितरित हो चुके हैं। गुजरात में 99 प्रतिशत, केरल में 93 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 97 प्रतिशत और तमिलनाडु में 93 प्रतिशत ईएफ पहुंच चुके हैं। राजस्थान में 98 प्रतिशत ईएफ वितरित किए जा चुके हैं।

**नेवल डॉक पर आतंकी हमले की मिली धमकी भरी कॉल**

**मुंबई।** मुंबई के नेवल डॉक पर रविवार को आतंकवादी हमले की धमकीभरा कॉल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को आंध्र प्रदेश का बताया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की तह तक जाने की कोशिश में जुटी हैं। पुलिस के मुताबिक, जहांगीर शेख नाम के एक शख्स ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल किया। वह आंध्र प्रदेश से बात कर रहा है और उसे किसी दूसरे आदमी ने नेवल डॉक पर होने वाले आतंकवादी हमले के बारे में बताकर सतर्क रहने को कहा था।

### अमृतसर में हथियार व नार्को नेटवर्क का पर्दाफाश

**चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पांच व्यक्तियों को 1.01 किलोग्राम हेरोइन और छह आधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार करके पाकिस्तान से जुड़े हथियार एवं नार्को नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि अमृतसर ग्रामीण के पंडोरी गांव निवासी अकाश मसीह और प्रिंस, चौगांवां गांव निवासी करनबीर सिंह उर्फ करन हेतमपुरा गांव निवासी सुखविंदर सिंह और तरनतारन जिले के लाहियां गांव निवासी गुरभेज सिंह उर्फ भेजा को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पांच .30 बोर की और एक 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल बरामद की गई है।

## उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण प्राप्त 34 पुलिस उपाधीक्षकों को जिलों में मिली तैनाती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में अकादमिक प्रशिक्षण के बाद विभिन्न जिलों में जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण ले रहे 34 पुलिस उपाधीक्षकों को ट्रेनिंग पूरी होने के बाद शासन ने रविवार को अब दूसरे जिलों में तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं।

नियुक्ति पाने वाले पुलिस उपाधीक्षकों में बसंत सिंह सिंह महाराजगंज, संकल्प दीप कुशवाहा को एटा, प्रतिज्ञा सिंह को बांदा, नारायण दत्त मिश्रा को बहराइच, ऋतिक कपूर को सुलतानपुर, अभिमन्यु त्रिपाठी को लखीमपुरी खीरी, पीयूष पाण्डेय को झांसी, क्रिश राजपूत को मऊ, गायत्री यादव को मीरजापुर, मनोज कुमार गंगवार को औरैया, सुधीर सिंह को मेरठ, जयंत यादव को कुशीनगर, रोहिनी यादव को सिद्धार्थनगर, प्रभा पटेल को हरदोई में तैनात किया गया है। आकृति पटेल को पीलीभीत, अभय कुमार वर्मा को फतेहगढ़, अभिषेक कुमार को सीतापुर, अनुभव राजर्षि को गाजीपुर, आकांक्षा गौतम को बिजनौर, शुभम वर्मा को शाहजहांपुर, अमित कुमार को संत कबीर नगर, देशराज सिंह को बलिया, दीपशिखा को मैनपुरी, कुलदीप सिंह यादव को बस्ती, अवनीश सिंह इटावा, शशांक श्रीवास्तव को बुलंदशहर, गौरव उपाध्याय को महोबा, अपूर्वा पांडेय को यूपी 112 लखनऊ, अपूर्व पांडेय को वाराणसी और विनी सिंह को उन्नाव में तैनाती मिली है।

### आयोग ने मतदाता विवरण डिजिटलीकरण की समय सीमा नवंबर के अंत तक बढ़ाई

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्रों के माध्यम से एकत्रित मतदाता विवरणों के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए नवंबर के अंत तक की समय सीमा तय की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, बूथ स्तर पर पहले से ही चल रहे डिजिटलीकरण कार्य में अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म शामिल हो चुके हैं। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यूनीवार्ता को बताया, आयोग के निर्देशानुसार रविवार से डेटा प्रविष्टि की गति बढ़ायी जायेगी। पूरी प्रक्रिया महीने के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है।

## उत्तर-पश्चिमी हवाओं से बढ़ी ठंड, कई जिलों में शीतलहर

▸ मध्यवर्ती भागों में आंशिक शीतलहर की स्थिति रह सकती है बरकरार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में दिन और रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने की वजह से बीती रात इटावा, बरेली, कानपुर, बाराबंकी एवं अमेठी में शीतलहर का असर दिखाई दिया हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में हल्की मौसमी गिरावट होने की संभावना है। जिसके चलते रात एवं भोर के समय प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है। वहीं सोमवार से हवाओं



की दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट कम होगी। मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ.एके सिंह ने कहा कि प्रदेश में इस समय कोई सक्रिय मौसम तंत्र मौजूद नहीं है, लेकिन पश्चिमी हिमालयीय क्षेत्रों से आ रही ठंडी एवं शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा रही है। आसमान साफ रहने की वजह से रात में विकिरणीय शीतलन बढ़ गया है, वहीं मध्य भारत पर बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से ठंडी हवाओं के अधोगमन ने भी प्रदेश के मौसम को और अधिक शीतल बना दिया है। उन्होंने कहा कि इन सम्मिलित प्रभावों के परिणामस्वरूप पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात दोनों तापमान सामान्य से काफी नीचे बने हुए हैं। हालांकि दिन में धूप निकलने के बाद शीतलहर का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

## भाजपा ने महिलाओं को रुपए देकर वोट खरीदने की कोशिश की : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बिहार और अन्य राज्यों में महिलाओं को 10,000 रुपये देने की योजना की आलोचना करते हुए उसे वास्तविक विकास के साधन की बजाय एक चुनावी हथकंडा बताया।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह योजना पारिवारिक स्थिरता और दीर्घकालिक कल्याण जैसे बुनियादी मुद्दों का समाधान नहीं करती। भले ही भाजपा यह दावा करे कि इस योजना के कारण महिला मतदाताओं का उसे पर्याप्त समर्थन मिला है। उन्होंने कहा,



वे दावा करते हैं कि उन्हें महिला मतदाताओं से पर्याप्त समर्थन मिला है लेकिन सिर्फ कल्याणकारी उपाय ही सरकार के सम्मान और स्थिर पारिवारिक संरचना सुनिश्चित करने के कर्तव्य की जगह नहीं ले सकते और 10,000 रुपये उन्हें सम्मानजनक जीवन नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में लोग अपने परिवारों को छोड़कर काम की तलाश में पलायन करते हैं।

### रोहिणी आचार्य ने भाई तेजस्वी पर लगाए गंभीर आरोप

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की करारी हार के बाद पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी के आरोपों के बाद बिहार की सियासत तेज हो गई है। शनिवार को रोहिणी ने पोस्ट कर राजनीति छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने दूसरे पोस्ट के माध्यम से बताया है कि उन्हें पीटने के लिए चप्पल तक उठाई गई। रोहिणी आचार्य ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बेटी, बहन और मां को जलील किया गया।रोहिणी ने पोस्ट में लिखा, कल एक बेटी, एक बहन, एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गई, मारने के लिए चप्पल उठाया गया।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 25 को होगा दूसरा बड़ा आयोजन, प्रधानमंत्री होंगे शामिल

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में भगवान राम की नगरी अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश-विदेश की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम में भारी भीड़ और वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। खासतौर पर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई



अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वीआईपी मूवमेंट के बावजूद सामान्य उड़ानों का संचालन बाधित नहीं होगा। केवल वीआईपी आगमन-प्रस्थान के दौरान विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जाएंगे।

**सुरक्षा को बनाया जा रहा अभेद्य**

प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट के भीतर और बाहर तैनात सभी कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। राजनैतिक और बॉलीवुड से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है। इनके चार्टर्ड विमानों से पहुंचने की संभावना को देखते हुए एयरपोर्ट पर वीआईपी मूवमेंट बढ़ने की संभावना है। इसलिए सुरक्षा बलों ने तैयारियों और तेज कर दिया है। एयरपोर्ट के आसपास स्थित होटल, होमस्टे और आवासीय परिसरों की गहन जांच चल रही है। 24 से 25 नवंबर के बीच यहां ठहरने वाले सभी यात्रियों का अनिवार्य वेरिफिकेशन किया जाएगा।

### जोधपुर में हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत

**अहमदाबाद।** राजस्थान के जोधपुर-बालेसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में गुजरातके बनासकांठा और धनसुरा जिले के छह लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। मृतकों में तीन महिलाएं हैं। राजस्थान पुलिस के अनुसार गुजरात के बनासकांठा और धनसुरा जिले से रामदेवरा दर्शन करने जा रहे 20 श्रद्धालु टेंपो में सवार थे और सुबह करीब 5 बजे खारी बेरी गांव के पास टेंपो की अनाज से भरे ट्रेलर से जोरदार भिड़ंत हो गई। बालेसर पुलिस स्टेशन के अधिकारीभाटी ने बताया कि टेंपो जोधपुर की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे अनाज से भरे ट्रेलर से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

**लक्ष्य**

### केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मॉस्को में कई अहम बैठकें कर प्रमुख चुनौतियों पर बात की

## भारत-रूस के बीच 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य पर फोकस

एजेंसी

**मास्को।** भारत और रूस के बीच साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मॉस्को में कई अहम बैठकें कर एफटीए की प्रगति, व्यापार बढ़ाने के रास्ते, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने, गैर शुल्क बाधाएं घटाने, प्रमाणन और भुगतान सिस्टम जैसी सभी प्रमुख चुनौतियों पर बात की और आगे की कार्ययोजना तय की।

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार राजेश अग्रवाल ने यूरोशियन



इकोनॉमिक कमीशन के व्यापार मंत्री एंड्री स्लेपनेव के साथ बातचीत में एफटीए के अगले कदमों पर समीक्षा की। दोनों देशों के बीच इसी साल 20 अगस्त को तय हुए टर्म्स ऑफ रेफरेंस के आधार पर 18 महीने की जो कार्ययोजना बनायी गई थी, उसकी प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसानों, मछुआरों और एमएसएमई को नए बाजार उपलब्ध कराना है। दोनों पक्ष आगे की बातचीत में सेवाओं और निवेश को भी शामिल करेंगे। रूस के उद्योग और व्यापार उप मंत्री मिखाइल युरिन के साथ बैठक में व्यापार विविधीकरण बढ़ाने, महत्वपूर्ण खनिजों में साझेदारी करने और फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मशीनरी, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

साथ ही यह भी तय हुआ कि हर तिमाही प्रमाणन, कृषि और समुद्री उत्पादों की लिस्टिंग, बाजार में एकाधिकार रोकने और अन्य गैर शुल्क बाधाओं पर नियामक स्तर पर चर्चा की जाएगी। कंपनियों के लिए लॉजिस्टिक्स, भुगतान व्यवस्था और मानकों को आसान बनाने के उपायों पर भी बात हुई।

भारतीय और रूसी कंपनियों के साथ नेटवर्किंग सत्र में वाणिज्य सचिव ने कारोबारियों से कहा कि वे अपनी योजनाओं को 2030 के व्यापार लक्ष्य के अनुरूप तैयार करें। उन्होंने भारत में लॉजिस्टिक्स सुधार, डिजिटल पब्लिक सिस्टम और संयुक्त निवेश व उत्पादन के अवसरों पर भी जोर दिया। दोनों देशों ने यह भी माना कि आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना, निर्यात बढ़ाना और बातचीत को ठोस समझौतों में बदलना आर्थिक विकास और रोजगार के लिए जरूरी है।

## स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से चलता है संघ : डॉ. भागवत

एजेंसी

**जयपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से ही संघ चलता है। मानसिकता से हर स्वयंसेवक प्रचारक ही हो जाता है। संघ की यही जीवन शक्ति है। संघ यानी हम लोग स्वयंसेवक हैं।

संघ याने स्वयंसेवकों का जीवन और उनका भावबल है। आज संघ बढ़ गया है। कार्य की दृष्टि से अनुकूलताएं और सुविधाएं भी बढी है, परंतु इसमें बहुत सारे नुकसान भी हैं। हमें वैसा ही रहना है जैसा हम विरोध और उपेक्षा के समय थे, उसी भावबल से संघ आगे बढ़ेगा। डॉ. मोहनराव भागवत रविवार



को पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में ज्ञान गंगा प्रकाशन की ओर से आयोजित और यह जीवन समर्पित ग्रंथ के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। यह पुस्तक राजस्थान के दिवंगत संघ 24 प्रचारकों की जीवन गाथा का संकलन है। संघ कार्य के बारे में उन्होंने कहा कि संघ ऐसे ही समझ में नहीं आता है। इसे समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभूति की आवश्यकता होती है, जो संघ में प्रत्यक्ष आने के बाद ही प्राप्त हो सकती है।

# बच्ची को उठाकर ले जाने वाले भेड़िए का एनकाउंटर

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** वन विभाग के शूटर ने एनकाउंटर में आदमखोर भेड़िए को ढेर कर दिया। टीम ने शनिवार शाम को उसकी कमर में गोली मारी। वह 10 कदम चला, फिर गिरा और दम तोड़ दिया। दो दिन पहले भेड़िया 3 साल की बच्ची को उठा ले गया था। अभी तक मासूम का पता नहीं चला है। वन विभाग की टीम पिछले 2 दिन से इसकी तलाश कर रही थी।

प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 4 बजे लोधन पुरवा से एक किलोमीटर दूर भेड़िए की लोकेशन मिली। टीम ने पहले उसे पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन जब वह भागने लगा तो उसे गोली मार दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामला कैसरगंज तहसील के लोधन पुरवा गांव का है। लोधन पुरवा में गुरुवार सुबह 3 साल की मासूम जाह्नवी को उसकी मां के सामने भेड़िया उठा ले गया था। संतोष की बेटी जाह्नवी



घर के अन्य बच्चों के साथ बाहर खेल रही थी। मां सीमा पास में घर का काम कर रही थीं। उसकी ताई भी वहीं बैठी थीं। तभी घर से करीब 50 मीटर दूर गन्ने के खेत से एक भेड़िया निकला और जाह्नवी को अपने जबड़ों में दबाकर खेतों की ओर भाग गया।

परिवार के सदस्यों ने भेड़िए का पीछा किया, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। बच्ची के बाबा सजन लाल ने बताया था- सुबह करीब 9 बजे जाह्नवी गेंद उठाने के लिए थोड़ी आगे बढ़ी थी, तभी भेड़िया उसे उठा ले गया था।

घटना के 48 घंटे बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा हे। वन विभाग और पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।

**13 दिन पहले भी मार गया था भेड़िया**

13 दिन पहले वन विभाग की टीम ने बच्ची का उठाकर ले जाने वाले एक भेड़िए का एनकाउंटर किया था। वन विभाग के शूटर ने घटना के 11 घंटे में ही उसे मार गिराया था।

## बुजुर्ग पर तेंदुए ने किया हमला, घायल, 24 घंटे में दूसरी घटना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोहकम पुरवा गांव में तेंदुए ने एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया। यह 24 घंटे के भीतर तेंदुए का दूसरा हमला है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। गांव निवासी रग्घा नामक बुजुर्ग देर शाम दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान खेत के पास घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। बुजुर्ग ने चिल्लाकर और संघर्ष कर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायल बुजुर्ग को तत्काल पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. आरपी सिंह ने उनका प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद, 108 एंबुलेंस



(ईएमटी कोशल वर्मा और पायलट प्रेमकिशोर) द्वारा उन्हें बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। हालांकि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार रात में

**दुकान जाते समय मारा झपट्टा संघर्ष कर बचाई जान**

भी अरविंद चौहान नामक एक युवक पर तेंदुए ने हमला किया था। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में भय का माहौल है।

# अंडर 14 चैंपियंस लीग में केडीसी ब्लू की शानदार बल्लेबाजी व गेंदबाजी से जीता मैच

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के द्वारा आयोजित अंडर 14 चैंपियंस लीग में रविवार का मुकाबला केडीसी ब्लू एवं केडीसी ऑरेंज के बीच खेला गया। केडीसी ब्लू के कप्तान अखंड श्रीवास्तव ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवरों के इस मुकाबले में 42वें ओवर में ऑल आउट होते हुए केडीसी ब्लू ने 269 रनों का अच्छा स्कोर खड़ा किया।

केडीसी ब्लू की तरफ से अली खान ने सर्वाधिक 78 एवं निर्भय मौर्य ने 20 रनों का योगदान दिया। केडीसी ऑरेंज की तरफ से आरव गुप्ता एवं कपिल उपाध्याय ने तीन-तीन तथा विनायक कश्यप ने दो विकेट लिए। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केडीसी ऑरेंज की टीम के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 25 ओवरों में 141 रनों पर ऑल आउट हो गई । केडीसी ऑरेंज की तरफ से विनायक कश्यप ने सर्वाधिक 29 एवं कपिल ने 25 रनों का योगदान दिया। केडीसी ब्लू की तरफ से आदर्श राज ने पांच विकेट ,अखंड एवं दिवाकर ने दो-दो विकेट अपने नाम किये। आज के मैच के मैन ऑफ द मैच शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करने वाले आदर्श राज रहे। निर्णायक की भूमिका गोविंद चौहान एवं प्रदीप गुप्ता ने निभाई । स्कोरर की भूमिका में नीरज मौजूद रहे। केडीसी अकादमी के द्वारा आयोजित इस चैंपियंस लीग में 14 साल से कम उम्र के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें कुल पांच टीमों के बीच यह लीग खेली जा रही है। सभी मुकाबला 50 -50 ओवर के फॉर्मेट पर खेले जा रहे हैं। इस अवसर पर आयुष चित्रांश, मोहित पाठक, अरुण राजपूत, शोएब अब्बासी आदि सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्री काली माता मंदिर पर श्री राम कथा का किया गया आयोजन



**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मनकापुर के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित श्री काली माता मंदिर पर श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। रविवार को नगर में कलश यात्रा निकल गई कलश यात्रा में दर्जनों महिलाओं, बालिकाओं तथा बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा काली माता मंदिर से कोल्ड स्टोर शास्त्री नगर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन होते हुए काली माता मंदिर तक गई। इस दौरान नगर पंचायत मनकापुर के शास्त्री नगर वार्ड सभासद वैभव सिंह, दुर्गेश कसौधन, आर के नारद, श्रवण शर्मा, दिवाकर सिंह, आशीष गुप्ता, अमरदीप, राजदीप, पूजा मनमोहिनी, दिव्या दिव्यदर्शनी, खुशी, माही, बृजभान, लाली तथा अन्य महिलाएं उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य विभाग ने यादव नर्सिंग होम कराया बंद

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला नगर में पंजाब नेशनल बैंक के समीप अवैध रूप से संचालित यादव नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो सके। स्वास्थ्य विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि उक्त नर्सिंग होम बिना पंजीकरण, बिना लाइसेंस और बिना योग्य चिकित्सक के अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। निरीक्षण में यह तथ्य सही पाए जाने पर टीम ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल को बन्द करा दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई अवैध नर्सिंग होम अशिक्षित व अयोग्य व्यक्तियों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

## भगवान श्री चित्रगुप्त मूर्ति स्थापना में उमड़ा कायस्थ समाज



समृद्धि न्यूज

**शहर के श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित किए गए भगवान श्री चित्रगुप्त जी**

**बहराइच।** शहर के नवागढ़ी घसियारीपुरा में रविवार को श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में भगवान श्री चित्रगुप्त भगवान के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल रही वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव रहे। रविवार को चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में कायस्थ समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्थापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी कर्मो का लेखा जोखा रखने वाले है।कायस्थ समाज का इतिहास बहुत पुराना है। कायस्थ समाज के इष्ट देव श्री चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापना से शहर सहित जनपद के कायस्थ जन दर्शन के लिए मन्दिर आएंगे।विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी हम सबके आराध्य है।भगवान श्री चित्रगुप्त जी की नई मूर्ति स्थापना से कायस्थ जनों मे एक नई ऊर्जा का संचार होगा।कार्यक्रम संयोजक द्वय गौरव वर्मा एवं अभिनव श्रीवास्तव ने आये हुए गणमान्य जनों को पटका पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया।इस दौरान पूर्व सभासद संतोष श्रीवास्तव, देवेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, कुलदीप सिन्हा, सचिन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव,शशांक सिन्हा, मुरारी श्रीवास्तव, जय प्रकाश सक्सेना, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, दीपू श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, लव निगम, केशरी नाथ श्रीवास्तव, अनिमेष श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव, लोकेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अकलू श्रीवास्तव, रीति मुरारी, हेमा निगम,मंजू श्रीवास्तव, गीतिका नाथ श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पदयात्रा

**बहराइच।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक सद्भावना एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस 8 किलोमीटर लंबी यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह और पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया। यह पदयात्रा पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के हुजूर ब्लॉक में पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह संचित के भगड़वा बाजार स्थित प्रतिष्ठान से शुरू हुई। यह लालपुर आइमा चिरैयाटांड़ और खरगापुर होते हुए हुजूरपुर स्थित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत और भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा और कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया। पदयात्रा में ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा सुरेश प्रताप सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख समय प्रसाद मिश्रा, विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक आदि शामिल रहे।

# पत्नी की मौत के सदमे में पति ने दी जान, 15 घंटे में दो मौतें

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के परसा गांव में शनिवार शाम पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद पत्नी बिट्टन ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने पति पप्पू पर हत्या का आरोप लगाया। नानपारा पुलिस ने देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार सुबह मृतका के पति पप्पू का शव घर से लगभग एक किलोमीटर दूर एक आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पर फोरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने जांच के बाद शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। 15 घंटे के भीतर पति-पत्नी की मौत से परिजनों में मातम छा गया।मृतक पप्पू के पिता महंगू ने बताया कि शनिवार शाम को पप्पू और बिट्टन के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद बिट्टन



की मौत हो गई थी। बहू के परिजनों ने उनके बेटे पर हत्या का आरोप लगाया था। पप्पू शनिवार रात से ही गायब था और रविवार सुबह करीब 10 बजे उसका शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतका बिट्टन के भाई आलोक ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की शादी करीब आठ साल पहले पप्पू से हुई थी। पप्पू अक्सर दहेज की मांग करता था। आलोक ने कहा कि पप्पू ने उनकी बहन की हत्या की थी, और आज उन्हें पप्पू की मौत की भी जानकारी मिली है। पप्पू मजदूरी का काम करता था। उसकी दो बेटियां हैं, चांदनी (5 वर्ष) और रोशनी (3 वर्ष)। माता-पिता दोनों की मौत के बाद दोनों बेटियां अनाथ हो गई हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती

**ब्लॉक मुख्यालय मिहींपुरवा में आयोजित हुआ समारोह, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** आदिवासी अस्मिता, उपनिवेशवाद के विरोधी, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, स्वायतत्ता और संस्कृति के प्रतीक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती विकास खण्ड मिहींपुरवा के सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी।

समारोह के मुख्य अतिथि मिश्रीख सांसद अशोक रावत ने विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक बलहा सरोज सोनकर, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम थारू ने अंग वस्त्र भेंटकर तथा भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति समाज के बच्चों द्वारा थारू संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। माधवपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद राजभर ने अपनी टीम के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी, आदिवासी अस्मिता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जो त्याग, संघर्ष, और योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय और अतुलनीय है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डा. आनंद गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, बलहा विधायक सरोज सोनकर तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीराम थारू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, जनजाति समाज की महिला नेत्री माधुरी, धनश्याम थारु, केशवराम थारु, श्रवण कुमार, सुरेश कुमार, दीपक चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में जनजाति समाज के लोग तथा काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कौन कहता है कि भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद नहीं है !!

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** आज हम आपको गोंडा के एक ऐसे परिवार के बारे में बता रहे हैं जहां मम्मी पापा और बेटे सब के सब भारतीय जनता पार्टी में है और मम्मी की बात करें तो वह एक्स सांसद भारतीय जनता पार्टी की हैं पापा की बात करें तो वह भी एक्स सांसद भारतीय जनता पार्टी से रह चुके हैं फिर बड़े बेटे की बात करें तो वह सदर विधायक हैं और छोटा बेटा कैसरगंज का सांसद है यूं तो घर में जो छोटा है वह समाज में बड़ा है और घर में जो बड़ा है वह समाज में छोटा है इसका अर्थ यह है की जो विधायक है वह बड़ा है जो सांसद है वह छोटा है अब हम यहां आपको तफसील से बता रहे हैं।

गोंडा में एक घराना है बाहुबली पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का जो भारतीय जनता पार्टी से पूर्व में सांसद कैसरगंज रह चुके हैं उनकी धर्मपत्नी केतकी सिंह वे भी पूर्व में सांसद रह चुकी हैं इसके बाद इनके बड़े बेटे को





भारतीय जनता पार्टी से विधायक का टिकट मिला और 2022 में सदर से विधायक घोषित हुए तत्पश्चात जब संसदीय चुनाव आया उस समय काफी समय तक नेता बृजभूषण शरण सिंह को जब भारतीय जनता पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो भाग दौड़ करके अंतिम समय में उन्होंने अपने छोटे बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिलाया और वह चुनाव जीत कर कैसरगंज से सांसद भी चुन लिए गए ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है क्या राजनीति में वही आ सकते हैं जो राजनीतिक घराने में जन्म ले ? यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में देखा जाए तो उन्होंने यह पद अपने दम पर हासिल किया किंतु आज यदि देखा जाए तो सारा का सारा पद एक ही घराने में मिल जाएगा जहां छोटा भाई सांसद है और बड़ा भाई विधायक।

# महिला आयोग की सदस्य 19 को करेंगी गोंडा का दौरा, जनसुनवाई व विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित

समृद्धि न्यूज

- जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और कारागार का निरीक्षण करेंगी ऋतु शाही
- 19 नवम्बर को गोंडा में महिलाओं की समस्याओं पर होगी विशेष जनसुनवाई
- महिला सुरक्षा व कल्याण व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आयोग सदस्य का एक दिवसीय दौरा

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही आगामी 19 नवम्बर को एक दिवसीय दौरे पर जनपद में आएंगी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उनका यह भ्रमण महिलाओं की समस्याओं के समाधान, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और जिला प्रशासन से समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से निर्धारित किया गया है।

सदस्या ऋतु शाही का आगमन प्रातः 8 बजे गोंडा में होगा। पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले की महिलाएँ अपनी समस्याएँ सीधे आयोग सदस्य के सामने रख सकेंगी। अपराह्न 3 बजे वे जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी। इसके पश्चात शाम 4 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार वे शाम 6 बजे गोंडा से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। आयोग की यह जनसुनवाई जिले की महिलाओं के लिए अपनी समस्याएं सीधे उच्च स्तर पर पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

## पंचायत के बाद घर वापस आ रहे दो पक्ष भिड़े, फौजी सहित तीन घायल, लखनऊ रेफर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाबा पुरवा कोयली जंगल ग्राम में पंचायत के बाद घर लौट रहे रिटायर्ड फौजी आनंद कुमार यादव और उत्तम सिंह आपस में भिड़ गए और जमकर लाठी डंडा फरसा चलाया जिस में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज रेफर किया गया।फौजी की हालत गम्भीर होने पर उस को लखनऊ के लिए रेफर किया गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाबा पुरवा ग्राम में रविवार के दिन रिटायर्ड फौजी 51 वर्षीय आनंद कुमार यादव पुत्र गंगा राम यादव उस का चचेरा भाई 36 वर्षीय मदन लाल यादव पुत्र तुलसी राम यादव 40 वर्षीय दशरथ यादव पुत्र श्याम लाल यादव दूसरे पक्ष के उत्तम सिंह राजेश सिंह गांव के ही नहर के पास ही लाठी डंडा धारदार हथियार से हमला कर दिया जिस में रिटायर्ड फौजी आनंद कुमार यादव की हालत खराब होने पर उस को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। मदन लाल और दशरथ यादव को घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। थोड़ी देर इलाज चलने के बाद दोनों की हालत में कोई सुधार न होने पर परिजन निजी नर्सिंग होम में लेकर चले गए।

# प्रशासनिक लापरवाही से जनपद के 8000 बेसिक शिक्षकों के वेतन पर लगा ग्रहण



फाइल फोटो

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोंडा।** जनपद से एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें 8000 बेसिक शिक्षकों के वेतन 16 दिन बाद भी नहीं दिला पा रहा है जिला प्रशासन खास वजह तो यह है की बेसिक शिक्षा विभाग के पास अपना कोई वित्त एवं लेखा अधिकारी नहीं है जो चार्ज पर थे वह बीमारी के कारण लंबे अवकाश पर चले गए हैं।

दूसरा कोई लेखा अधिकारी इस विभाग का चार्ज लेना ही नहीं चाह रहा है, क्योंकि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा लेखा अधिकारी का चार्ज एफसीआई विभाग के लेखा अधिकारी राजीव राय को कमान सौंपने की कोशिश की गई थी उनके पास कई विभागों के चार्ज होने के

**आज 16 तारीख हो गई है वेतन न मिलने के कारण तमाम शिक्षकों के ई एम आई बाउंस हो रहे हैं यदि प्रशासन शीघ्र व्यवस्था नहीं करता है तो आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे शिक्षक : आनंद त्रिपाठी**

कारण उन्होंने मना कर दिया ऐसे में जब हमारी बात प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी से हुई तो उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह में एक से चार या पांच तारीख के बीच में वेतन मिल जाता था किंतु इस बार 16 दिन बीत गए और वेतन अभी तक नहीं मिल पाया है ऐसे में तमाम शिक्षकों के बैंकों की किस्त बाधित हो रही है इस प्रकार शे डिफाल्टर हो रहे हैं और यदि प्रशासन इस पर जल्द ही कोई निर्णय नहीं लेता है तो हमारे पास आंदोलन के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचेगा ।

## जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुआ बहू-बेटी सम्मेलन

**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन व जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को सशक्त किया गया। जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के थाना कोतवाली नगर, दरगाह शरीफ, मोतीपुर, कोतवाली देहात, महिला थाना, कोतवाली नानपारा, रिसिया, हरदी, जरवल रोड़, मुर्तिहा, कैसरगंज, हुजूरपुर, सुजौली, जनपदीय एंटी रोमियो टीम व अन्य थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई।

**संकल्प** — एक किमी तक जागरूकता को लेकर दौड़ का आयोजन, सीएमओ सहित भारी संख्या में लोगों ने लिया भाग

# गोंडा में रन फॉर डायबिटीज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**डायबिटीज मुक्त भारत के लिए लिया संकल्प**

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** जिले में आज रेडबिन हेल्थ केयर और अभिलाषा फाउंडेशन द्वारा रन फॉर डायबिटीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां गोंडा के गुरु नानक चौराहे से 1 किलोमीटर लंबी दौड़ और जागरूकता रैली को गोंडा सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर के रवाना किया गया।

खुद इस दौड़ और जागरूकता कार्यक्रम में गोंडा सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा शामिल हुई और 1 किलोमीटर तक दौड़ते हुए इस कार्यक्रम में डायबिटीज को लेकर जागरूक करते हुए भी गोंडा के गांधी पार्क पहुंची। जहां पर इस कार्यक्रम का समापन किया गया है भारी संख्या



में मौजूद लोगों को डायबिटीज मुक्त भारत बनाने के लिए जागरुक करते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई है। डॉ रश्मि वर्मा ने लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि यह बीमारियां हमारे पास हमारे खान-पान के कारण और परिवार में अगर किसी को होता है तो उसके कारण भी लोगों को होती है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए अपने स्वास्थ्य पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जिसको भी यह बीमारी हो जाए वह खान-पान पर अपने विशेष रूप से ध्यान दें परहेज करें ताकि उन्हें और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वही रेडबिन हेल्थ केयर के संचालक डॉक्टर आशुतोष मिश्रा और सर्वेश मिश्रा ने कहा कि रन फॉर डायबिटीज कार्यक्रम का आयोजन सिर्फ इसलिए किया गया था ताकि लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके भारी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। सभी लोगों को शपथ दिलाई गई है सभी लोगों ने एक दूसरे को जागरूक करने के लिए यहां पर शपथ ली है हम लोगों का सिर्फ उद्देश्य ही है कि जितना लोग जागरूक होंगे उतनी ही ज्यादा लोग इस बीमारी से दूर रहेंगे। विशेष रूप से लोग अपने खान-पान पर और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें ताकि इस बीमारी से लोग बचे रहे हैं। गोंडा के प्रतिष्ठित डॉक्टर ओ एन पांडे ने बताया कि लगातार यह बीमारियां पूरे भारत में बढ़ रही है इसके रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक होने की बहुत ही आवश्यकता है अगर लोग जागरुक नहीं होंगे तो आने वाले दिनों में स्थिति काफी खराब होगी। यह बीमारी अगर किसी के अंदर हो जाती है तो अन्य बीमारियां भी उसे व्यक्ति के अंदर आ जाती है फिर उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में लाभान्वित हुए 190142 रोगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा 2 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 227वां मेला आज पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया।

मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जांच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है। आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आगन्तुकों रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया।



**मेले में 14698 फीवर केसेज आये। डेंगू के 1903 टेस्ट किये गये, जिसमें 00 मरीज धनात्मक पाये गये। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 216 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 00 कोविड के लिए धनात्मक पाये गए**

जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया।

शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानि एवं गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया। संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया।

इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को निःशुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी बनाकर वितरित किये गये। 227वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में 190142 रोगी 79532 पुरुष 80205 महिलाये 30405 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1365 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3453 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये।

मेले में 5159 चिकित्सक तथा 15414 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2509 आईसीडीएस स्टाफने सेवायें दीं। आज के मेले में 14698 फीवर केसेज आये। डेंगू के 1903 टेस्ट किये गये, जिसमें 00 मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 216 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 00 कोविड के लिए धनात्मक पाये गये। मेलों में अब तक 141443044 रोगी लाभान्वित हुये, 364847 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1966595 गोल्डेन कार्ड बने।

# मदरसा बोर्ड में कथित नियुक्ति घोटाले का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा, जांच की उठी मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी मदरसा शिक्षा परिषद में कथित नियुक्ति घोटाले को लेकर अब मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। बाराबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता तलहा अंसारी ने आयोग को एक विस्तृत पत्र भेजकर रजिस्ट्रार आरपी सिंह के कार्यकाल में हुई नियुक्तियों, स्थानांतरणों और वित्तीय अनुमोदनों में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं की जांच की मांग की है।

अंसारी ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि अप्रैल और मई 2025 के बीच मुख्यमंत्री कार्यालय से नियुक्तियों पर

**▸ 23 नियुक्तियां प्रतिबंध की अवधि में व 17 नियुक्तियां उसके ठीक पहले की गईं**

रोक लगाए जाने के बावजूद मदरसा बोर्ड ने कुल 40 नियुक्तियां पर वित्तीय सहमति प्रदान की। इनमें से 23 नियुक्तियां प्रतिबंध की अवधि में और 17 नियुक्तियां उसके ठीक पहले की गईं। इतना ही नहीं, छह नियुक्तियां पर मंजूरी देने के बाद आदेशों को गुपचुप ढंग से वापस भी ले लिया गया। अंसारी ने दावा किया है कि रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने अपने पद का खुला दुरुपयोग करते हुए अपने ही रिश्तेदारों को मदरसों में नौकरी दिलाई। आरोपों के अनुसार, मदरसा जामिया अरबिया इमदादुल उलूम, बाराबंकी में उनके रिश्तेदार मानवेंद्र बहादुर सिंह, मदरसा आलिया मिस्बाहुल उलूम, सब्जी मंडी, प्रयागराज में यशवंत सिंह, और मदरसा चश्मे हयात, रेहटी (जौनपुर) में उनकी भतीजी काजल सिंह की नियुक्तियाँ कराई गईं- और इन पर अनुमोदन आदेशों पर खुद श्री सिंह ने बतौर रजिस्ट्रार दस्तखत किए। पत्र में कहा गया है कि मदरसा परिषद के रजिस्ट्रार ने नियुक्ति प्रक्रिया को बैकडेट में पूरा कराते हुए फर्जी अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित दिखाए, डाक रसीदें बाद में लगाईं।

## खबरें एक नजर में

### महासमिति ने वीरांगना ऊदा देवी को याद किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा के नेतृत्व में वीरांगना उदा देवी के शहीदी दिवस के अवसर पर सिकंदर बाद चौराहा पर स्थापित प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर देश की आजादी में योगदान के लिए याद किया गया। देश वीरांगना उदा देवी को कभी भूल नहीं पाएगा। उन्होंने देश के लिए अंग्रेजों से लड़ते 36 अंग्रेजों को मार गिराते हुए अपनी जान न्योछावर कर दिया ।उनके शहीद दिवस पर इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के सदस्यों ने वीरांगना ऊदा देवी अमर रहे के नारे लगाए और याद किया। याद करने वालों में कैलाश जैन, हिमांशु शेखर पांडे, महेश वाल्मीकि, आर उमराव, सुनीता श्रीवास्तव एवं अजय कुमार धानुक शामिल रहे।

### डायबिटीज जागरूकता के लिए छह हजार ने लगाई दौड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह आओ चलें 4.0 वॉकथॉन का आयोजन हुआ। इसमें करीब 6 हजार से ज्यादा लोगों ने शिरकत किया। मधुमेह से लड़ें थीम पर आधारित इस इवेंट में बड़ी संख्या में लोग फिटनेस को लेकर अवेयरनेस बढ़ाते दिखे। शहर के एलडीए कॉलोनी स्थिति अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल की तरफसे इसका आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ यूपीनेडा के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने किया। सुबह 6 बजे शुरू हुए इस आयोजन की शुरुआत जुम्बा और वॉर्म-अप सत्र से हुई, जिसमें हर उम्र के प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। इसके बाद हेल्थ वॉक और स्पोर्ट्स बाइक राइड के जरिए प्रतिभागियों ने मधुमेह नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। डॉ. अभिषेक यादव ने कहा कि स्वस्थ लिवर हमारे शरीर की ऊर्जा और मेटाबॉलिज्म का केंद्र है। डायबिटीज जैसी लाइफस्टाइल बीमारियां लिवर पर सीधा असर डालती हैं, इसलिए नियमित व्यायाम और संतुलित खानपान न सिर्फ शुगर कंट्रोल के लिए बल्कि लिवर को स्वस्थ रखने के लिए भी बेहद जरूरी है।

### मुल्क भर में एसआईआर अभियान की तैयारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्त्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) के संबंध में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मुलाकात थी। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने और मुल्क भर में एसआईआर की योजना को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड को हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसलिए, मैं सभी राजनीतिक और सामाजिक संगठनों, खासकर जो कंप्यूटर चलाते हैं या ऑनलाइन फॉर्म भरने का ज्ञान रखते हैं, से अपील हैकि वे इस मामले को गंभीरता से लें और परेशान लोगों की मदद करें। बिहार चुनाव पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन की हार एसआईआर का मुद्दा नहीं है, बल्कि हारने वाली पार्टियों को खुद सोचना होगा कि वे कहाँ चूक कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, चुनाव लड़ने के लिए कई छोटी-छोटी पार्टियाँ खड़ी हो जाती, जिनका मकसद कम जीतना नहीं, बल्कि हराना जियादा होता है।

### दिव्य कला मेले का केंद्रीय मंत्री करेंगे शुभारंभ, 60 स्टॉल सजे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस में रविवार को दिव्य कला मेले के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने इसका औपचारिक शुभारंभ करेंगे। रविवार शाम साढ़े 5 बजे कार्यक्रम का आगाज होगा। 9 दिन तक चलने वाले इस मेले का शनिवार को आगाज हुआ था। दिव्यांग बच्चों की शिल्प, कला और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी के 60 स्टॉल इस मेले में सजाए गए हैं। मेला रोज सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा।

### पीपुल्स जस्टिस पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीपुल्स जस्टिस पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पार्टी ने अपने पाँच वर्ष पूरे होने पर धन्यवाद अदा करते हुए न केवल अपने कार्य/संघर्ष और उपलब्धियों पर बात की बल्कि अपनी कमियों और मजबूती को लेकर खुले आम चर्चा की गई है। कार्यक्रम में पार्टी ने घोषणा की कि आने वाले समय में और अधिक मजबूत, प्रभावी, क्रांतिकारी, भावनात्मक और जनदृआधारित तरीके से जनता की सेवा जारी रखेगी। पार्टी ने इत्तेहाद अमन इकदाम के साथ आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया और स्पष्ट कहा कि मिशन 2027 में लक्ष्य 150 सीटें हैं। पार्टी ने औपचारिक रूप से घोषित किया कि चुनाव 2027 में 150 सीटों के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत और निर्णायक भूमिका निभाई जाएगी। इस अवसर पर कई लोगों ने जो अन्य दलों को छोड़कर पीपुल्स जस्टिस पार्टी की सदस्यता और नेतृत्व पर भरोसा जताया है। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राशिद जमील खान ने कहा कि हम इत्तेहाद, अमन और सामूहिक कदम के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हर पदाधिकारी और हर कार्यकर्ता मिशन 2027 की तैयारी पूरी ताकत से करे।

### इप्सेफ का प्रतिनिधिमंडल रक्षा मंत्री से मिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सांसद राजनाथ सिंह  रक्षा मंत्री भारत सरकार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शशि कुमार मिश्रा, सुरेश रावत उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा, संजय शुक्ला, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार मिश्रा, घनश्याम यादव आदि शामिल थे। बीपी मिश्रा ने रक्षा मंत्री को पत्र देकर अवगत कराया की आठवें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन में पेंशन वृद्धि एवं महंगाई राहत देने का जिक्र नहीं है। इसके साथ ही पुरानी पेंशन बहाली एवं आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित करने एवं पारिश्रमिक बढ़ाने तथा सेवा सुरक्षा एवं इपीएफलागू करने पर निर्णय किया जाना है।

### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कहा

# एसआईआर को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) का नाम लिए बगैर इशारों में हमला करते हुए कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू होने के बाद 'लठैतवादी दलों में जो घबराहट दिख रही है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है।

केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए



कहा कि 'लठैतवादी दलों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) से डरना अच्छी बात है। अभी तक ऐसे दल लाठियों के बल पर अपनी राजनीति चमकाते थे। लेकिन एसआईआर जैसे नेक कार्य के बाद ऐसे दलों की राजनीति पर हमेशा के लिए विराम लग जाएगा। गौरतलब है कि एसआईआर को लेकर एक दिन पूर्व बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वह अब देश के अन्य राज्यों में दोहराया नहीं जा सकेगा। उन्होंने दावा किया कि इस साजिश का भंडाफोड़ हो चुका है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सहित किसी भी राज्य में भाजपा ऐसी रणनीति लागू नहीं कर पाएगी। यादव ने इसे''पीपीटीवी (पीडीए प्रहरी टीवी)'श्बताते हुए कहा कि जैसे सीसीटीवी हर गतिविधि को रिकॉर्ड करता है, वैसे ही पीडीए प्रहरी बूथ से लेकर मतगणना तक हर स्तर पर सतर्क रहकर लोकतंत्र की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा,''भाजपा दल नहीं, छल है। लेकिन अब छल की राजनीति सफल नहीं होगी।'

### ग्राम चौपालों में 5 लाख 78 हजार से अधिक समस्याओं का समाधान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है ।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष फोकस है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। शुक्रवार को प्रदेश की 1303 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3204 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3026 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5456 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### उत्तराखण्ड महोत्सव में शामिल हुए सीएम योगी व केन्द्रीय मंत्री शेखावत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती तट पर लगे उत्तराखण्ड महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का गौरव है। उत्तर प्रदेश ने ही स्व.हेमवतीनंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी को जन्म दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि व देवभूमि पर गौरव होना चाहिए। भक्ति व शक्ति का समन्वय उत्तराखण्ड में है। सोना उगलने वाली धरती है उत्तराखंड। जनरल बिपिन रावत व देश के पहले सीडीएस वीर भूमि व देवभूमि उत्तराखण्ड की देन है।

# राजधानी में दौड़ीं विश्वयुद्ध से पहले की बाइक-कारें, एक्ट्रेस आशा पारेख की कार भी आई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सड़क पर अलग ही रौनक देखने को मिली। 40 विंटेज कार और 5 विंटेज बाइक दौड़ीं तो देखने वालों की भीड़ लग गई। लोगों ने बाइक-कारों के साथ सेल्फी ली। यह रैली ट्रैफिक अवेयरनेस के लिए निकाली गई। इसमें एक्टर आशा पारेख की कार भी नजर आई।

इसके अलावा, द्वितीय विश्व युद्ध के पहले की कार-बाइकें शामिल हुई। 104 साल पुरानी की बेबी ऑस्टिन और 1927 की फोर्ड का जलवा देखने को मिला। रैली हजरतगंज चौराहे से शुरू होकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खत्म हुई। गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। विंटेज कार रैली का यह एडिशन काफी शानदार है। यह कम्युनिटी काफी वाइब्रेंट है। इन गाड़ियों को काफी अच्छे तरीके से बनाया गया। इनके मेंटेनेंस में पैसा और मेहनत लगती है। इसके बाद भी यह गाड़ियां अच्छी कंडीशन में हैं। इन लोगों ने अपने पैशन को लोगों के सामने रखा है। रैली से रोड सेफ्टी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। विंटेज कार के शौकीन अब्दुल हफीज ने कहा, मेरे पास 1927 मॉडल की फोर्ड कार है। फोर्ड आज भी मस्त चलती है। अनुज राजपूत ने बताया, उनके बड़े पिता ने फिल्म अभिनेत्री आशा पारेख से यह विंटेज कार खरीदी थी।

# बिजली कम्पनियों पर उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ रुपए बकाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली दरों के नए ऐलान में लगातार देरी के बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश सरकार और विद्युत नियामक आयोग से उपभोक्ताओं को राहत देने की  मांग की है।

परिषद का कहना है कि वर्तमान में उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड़ रुपये का सरप्लस निकल रहा है, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। इस वर्ष भी उपभोक्ताओं का 4000 करोड़ से ऊपर का सर प्लस निकलना तय है। इस आधार पर कानून के तहत उत्तर प्रदेश में बिजली दरो में कोई भी बढ़ोतरी नहीं हो सकती।परिषद ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इतने बड़े सरप्लस के आधार पर



अगले 5 वर्षो तक बिजली दरों में कम से कम 8 प्रतिशत की कटौती की जाए। क्योंकि एक साथ 40 प्रतिशत की बिजली घरों में कमी पावर कॉरपोरेशन बहन नहीं कर पाएगा। उपभोक्ता परिषद ने यह भी कहा है कि प्रदेश सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि बिहार में 1 अगस्त 2025 से 1 करोड़ 67 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली फ्री प्रदान की जा रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में भी उपभोक्ताओं के सरप्लस का लाभ सीधे जनता तक पहुँचना चाहिए और बिजली दरों में कमी की घोषणा की जानी चाहिए। परिषद ने याद दिलाया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने छोटे घरेलू एवं कमर्शियल उपभोक्ताओं को मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट दी है। अब समय आ गया है कि नियमित रूप से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को भी दरों में कमी करके राहत प्रदान की जाए।

### बिजली कर्मचारी व इंजीनियर 30 जनवरी को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि यदि उप्र सरकार निजीकरण की प्रक्रिया को रोकती नहीं है और निजीकरण के लिए लाए गए ड्राफ्ट  बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 को केंद्र सरकार तत्काल वापस नहीं लेती है, तो देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर आगामी 30 जनवरी को राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली आयोजित करेंगे। इसके साथ ही देशभर के बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में संघर्षरत उप्र के बिजली कर्मियों का पूरी तरह साथ देंगे और इस हेतु देशव्यापी आन्दोलन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि  बिजली कर्मियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एन सी सी ओ ई ई ई) ने किसान और सामान्य उपभोक्ता संगठनों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाकर बिजली के निजीकरण और बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के खिलाफदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है।

# विपक्ष के पास परिवार है, नेता व नीति नहीं, इसलिए फेल

**▸ आरएलडी के अधिवेशन में जयंत चौधरी फिर चुने गये राष्ट्रीय अध्यक्ष**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

चौधरी जयंत सिंह ने कहा, मथुरा के लोगों ने मुझे पहली बार सांसद चुनकर भेजा। आपका प्यार मैं कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा, आज मुझे तीन साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। हम एनडीए के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज विपक्ष के पास परिवार है, नेता और नीति नहीं है, इसलिए विपक्ष फेल





है। राष्ट्रीय लोकदल के सक्रिय सदस्य बने और चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ाएं। गांव, किसान, गरीब की चर्चा होना ही रालोद की जीत है।रालोद के नेताओं को महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को शीघ्र आरक्षण का लाभ मिलेगा।पार्टी का विस्तार जरूरी है, आप सभी सहयोग करें। छाता की चीनी मिल बंद पड़ी है, जो हर हाल में चलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने गन्ने का भाव 400 रुपये किया है, हम मिल को फिर से चलवाएंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा स्वतंत्रता सेनानी  चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पर देश भर में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर सवा करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि मथुरा की पावन-पौराणिक भूमि पर राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 का सफल आयोजन हुआ। अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने में योगदान देने वाले रालोद के सदस्यों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनमानस के प्रति पार्टी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती है। यह अधिवेशन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। किसानों को केंद्र में रखते हुए आर्थिक प्रस्ताव पारित किया गया, युवाओं और महिलाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामाजिक प्रस्ताव पर सहमति बनी, तथा वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका को समझते हुए राजनीतिक प्रस्ताव स्वीकार किया गया। रालोद समाज के हर वर्ग, वंचितजन, किसान और मजदूर की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### वक्फ रेजिस्ट्रेशन कैंप लगा, छोटा इमामबाड़ा में लोगों की लगी भीड़

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को उम्मीद पोर्टल रेजिस्ट्रेशन कैम्प लगाया गया। शिया धर्म गुरु मौलाना सैफ अब्बास के नेतृत्व में छोटे इमाम बाड़ा में कैम्प आयोजित हुआ। कैम्प में वक्फ संपत्तियों से जुड़े हुए लोग और मुतावल्लियों ने हिस्सा लिया। मौलाना सैफने लोगों से इसके प्रति जागरूक होने की बात कही । साथ ही तारीख बढ़ाने की मांग किया। मौलाना ने कहा कि वक्फ रेजिस्ट्रेशन के लिए इस प्रकार के कैम्प बेहद जरूरी है। सबकी जिम्मेदारी है कि अपने वक्फ संपत्तियों का रेजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करवाएं। उन्होंने कहा कि तारीख बढ़ाने से अधिक लोग इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से जुड़ सकें और अपनी वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत करा सकेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने सीएम योगी से की भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# संभल का समग्र विकास प्राथमिकता : योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जनपद संभल का समग्र विकास प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। सीएम योगी ने विस्तृत समीक्षा बैठक में जिले के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और विभागीय प्रगति की गहन समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि संभल का समग्र विकास सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में है, जिसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पहले चरण में जनपद के प्राचीन तीर्थों और कूपों का पुनरुद्धार तेजी से किया जाए। उन्होंने बताया कि संभल में 68 तीर्थ और 19 कूप दर्ज हैं, जिनके जीर्णोद्धार और पहचान के लिए कार्य



तेज गति से होना चाहिए। दूसरे चरण में म्यूजियम, लाइट एंड साउंड शो और अन्य सांस्कृतिक परियोजनाओं पर फोकस किया जाएगा, जिससे संभल की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान मिले। उन्होंने जनपद न्यायालय, कारागार और पीएसी की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। इंटीग्रेटेड कॉम्पलेक्स भवन में सभी विभागों के कार्यालय स्थापित किए जाने की योजना पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए 93 प्रतिशत भूमि क्रय कर ली गई है, जिस पर मुख्यमंत्री ने डीपीआर जल्द तैयार करने और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। मुख्यमंत्री ने 24 कोसी परिक्रमा मार्ग, प्रमुख तीर्थ स्थलों के पास सड़क निर्माण एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा। महिष्मती नदी के पुनरुद्धार की समीक्षा करते हुए उन्होंने जोर दिया कि नदियाँ जीवनदायिनी हैं और नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत महिष्मती नदी का पुनर्जीवन तेजी से कराया जाए। उन्होंने नगर विकास विभाग की वंदन योजना, वैश्विक नगरोदय योजना, अंत्येष्टि स्थल विकास योजना, नगरीय जल विकास योजना, तालाबध्योखर विकास योजना तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति जानी और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

**पुनरीक्षण अभियान** — मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरुकता का व्यापक अभियान

# पात्र मतदाता छूटें न और बोगस सूची में शामिल न रहने पाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पूरी गहनता के साथ जुटकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है तथा बोगस नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम भी करना है।

मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम चल रहा है, हमें गांव, गली, शहर में हर बूथ, हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंचना है। धर्मपाल सिंह सहारनपुर में बीएलए-1 एवं मंडल



अध्यक्षों तथा मानिटरिंग टीम को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है। भाजपा कार्यकर्ता इस कार्य में जुटें। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से छूट न जाए और कोई भी बोगस नाम मतदाता सूची में शामिल ना रह पाए,इस दोहरी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिला एवं विधानसभा स्तर पर वॉररूम तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश स्तर पर बने वॉर रूम से तकनीकी रूप से से जुड़े रहेंगे। संगठनात्मक तालमेल और तकनीकी की सतत् निगरानी से अभियान को जन जन का अभियान बनाना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 तथा बूथ स्तर पर बीएलए-2 को आपसी सामंजस्य और सहयोग के साथ काम करना है। बीएलए-1 तथा बीएलए-2 के साथ बूथ प्रवासी भी नियुक्त किए गए है। तीनों ही मिलकर कार्य विभाजन करते हुए कार्य करें और बूथ अध्यक्ष को भी साथ लेकर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करें। सभी मिलकर बूथ स्तर पर सत्यापन, संपर्क और सूचनाओं के आदान प्रदान का महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। इस व्यवस्था से अभियान को गति भी मिलेगी तथा विश्वसनीयता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस अभियान में अपने सक्रिय सहयोग और भागीदारी को सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची पूर्णतः प्रमाणित, सत्यापित और त्रुटिहीन तैयार हो सके। प्रमाणित मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है।

# 21 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा का शुभारम्भ 18 से

**यज्ञशाला व विशाल पांडाल का निर्माण कार्य हुआ पूरा**
**परम पावन नैमिशारण्य धाम के संत प्रवर गोविंदाचार्य महाराज भगवान श्रीराम की भव्य कथा का 18 नवंबर से गुणगान करेंगे**



समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर में श्री राम कथा महायज्ञ सेवा समिति के आयोजकत्व में होने वाले 21 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा की तैयारी पूरी कर ली गई है। 18 से 26 नवंबर तक हाइवे स्थित बिजली उपकेंद्र के समीप कार्यक्रम स्थल पर यज्ञशाला व विशाल पंडाल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ।

रविवार को समिति सदस्यों ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि परम पावन नैमिशारण्य धाम के संत प्रवर गोविंदाचार्य महाराज भगवान श्रीराम की भव्य कथा का 18 नवंबर से गुणगान करेंगे । मंगलवार को प्रातः आठ बजे नगर के घोड़ी वाले बाबा मंदिर से कलश यात्रा शुरू होकर पांडाल पहुंचेगी । तदोपरांत विद्वान यग्याचार्यों के सानिध्य में 21 कुण्डीय महायज्ञ शुरू होगा । प्रतिदिन प्रातः 8 बजे दोपहर एक बजे तक महायज्ञ तथा सायं पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक श्रीराम कथा होगी । जिसमें नगर व सुदुरबर्ती क्षेत्रों के यजमान आहुतियां देंगे। समिति सदस्य पालिका सभासद समाजसेवी राधारमण मिश्रा बंदनू पंडित ने बताया कि जो भी भक्त यज्ञ में यजमान बनना चाहे वह समिति में अपने नाम दर्ज करवा दें । और यज्ञ में पुरुष धोती कुर्ता व महिलाएं पीली साड़ी में ही प्रतिभाग कर सकेंगी। वार्ता में समिति के सदस्य डॉ प्रमोद मिश्रा, राधारमन मिश्रा, पंकज सक्सेना, नीरज सिंह, श्याम गर्ग, सुनील सैनी, संजय मिश्रा एडवोकेट, विवेक सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामसिंह यादव आदि शामिल रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने में लापरवाही



समृद्धि न्यूज़

**सिंधौली,शाहजहांपुर ।** जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही के कारण परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। ब्लॉक सिंधौली के गांव बवरा में बीच सड़क पर महीनो से फूटी पाइपलाइन जिससे सड़क पर वह रहा पानी आने-जाने वाले राजगीरों को हो रही खासी दिक्कत ग्रामीणों ने संबंध में जल जीवन मिशन के एक्शन से बात की उन्होंने सिर्फ आश्वासन ही दिया ।समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे जीवन रूपी नीर नालियों में बह रहा ग्रामीणों की मांग है कि यदि इस लाइन को सही नहीं किया गया तो ब्लॉक सिंधौली में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की पचराहा की इकाई का हुआ गठन



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की बहादुरगंज पचराहा की इकाई का गठन जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा सराफ एवं महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नाथ शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। मीटिंग का संचालन वरिष्ठ जिला महामंत्री रमेश चंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री अनीस खान किया। आभार युवा जिला अध्यक्ष अनवार ने व्यक्त किया। जिसमें निम्न व्यापारी पदाधिकारी बने मोहम्मद आलम को इकाई का अध्यक्ष बनाया गया पंकज वर्मा को महानगर उपाध्यक्ष मुदित को कंप्यूटर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया। रेहान खान उपाध्यक्ष, विक्की को कोषाध्यक्ष, नोमान जिला मंत्री तनवीर खान, इमरान अली, दीपक कश्यप, मोहित वर्मा, जफर अहमद, जीशान जावेद, इलियास कुरैशी, वाली उल्लाह सहित दर्जनों व्यापारियों ने आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ली।

## खबरें एक नजर में

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक ने बच्चों के लिए किया शानदार आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पुवायां के हरे राम पक्का तालाब स्थिति परिसर में होम ट्यूशन टीचर आलोक अवस्थी द्वारा बाल दिवस मेला धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विविध क्रियाएँ एवं खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार स्वरूप खिलौने देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों में नई ऊर्जा एवं उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर बैडमिंटन, शतरंज, कैरम आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समृद्धि अग्रवाल, साध्या अग्रवाल, उन्नति, अदिति तिवारी, आर्या अवस्थी, आकृति पांडेय आदि बच्चे उपस्थिति रहे। अभिभावकों ने अध्यापक आलोक अवस्थी के इस कार्यक्रम की सराहना की।

### प्रकाश पर्व पर नगर में निकली भव्य कीर्तन शोभायात्रा

**सिख संगत की गतका पार्टी ने दिखाई हैरतअंगेज कारनामे**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में गुरुद्वारा से सिख संगत द्वारा भव्य कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में गतका पार्टी के कारनामे देखकर लोग अचंभित हो उठे। रविवार को अपरान्ह तीन बजे नगर के मोहल्ला बहादुरगंज स्थित गुरुद्वारे से सिख समाज के लोगों ने नगर में भव्य कीर्तन शोभायात्रा निकाली ।यात्रा में शामिल गतका पार्टी के लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज कारनामे देखकर नगरवासी अचंभित हो उठे । इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गुंजायमान हो गया ।बहादुरगंज से शुरू होकर नगर कीर्तन बाईपास चौराहे से होते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों व मुख्य मार्गो से गुजरती हुई देर शाम गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई । इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल सिख संगत द्वारा राहगीर दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया। गौरतलब है कि वर्ष में एक बार सिख समाज के द्वारा बहादुरगंज गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली जाती है ।कीर्तन यात्रा में इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के साथ ही सिख समाज सहित सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कीर्तन यात्रा मार्ग पर मुस्तैद नजर आए।

### सावन कृपाल रूहानी मिशन में सत्संग और ध्यान कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में 16 नवंबर को प्रातः 9 से 10 बजे तक ऑडियो सत्संग एवं ध्यान अभ्यास का कार्यक्रम रहा। तत्पश्चात 10 बजे से 11 बजे तक संत राजेंद्र सिंह जी महाराज का वीडियो सत्संग चला। इस अवसर पर शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर से डॉक्टर राधिका के सानिध्य में एक टीम कृपाल आश्रम पहुंची जिसमें स्वाति, विकास कुमार, इक लाख, नितेश शुक्ला तथा संघ प्रिय वर्मा सम्मिलित थे। पूरी टीम का आश्रम के सेक्रेटरी डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी उपाध्यक्ष हरपाल वर्मा अनिल अग्रवाल रामकुमारमौर्य तथा प्रेम सेठी ने स्वागत किया। संगत को संबोधित करते हुए डॉक्टर रस्तोगी जी ने कहा नेत्र जीवन का अभिन्न अंग है नेत्रहीन जीवन व्यर्थ है। परम पूजनीय संत राजेंद्र सिंह जी महाराज के आशीर्वाद से पीड़ित मानवता की भलाई के लिए प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर 125 मरीजों का परीक्षण किया गया जिनमें से 46 लोगों को मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन के लिए बस के द्वारा कानपुर भेजा गया। यह ऑपरेशन पूर्णता निशुल्क है । कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र कौर, प्रदीप कुमार गुप्ता, विजय शर्मा ,संजीव, प्रीति वर्मा, नरेश मेहता ,ओम प्रकाश, विश्व मोहिनी संगीत तिवारी पूनम धवन, निर्मल कौर, गीता वर्मा, विद्यावती, संतोष, आदर्श तिवारी, विनय कुमार, राम प्रसाद,अन्नू सेठी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि में उसकी पुत्री उम्र लगभग 13 वर्ष घर में अंदर सोई हुई थी। तभी किसी समय थाना सिंधौली के गांव कोटाबारी निवासी मदन का पुत्र बांडा अपने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले कर चला गया । सुबह को जब पुत्री बिस्तर पर नही मिली तो आभास हुआ। काफ़ी खोजबीन की कहीं पता नहीं चल सका। उसे पूर्ण विश्वास है कि उक्त आरोपी ही उसकी पुत्री को भगा ले गया ।उसने आरोप लगाया कि आवश्यक कार्य हेतु घर में रखे 50 हजार नगद और सोने के झाले, बिछुआ, हाथ फूल, मांग देवी, पायल पायजेवरी,आदि अपने साथ लेकर गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# पासी समाज शैक्षिक उत्थान सेवा समिति का 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल विधायक चेतराम से मिला

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** पासी समाज शैक्षिक उत्थान सेवा समिति का 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल विधायक चेतराम से मिला और उन्हें दो सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन पत्र में शौर्य त्याग बलिदान की प्रतिमूर्ति शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा बडा में चौराहे पर लगाए जाने और चौराहे का नामकरण उदा देवी के नाम पर करने की मांग की गई है। मांग पत्र सौंपने से पूर्व वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर अपने संबोधन में समिति के सचिव रामनाथ वर्मा ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने 1857 की क्रांति में अंग्रेज सिपाहियों का मुकाबला कर कई सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया था और वीरगति को प्राप्त हुई। हम उनके बलिदान को कभी भूल नहीं सकते। समिति के पदाधिकारियों को विधायक चेतराम ने आश्वासन दिया की मुख्यमंत्री से मिलकर संगमरमर की प्रतिमा बंडा चौराहे पर लगाए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष विश्राम लाल, भार्गव, राम प्रसाद भार्गव, राजकुमार राजवंशी, उपाध्यक्ष लेखा रावत, पार्षद एवं समिति के सह सचिव रूपेश कुमार वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, जितेंद्र कुमार रामदास वर्मा, मंजू लता वर्मा, सरोज वर्मा, रामबख्श वर्मा, विमल कुमार, सर्वेश कुमार, राम औतार डीसी वर्मा राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अपर आयुक्त ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण



**बिचौलियों व दलालों में मची भगदड़**

समृद्धि न्यूज

**पुवायां ।** धान क्रय केंद्रों पर लगातार हो रही धांधली को लेकर बरेली की अपर आयुक्त ने शनिवार की शाम को पुवायां गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्रों पर हावी बिचैलियों व दलालो में भगद? मच गई। जिसके बाद उन्होंने धान खरीद से सम्बंधित दस्तावेजों, स्टॉक व वजन की जांच की। साथ ही क्रय केंद्र प्रभारी को बताया कि क्रय केंद्र पर दलाल नजर आए तो दलालो के साथ साथ आप लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। शनिवार को बरेली मंडल की अपर आयुक्त प्रीति जयसवाल ने देर शाम को क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन अवनीश कुमार मिश्रा व एसडीएम चित्रा निर्बाल आनन फानन मंडी पहुँचे। अपर आयुक्त को देखकर धान क्रय केंद्रों पर अपना कब्जा जमाए बिचौलिए व दलाल भाग निकले। जिसके बाद अपर आयुक्त ने धान खरीद से सम्बंधित दस्तावेजों, वजन, स्टॉक व गुणवत्ता ओर भुगतान प्रकिया समेत तमाम बिंदुओं की जानकारी ली। दस्तावेजों की जांच देर रात तक जारी रही। जिसके बाद रविवार की सुबह दोबारा अपर आयुक्त ने पुवायां मंडी में सभी केंद्रों व एसडीएम के साथ करीब 3 घण्टे तक मीटिंग की। जानकारी के अनुसार धान खरीद में तमाम अनियमिताएं पाई गई है जिसको लेकर बड़ी कार्यवाही की सम्भावना है।

# वर्ल्ड ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ रिलिजन एंड नॉलेज शाहजहाँपुर चैप्टर द्वारा करुणा गतिविधि आयोजित



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** वर्ल्ड ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ रिलिजन एंड नॉलेज (वर्क) शाहजहाँपुर चैप्टर के सदस्य धीरेंद्र मोहन की माताजी गंगा देवी का पिछले माह निधन हो गया था। उनकी स्मृति में वर्क शाहजहाँपुर टीम ने राजकीय बाल गृह पहुँचकर बच्चों के साथ करुणा गतिविधि आयोजित की। टीम ने वहाँ उपस्थित बच्चों को बिस्किट, केक, नमकीन, केला तथा पेंसिलङ्कइरेज़र सेट वितरित किए और उनके साथ समय बिताते हुए ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी बातचीत की। स्वर्गीय गंगा देवी जो असिस्टेंट बेसिक शिक्षा अधिकारी थीं, बच्चों से अत्यंत प्रेम करती थीं और अपने कार्यकाल में बच्चों के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहीं। उनके इसी स्नेह और सेवा-भाव को स्मरण करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस करुणा गतिविधि में

धीरेंद्र मोहन, अनीता मोहन, डॉ अनिल कुमार शाह स्वामी शुकदेवानन्द.ला कॉलेज , रेहान, मुकेश सिंह, परिहार( परामर्शदाता, परिवार न्यायालय ) सहित वर्क संगठन के अन्य साथियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर बच्चों को शिक्षा, जीवन-मूल्य तथा सफलता के लिए प्रेरक संदेश दिए।

# भाकियू राष्ट्रवादी ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**सिंधौली, शाहजहांपुर ।** भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयताबादी ) किसानों की समस्याओं से सम्बंधित निम्नलिखित बिंदुओं को शीघ्र निस्तारण करने हेतु ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में जनपद में आवारा, छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर शीघ्र ही गौशालाओं में भेजा जाए।

ज्ञात हो इस सम्बन्ध में विकास खंड सिंधौली के वीडियो द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। घरेलू कनेक्शन बिजली बिल में दूने - तिगुने बिल धांधली में सुधार किया जाए। चीनी मिल रौजा में किसानों की गन्ने से भरी 25 ट्राली चीनी मिल प्रबंधन द्वारा ये कहकर नहीं तौलीं गई कि पर्ची दूसरी प्रजाति की है और ट्रालियों में गन्ना दूसरी प्रजाति का लोड है। ये प्रकरण जिला गन्ना अधिकारी के भी संज्ञान में है। फिर रात्रि में किसानों से एक हजार रुपए प्रति ट्राली चीनी मिल प्रबंधन द्वारा अवैध वसूली की गई तब जाकर उन किसानों का गन्ना तौला गया। अतः दोषी



कर्मचारी/अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही की जाए। तहसील सदर के परगना जमौर के राजस्व ग्राम खिरिया हीर में दबंग तथा भूमाफिया सुनीता पत्नी धर्मेंद्र व धर्मेन्द्र कुमार पुत्र लाखन निवासी ग्राम खिरिया हीर ने दर्जनों किसानों की तथा गाटा संख्या 598 की सरकारी नदी के किनारे की दो सौ बीघा जमीन को अवैध कब्जा कर सकरकन्द व गेहूं की फसल को बोकर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से कब्जा कर लिया है। अतः दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। थाना रामचन्द्र मिशन अंतर्गत किसान मुनेश्वर दयाल की जमीन को एग्रीमेंट के नाम पर धोखाधड़ी व फर्जी तरीके से बीस लाख रुपए की जमीन को भूमाफिया बहीद खान पुत्र मजीद खान निवासी तारीन ज्वालानगर थाना सदर बाजार ने बैनामा करा लिया है जिसमें थाना प्रभारी रामचन्द्र मिशन को निर्देशित कर कानूनी कार्यवाही करवाई जाए। किसानों को खाद,बीज समय से उपलब्ध कराया जाए। संगठन आपसे आशा करता है कि उक्त बिन्दुओं का जनहित में शीघ्र ही निस्तारण करने की कृपा करें।

# दुर्गा जागरण से पूर्व नगर में निकाली गई शोभायात्रा



समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, ।** रविवार को मोहल्ला खेड़ा में परशुरामपुरी भव्य भगवती दुर्गा जागरण का आयोजन हो रहा है जागरण से पहले नगर में परशुराम मंदिर से पूरे नगर में निकली गई शोभा यात्रा शोभायात्रा में दो अखाड़े के अलावा नन्दी के ऊपर बैठे शिव पार्वती शोभायात्रा मुख्य आकर्षक थी शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई दुर्गा जागरण स्थल पर पहुंची दुर्गा जागरण का आयोजन गुन गुन किन्नर मनसुख राठौर , सुमन शुक्ला। , वेद प्रकाश के द्वारा आयोजन किया जा रहा है दुर्गा जागरण सोनू सितारा एंड दुर्गा जागरण बीसलपुर पार्टी के कलाकारों के द्वारा जिसमें बड़े बड़े गायक आरती शर्मा , अंशुल देवल, उत्तराखंड के द्वारा जागरण में अपनी प्रस्तुति देगे।

# पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बताया कि 2 वर्ष अपनी पुत्री शहरुनिशा की शादी जिला पीलीभीत थाना पूरनपुर निवासी अनीस पुत्र महबूब के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ कि थी। अपनी पुत्री की शादी में अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया। शादी के कुछ दिनों में पुत्री को अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजन उसे शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे।**

समृद्धि न्यूज

**पुवायां।** दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव बड़ागांव निवासी मुन्ने अली ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 2 वर्ष अपनी पुत्री शहरुनिशा की शादी जिला पीलीभीत थाना पूरनपुर निवासी अनीस पुत्र महबूब के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ कि थी। अपनी पुत्री की शादी में अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया। शादी के कुछ दिनों में पुत्री को अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजन उसे शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। अतिरिक्त दहेज में गाड़ी व 2 लाख रुपए की मांग करने लगे। जब उसने अतिरिक्त दहेज लाने से इनकार किया तो उन लोगों ने उसे भूखा प्यासा रखा। उन लोगों के वह अत्याचार सहती रही। जिसके बाद ससुरालीजनों ने 17 दिसम्बर को घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह अपने मायके चली आई। जिसमे बाद पुत्री के पिता ने पति अनीस, मोविना बेगम सास, ननद इशरत, अच्छनी, करनुम, देवर नफीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# सपा की सक्रियता तेज, नीरज मिश्रा बने प्रभारी

**प्रमुख नेताओं संग शुरू हुई रणनीतिक बैठकों की श्रृंखला**
**जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत और क्षेत्र की समझ पार्टी की आगामी रणनीति में अहम भूमिका निभाएगी**
**कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं और पार्टी की रणनीतियों को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए**
**स्थानीय नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह साफ झलक रहा**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** समाजवादी पार्टी में संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर नीरज मिश्रा (विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी) को मिर्जापुरङ्कजलालाबाद क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के तत्काल बाद श्री मिश्रा ने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाते हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलना-जुलना शुरू कर दिया है जलालाबाद पहुंचते ही नीरज मिश्रा ने क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति और संगठन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

बैठकों में बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार और आगामी अभियानों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री नीरज मिश्रा ने कहा कि आगामी चुनावी परिदृश्य में युवा प्रहरी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। नगर अध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव आकाश गुप्ता, केशव वर्मा, गोविंद दीक्षित, दीपक यादव, दीपेंद्र यादव, मनोज यादव और मुकेश यादव अपने-अपने बूथों पर स्ढ्ढक्र अभियान को सफलता की ओर ले जाएंगे और वोटों की रक्षा कर लोकतंत्र को मजबूती देंगे। नीरज मिश्रा की नियुक्ति के साथ ही क्षेत्र में सपा की गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है। स्थानीय नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह साफ झलक रहा है। बैठकों के दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं और पार्टी की रणनीतियों को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, प्रभारी की सक्रियता से जलालाबाद और आसपास के क्षेत्रों में सपा के संगठन को नई मजबूती मिलेगी। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत और क्षेत्र की समझ पार्टी की आगामी रणनीति में अहम भूमिका निभाएगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव, जिला पंचायत सदस्य श्री ओमपाल कुशवाहा, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव कमलेश यादव मौजूद रहे। श्री मिश्रा ने पार्टीजनों द्वारा किए गए स्वागत और सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता सर्वश्रेष्ठ: त्यागी




समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता सर्वश्रेष्ठ, इन्हें संजोए रखने के लिए युवाओं का जागरूक रहना व वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शक, प्रेरणादाता बने रहना अति महत्वपूर्ण उक्त वक्तव्य भारतीय युवा चेतना मंच की संगोष्ठी में अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने कहे। भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा शाहजहांपुर के कांट ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम पलहौरा में हमारी संस्कृति व हमारे संस्कार पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता सर्वश्रेष्ठ है। इन्हें संजोए रखने के लिए युवाओं का जागरूक रहना व वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शक, प्रेरणादाता बने रहना अति महत्वपूर्ण है। हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता ग्रामीणों के हृदय में बसती है। आधुनिकता ने हमारी सभ्यता और संस्कृति को पाश्चात्य ओर ढकेलने का काम किया है ,जिसमें दूरसंचार व मोबाइल के दुर्पयोग से किशोर व युवाओं में सामाजिक क्रियाकलापों दूर रहने तथा एकांतवास होने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी से बढ़ रही है ; जोकि हमारे संस्कारों, संस्कृति पर बड़ा कुठाराघात है। हमें इसे बचाने के लिए मिलकर जागरूकता पैदा करना होगी। उक्त मिशन में भारतीय युवा चेतना मंच के माध्यम से मानवता के मूल्यों को ध्यान में रखकर सभी जागरूक नागरिकों की सहभागिता होने का आवाहन किया। मंच के प्रवक्ता प्रदीप कुमार मिश्रा ने युवाओं एवं वरिष्ठ जनों से सामाजिक बैठकों के आयोजन, स्व संस्कृति स्वरोजगार को संजोए रखने के लिए प्रेरणीय क्रियाकलापों का क्रियान्वयन व संवाद स्थापित रखने पर बल दिया। संगोष्ठी में सदानंद अग्निहोत्री, अरविंद पांडे, मुकेश त्रिवेदी, शिवानंद आदि ने भी विचार रखें। सभी लोगों ने एक सुर में उक्त विषय पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।इससे पूर्व संगोष्ठी के प्रारंभ में संस्था के प्रतिनिधियों का क्षेत्रीय जनों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश त्रिवेदी ने की।इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम सिसौरा, पट्टी,भैंसी, मल्हपुर ,गढ़चपा आदि के आशीष त्रिवेदी, अश्वनी शुक्ला, रामकिशोर, दीपक, मोहित, सोनू कुशवाह, सुरेश त्रिवेदी ,नीरज पाल ,रजनीश मिश्रा, मुकेश त्रिवेदी, विजय तिवारी, श्याम पाल, हलदर सिंह, हरी बाबू ,मनी त्रिवेदी ,योगेन्द्र किशन त्यागी, सोनल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हनुमान माता सीता का पता लगाने पहुंचे



समृद्धि न्यूज

**जैतीपुर शाहजहांपुर,।** कस्बे श्रीराम जानकी रामलीला मेला में रविवार को दिखाया कि हनुमान लंका से माता सीता का पता लगाकर लौटते हैं तो राम दल में खुशी छा जाती है। राम हनुमान से कहते हैं कि हनुमत मैं आज से आपका ऋणी हो गया हूं। बाद में वानर सेना समुद्र किनारे डेरा डालती है। रावण के दूत उसे बताते हैं कि राम की सेना समुद्र के पार पहुंच गई है।इसके बाद भगवान राम समुद्र से रास्ता मांग रहे होते हैं। इसके बाद नल, नील वानर सेना के साथ समुद्र पर पुल बांधते है। पुल बनने के बाद राम की सेना लंका में प्रवेश करती है। राम युद्ध से पहले अंगद को दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजते हैं।अंगद वापस आते हैं और राम से कहते हैं कि प्रभु रावण अभिमानी है। युद्ध करने के लिए तत्पर है। युद्ध के लिए सेना तैयार होती है रणभेरी बजती है और सेना युद्ध के लिए प्रस्थान करती है। मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच घमासान युद्ध शुरू हो जाता है। लक्ष्मण मेघनाथ के सारे अस्त्रों को विफल कर देते हैं। मेघनाथ शक्ति बाण छोड़ता है जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। रामादल में हाहाकार मच जाता है। राम भी शोक में डूब जाते हैं। इसके बाद विभीषण के कहने पर हनुमान सुषेन वैद्य को लाते हैं।वह संजीवनी बूटी लाने को कहते हैं । ऋष्यमूक पर्वत से हनुमान संजीवनी बूटी लेकर पहुंचते हैं और लक्ष्मण होश में आ जाते हैं। जय श्रीराम के उदघोष होता है।

## वित्त मंत्री के जन्मदिन पर हनुमत धाम में लगा विशाल रक्तदान शिविर



### 80 से अधिक लोगों ने किया उत्साहपूर्वक रक्तदान

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर ।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सोमवार को हनुमत धाम में वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड द्वारा भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 80 से अधिक लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। प्रमुख दाताओं में दीपक शर्मा, आकाश मिश्रा, वर्षा गोस्वामी, आरएमएल स्कूल स्टाफ, पत्रकार रोहित पांडे और वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार और सांसद अरुण सागर ने रक्तदान की महत्ता बताते हुए लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर के सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी संजय अग्रवाल, डॉ. दीपा सक्सेना, अभिनय गुप्ता, कौशलेंद्र मिश्रा और पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। वर्षा गोस्वामी ने स्वयं रक्तदान कर दो दर्जन से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पूरे दिन लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## खबरें एक नजर में

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक ने बच्चों के लिए किया शानदार आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पुवायां के हरे राम पक्का तालाब स्थिति परिसर में होम ट्यूशन टीचर आलोक अवस्थी द्वारा बाल दिवस मेला धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विविध क्रियाएँ एवं खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार स्वरूप खिलौने देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों में नई ऊर्जा एवं उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर बैडमिंटन, शतरंज, कैरम आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समृद्धि अग्रवाल, साध्या अग्रवाल, उन्नति, अदिति तिवारी, आर्या अवस्थी, आकृति पांडेय आदि बच्चे उपस्थिति रहे। अभिभावकों ने अध्यापक आलोक अवस्थी के इस कार्यक्रम की सराहना की।

### एसपी ने जिला अस्पताल में घायल अभियुक्त की ली स्थिति रिपोर्ट

**लूटकांड के अनावरण को लेकर लगातार कार्रवाई जारी**

**शाहज़हांपुर, समृद्धि न्यूज।** 16 नवंबर को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर पकंज पंत एवं क्षेत्राधिकारी सदर के साथ जिला अस्पताल पहुँचकर सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में 6 नवंबर को खाद्य सचिव से हुई लूट की घटना के अनावरण हेतु चल रही कार्यवाही की समीक्षा की। इसी क्रम में 16 नवंबर को थाना सेहरामऊ क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हुए अभियुक्त अब्बास गाज़ी का पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में पहुँचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों से अभियुक्त की वर्तमान स्थिति, उपचार की प्रगति एवं उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक ने यह भी सुनिश्चित किया कि घायल अभियुक्त का उपचार पूरी तरह विधिसम्मत, सुरक्षित एवं चिकित्सीय मानकों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहने के निर्देश दिए।

### चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग, अनाज समेत लखी का सामान स्वाहा



**तिलहर -शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज ।**कोतवाली क्षेत्र के गांव जोगी पुर में बीती देर शाम चूल्हे की चिंगारी से घर के छप्पर में आग लगने से रखा करीब 8 कुंटल धान व अन्य समान जलकर राख हो गया । आग बुझाते समय गृहस्वामी व परिजन झुलस गए ।पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम खाना बनाए जाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से घर के छप्पर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण दाऊद पड़े । पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। बकौल शिवकुमार आग बुझने तक सब कुछ जलकर राख हो गया। जिसमें कारी आठ कुंतल धान , विस्तार, कपड़े व अन्य घरेलू समान जल गया । जिससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हो गया ।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

जैतीपुर,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट पंजीकृत कराई ।आरोप लगाया कि शनिवार की रात गांव का ही उमेश उनकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को फुसलाकर अपने साथ ले गया। बेटी अपने साथ चांदी की पायल और आठ हजार रुपये भी ले गई। बताया कि बेटी को ले जाने में उमेश के साथी संजय और अजीत ने सहयोग किया। आरोप हैं कि अजीत अपने चार पहिया वाहन से सभी को ले गया। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। लड़की को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# कोलाघाट में निर्माणाधीन सेतु का डीएम ने किया निरीक्षण

**निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को रामगंगा नदी पर कोलाघाट में बन रहे नए सेतु निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गति, पिलरों की स्थिति और सुरक्षा मानकों का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर सेफ्टी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण का थर्ड पार्टी सत्यापन समयबद्ध तरीके से कराया जाए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पुल के लिए कुल 44 पिलर प्रस्तावित हैं, जिनमें से दो पिलरों का कार्य शेष है, जिसे दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यदाई संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परियोजना प्रबंधक, उ.प्र. सेतु निगम ने बताया कि सेतु का 47 प्रतिशत कार्य, जबकि पहुँच मार्ग का 10 प्रतिशत कार्य, कुल मिलाकर 57 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पुराने कोलाघाट पुल के क्षतिग्रस्त होने से जलालाबाद शमसाबाद मोहम्मदाबाद सौरिख विधुना (राज्य मार्ग 163) पर भारी और हल्के वाहनों का आवागमन बंद है, जिससे लोगों को 50-60 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इस कारण समानांतर नया दो लेन का सेतु तेजी से बनाया जा रहा है। परियोजना प्रबंधक के अनुसार सेतु निर्माण की स्वीकृत लागत 16683.22 लाख है। मुख्य सेतु की लंबाई 1802.14 मीटर, जबकि दोनों ओर पहुँच मार्ग की लंबाई 200-200 मीटर निर्धारित है। निर्माण कार्य फरवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था और इसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अब तक 15841.59 लाख जारी किए जा चुके हैं। परियोजना की भौतिक प्रगति 57 प्रतिशत और वित्तीय प्रगति 51प्रतिशत है। भूमि अधिग्रहण एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है तथा पिलर व बीम का कार्य तेज गति से चल रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। सामग्री की गुणवत्ता पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुल समय पर बन जाने से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जलालाबाद प्रभात कुमार राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गांजा के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**कब्जे से पुलिस टीम ने 01 किलो 127 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर थाना रौजा क्षेत्र की मठिया कालोनी का रहने वाला मोहित पुत्र बृजकिशोर उर्फ पप्पू**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रौजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पैतापुर मोड़ के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया।

जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 01 किलो 127 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर थाना रौजा क्षेत्र की मठिया कालोनी का रहने वाला मोहित पुत्र बृजकिशोर उर्फ पप्पू है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो उत्तराखंड से आने वाले ट्रक ड्राइवरों से कम दामों में गांजा खरीद लेता है और आसपास के क्षेत्रों में महंगे दामों पर बेंच देता है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त मोहित पर पहले से भी थाना रौजा पर चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर एक्ट के करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, रौजा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मोहित को जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

समृद्धि न्यूज

**खुटार,।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायल को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। कढ़ैया मय चक गांव निवासी रामचंद्र 40 वर्ष रविवार को शाम 6 बजे अपने बीमार मित्र को देखने बाइक से सहारु गांव जा रहे थे। वह जैसे ही सीतापुर गांव के पास पहुंचे। पीछे जा आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायल को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। उधर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** बीती 06 नवंबर को थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में खाद्य सचिव से हुई तीन लाख की लूट के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुठभेड़ में लुटेरों के तीसरे साथी के सीने में गोली लगी है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और लूटे गए कुल 25 हजार रुपए, 02 रजिस्टर, 01 फाइल, 01 चेकबुक, 03 सहकारी कृषक पंजिका पुस्तक, 01 बैग, लूट में प्रयुक्त स्कूटी आदि बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त जनपद हरदोई के थाना पाली क्षेत्र के गांव हडहा मलकापुर का रहने वाला रवि मिश्रा और शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के गांव सपहा का रहने वाला गोपाल उर्फ ओमेंद्र उर्फ मनीष है। जबकि घायल अभियुक्त जनपद हरदोई के गांव अटवा का रहने वाला अब्बास गाजी है।

एसपी ने बताया कि बेहतर उपचार के लिए घायल अब्बास को लखनऊ हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है।

## गांजा के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रौजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पैतापुर मोड़ के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 01 किलो 127 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर थाना रौजा क्षेत्र की मठिया कालोनी का रहने वाला मोहित पुत्र बृजकिशोर उर्फ पप्पू है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो उत्तराखंड से आने वाले ट्रक ड्राइवरों से कम दामों में गांजा खरीद लेता है और आसपास के क्षेत्रों में महंगे दामों पर बेंच देता है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त मोहित पर पहले से भी थाना रौजा पर चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर एक्ट के करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, रौजा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मोहित को जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**देवर और मां गंभीर रूप से घायल, बहन की शादी से पहले मचा कोहराम**





समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर,।** शाहजहाँपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में महिला का देवर और मां भी गंभीर रूप से घायल हुए। यह हादसा उस समय हुआ, जब महिला अपनी बहन की शादी के लिए बाइक से मायके लौट रही थी। मृतका की पहचान सूची (25 वर्ष) निवासी मदनापुर के रूप में हुई है। सूची की शादी सुजावलपुर गांव के पंकज से हुई थी और उनका एक वर्ष का बेटा सूर्यांश है। उसकी बहन कोमल की शादी आगामी 28 नवंबर को होनी थी। परिजनों के अनुसार, शादी की तैयारियों के चलते सूची की मां मनोरमा दो दिन पहले उसे लेने मायके आई थीं। रविवार को सूची अपनी मां और देवर के साथ बाइक से हरदोई स्थित मायके लौट रही थी। इसी दौरान पिपरिया के पास खेत की जुताई कर रहा एक ट्रैक्टर अचानक तेज रफ्तार से सड़क पर आ गया और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को शाहाबाद सीएचसी ले जाया गया, जहां सूची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिवारजन अस्पताल पहुंच गए और मातम का माहौल छा गया। सूची की मां ने रोते हुए बताया कि 28 नवंबर को बेटी की शादी थी, इसलिए वह उसे लेने पहुंची थीं, लेकिन शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# सीओ ने खुटार थाने का त्रैमासिक किया निरीक्षण



**थाने में गंदगी मिलने पर साफ सफाई के दिए कड़े निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**खुटार ।** पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने खुटार थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया ।जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम समस्त थाने के स्टाफ के साथ परेड कराई उसके बाद उन्होंने थाने में बने महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल हेल्फ डेस्क, शस्त्रागार, क्राइम रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, राजस्व संबंधी रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, महिला अपराध संबंधी रजिस्टर, आईजीआरएस संबंधी शिकायतें की प्रगति रिपोर्ट बारीकी से जांच की। उसके बाद उन्होंने महिला बैरक, कांस्टेबल बैरको के साथ-साथ थाने में बने शौचालय का भी निरीक्षण किया। जहां पर गंदगी मिलने पर अधीनस्थों को कड़ी फटकार लगाई उन्होंने कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सिपाही अपनी-अपनी बीट पर समय-समय पर होने वाली घटनाओं को थाने पर सूचित करें। जिससे अपराधों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण के उपरांत सीओ प्रवीण मलिक ने कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया। इस दौरान थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## संगत

### सिख संगत की गतका पार्टी ने दिखाई हैरतअंगेज कारनामे

# प्रकाश पर्व पर नगर में निकली भव्य कीर्तन

**तिलहर-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज ।** प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में गुरुद्वारा से सिख संगत द्वारा भव्य कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में गतका पार्टी के कारनामे देखकर लोग अचंभित हो उठे।

रविवार को अपरान्ह तीन बजे नगर के मोहल्ला बहादुरगंज स्थित गुरुद्वारे से सिख समाज के लोगों ने नगर में भव्य कीर्तन शोभायात्रा निकाली।यात्रा में शामिल गतका पार्टी के लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज कारनामे देखकर नगरवासी अचंभित हो उठे । इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गुंजायमान हो गया ।बहादुरगंज से शुरू होकर नगर कीर्तन बाईपास चौराहे से होते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों व मुख्य मार्गो से गुजरती हुई देर शाम गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई । इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल सिख संगत द्वारा राहगीर दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया।




गौरतलब है कि वर्ष में एक बार सिख समाज के द्वारा बहादुरगंज गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली जाती है।कीर्तन यात्रा में इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के साथ ही सिख समाज सहित सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कीर्तन यात्रा मार्ग पर मुस्तैद नजर आए।

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स तराई डीजल एण्ड एनर्जी प्वांइट, ग्राम पुनौती खुर्द, पोस्ट खुटार, पुरनपुर रोड, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश (पंजीकरण संख्या- SHA/0010179) के साझेदारी विनियम में संशोधन किया गया है।

फर्म में सुश्री ऐश्वर्या अग्रवाल, पुत्री श्री अनूप अग्रवाल, निवासी गोला गोकरननाथ, लखीमपुर खीरी को अन्य साझेदारों की पूर्ण सहमति एवं उनकी स्वेच्छा से दिनांक 11 अक्तूबर 2025 से विधिवत रूप से साझेदार के रूप में सम्मिलित किया गया है।

संशोधन के उपरांत फर्म के वर्तमान साझेदार इस प्रकार हैं–

1. श्रीमती शिखा अग्रवाल
2. श्री अनूप अग्रवाल
3. सुश्री ऐश्वर्या अग्रवाल

प्रार्थी
श्रीमती शिखा अग्रवाल
साझेदार मैसर्स तराई डीजल एण्ड एनर्जी प्वांइट ग्राम पुनौती खुर्द, पोस्ट खुटार पुरनपुर रोड, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश पंजीकरण सं.- SHA/0010179

## सबक सिखाने की जरूरत

परिस्थितिजन्य तफसील से यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली विस्फोट 'आतंकी हमला' ही था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सामान्य धमाके में साजिशकार नहीं होते। बुधवार को प्रधानमंत्री की ही अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। अक्सर यह युद्ध और आतंकी हमले के बाद ही बुलाई जाती है। इस समिति में प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि होते हैं। युद्ध की स्थिति में तीनों सेना प्रमुखों को भी बुलाया जाता है। गृह सचिव और आईबी निदेशक भी बैठक में सम्मिलित होते हैं। दिल्ली विस्फोट की जांच 'राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी' (एनआईए) को सौंपी गई है, जिसे आतंकी हमलों की गहन जांच की विशेषज्ञता हासिल है। इस संदर्भ में फरीदाबाद की 'अलफलाह यूनिवर्सिटी' आतंकवाद के नए अड्डे के तौर पर उभरी है। फरीदाबाद के गांवों से जो 2900 किग्रा. विस्फोटक रसायन बरामद किया गया था, उसकी भूमिका भी साफ हो गई है। जो डॉ. उमर मुहम्मद कार-विस्फोट में मारा गया है, वह इसी मेडिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। वह जिस तरह मरा है, उसे हम एक नए किस्म का 'फिदायीन बॉम्बर' मान सकते हैं, क्योंकि उसकी कार में विस्फोटक था और उसी ने उसे सक्रिय किया होगा! जांच से बिल्कुल पारदर्शी स्पष्ट हो जाएगा। उमर कश्मीर के पुलवामा के कोइल गांव का निवासी था। विस्फोटक रसायन वाला आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील भी इसी गांव का रहने वाला था। वह इस आतंकी यूनिवर्सिटी में ही एसोसिएट प्रोफेसर था। तीसरा डॉ. सज्जाद अहमद भी पुलवामा का था। अलफलाह यूनिवर्सिटी में ही 45 वर्षीया डॉ. शाहीन सईद पदस्थ थी और एमबीबीएस, एमडी स्तर की फार्मकोलॉजी विशेषज्ञ थी। वह जैश-ए-मुहम्मद के सरगना आतंकी मसूद अजहर और उसकी बहन सादिया के नेतृत्व में आतंकी संगठन की महिला विंग 'जमात उल मोमिनात' की भारत में मुखिया थी। उसे संगठन में 'जेहादी औरतों' की भर्ती का जिम्मा दिया गया था। उसके भाई डॉ. परवेज को भी उप्र एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। 38 वर्षीय डॉ. आदिल कश्मीर के काजीकुंड का निवासी था और सहारनपुर, उप्र में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर था। यदि कश्मीर के नौगाम में जैश के धमकी वाले पोस्टर नहीं लगते, तो शायद आतंकवाद के 'डॉक्टर मॉड्यूल' का पर्दाफाश न होता! इस गिरोह के 8 आतंकियों में 4 डॉक्टर कश्मीरी, 2 उप्र के हैं और दो मौलवी-इमाम शामिल हैं। सभी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उमर विस्फोट में भस्म हो चुका है। दरअसल यह राष्ट्रीय चिंता का विषय है कि उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर अब आतंकी बन रहे हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है। जब एक छात्र डॉक्टरी की पढ़ाई करता है और 5-7 साल के अनथक परिश्रम और गहन अध्ययन के बाद, अंततः, डॉक्टर बनता है, तो उस छात्र पर सरकार और करदाताओं के लाखों रुपए खर्च होते हैं। यह सवाल हैरानी का नहीं होना चाहिए कि उच्च शिक्षित नौजवान 'आतंकी' क्यों बन रहे हैं? वर्ष 2000 के कालखंड में 'इंडियन मुजाहिदीन' में प्रशिक्षित इंजीनियर आतंकी बने हुए थे। यही नहीं, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमला किया था, वे आतंकी भी उच्च शिक्षित एवं मुसलमान थे। यही घोर कट्टरवाद, इस्लामी जेहाद और कथित काफिरों को मारने की मानसिकता ही है, जो नौजवानों को भ्रमित करती है और वे आतंकी बन जाते हैं। बहरहाल अभी तो जांच आगे बढ़ेगी, तो देश के प्रमुख राज्यों और शहरों के मेडिकल कॉलेज और शिक्षण संस्थानों की भीतरी कड़ियां जुड़ेंगी। न जाने कितने 'व्हाइट कॉलर आतंकी गिरोह' सामने आएंगे! बात मुसलमान या गैर-मुस्लिम की नहीं है, लेकिन जिस तरह आतंक के डॉक्टर गिरोह बेनकाब हुए हैं और सभी मुसलमान हैं, लिहाजा कमोबेश पेशेवर पाठ्यक्रम की उच्च शिक्षा में प्रवेश देते समय उनकी पृष्ठभूमि की व्यापक और खुफिया जांच कराने का नियम, कानून अनिवार्य कर देना चाहिए। आखिर ये डॉक्टर जैश जैसे आतंकी संगठन के हैंडलर्स के चंगुल में कैसे फंस गए? चूंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' बुनियादी तौर पर जारी है और जैश का आतंकी हमला, उसकी साजिश, किन्हीं भी मायनों में, साबित हो चुके हैं और जैश पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठन है, तो हम अपनी सरकार से जानना चाहते हैं कि क्या इसे 'युद्ध' माना जाएगा और भारत पाकिस्तान को सबक सिखाएगा? पाकिस्तान को बार-बार चेतावनी देने के बावजूद वह बाज नहीं आ रहा है, इसलिए उसे कड़ा सबक सिखाने की जरूरत है।

# बिहार विस चुनाव नतीजे से निकले संदेश

हृदयनारायण दीक्षित

कोई भी घटना अप्रत्याशित नहीं होती। सम्यक आकलन नहीं होता। हमारी नासमझी और व्यापक अनुभवों का उचित मूल्यांकन नहीं होता। हम अनुमान करते हैं। प्रमाणों की सहायता लेते हैं, लेकिन नियति प्रमाणों की परवाह नहीं करती। प्रमाणों के आकलन की छोटी-सी गलती परिणाम बदल देती है। कभी-कभी परिणाम बदलने की जिजीविषा पूरी शक्ति के साथ चुनौती देती है आकाश को, तब सितारों व ग्रह दशा भी बदल जाती है। बिहार चुनाव नतीजे ने सबको चौंकाया है। चुनाव में हार-जीत होती ही है। लेकिन बिहार की जनता ने कमाल किया है और भारतीय चुनाव के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। संविधान निर्माताओं की भी इच्छा थी कि भारत का लोकतंत्र फले-फूले और जनता अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए स्वतंत्र हो। जनता अपने नेता चुनने के अलावा कोई हिंसक रास्ता न अपनाए। इसके लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोग बना। संविधान (अनुच्छेद 324) में मतदाता सूची बनाने से लेकर मतगणना तक की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर डाली गई। 1952 से लेकर विधानमण्डल व संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं।

निष्पक्ष चुनाव का प्रयास देश में पहले से चल रहा है लेकिन जाति, धनबल, बाहुबल के प्रभाव ने संविधान निर्माताओं की अभिलाषा को पूरा नहीं होने दिया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारतीय राष्ट्र राज्य कमजोर है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संविधान की प्रस्तावना में भारतीय जनता को हम भारत के लोग बनने और होने का आग्रह किया है। राजनीतिक जल्दबाजी में कभी-कभी भारत को हिंदू और मुसलमान का देश कहा जाता है। कोई सिख छोड़ देता है, कोई बुद्ध और महावीर। एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताया था, लेकिन संविधान निर्माताओं ने हम भारत के लोग कह कर हम सबके सामने एक आदर्श रखा है। हम किसी भी वर्ग या संप्रदाय से सम्बंधित हो सकते हैं। लेकिन प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं। संविधान निर्माताओं ने नागरिकों को जाति, संप्रदाय, मत, पंथ मजहब के द्वारा अभिज्ञात नहीं किया है।

दुनिया 21वीं सदी में अंतरिक्ष में घर बनाने के सपने देख रही है, लेकिन राजनीति जातियों की गिनती में व्यस्त है। प्रसन्नता की बात है कि जिस बिहार को बम, पिस्तौल और हिंसा के लिए बदनाम किया गया था, उसी बिहार की जनता ने पुनर्जागरण का स्वप्न देखा है। इस देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार के थे। उन्होंने देश को नई दिशा दी थी। सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिले थे। उन्हें सोमनाथ मंदिर कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति किसी धार्मिक आयोजन में हिस्सा ले, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद वहां गए। प्रधानमंत्री की इच्छा न होने के बावजूद गए।



बिहार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हीरो थे। उन्होंने 14 सभाएं की। राजग की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि वक्ताओं को जनता ने सुना। नीतीश कुमार का अपना प्रभाव है। आज से नहीं है, पहले से है। वह अनुभवी राजनेता हैं। स्वाभाविक है उनकी लोकप्रियता का लाभ गठबंधन को मिला है। चुनाव नतीजे राजग के पक्ष में एक तरफा हो गए। दल और उसके समर्थक स्वाभाविक ही खुश हैं। ढोल बाजे बज रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव नतीजे से खास तरह की उम्मीदें हैं। विशेष प्रकार की प्रसन्नता है। इन नतीजों की उम्मीद नहीं थी। जन सुराज पार्टी के अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई सीट नहीं मिली। ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी। जो भारी बहुमत से जीते और हारे हैं, सब मिलकर विकास करें। एक समय बिहार में जंगलराज था। अधिकारी पीटे जा रहे थे। अपहरण थे। गुण्डा टैक्स थे। राजनीति की प्रतिष्ठित कुर्सियों पर बाहुबली थे। लोग मारे जा रहे थे। हिंसा का जोर था। कोर्ट ने भी बिहार के जंगलराज पर टिप्पणी की थी। जंगलराज शब्द का उपयोग न्यायालय ने किया था। बाहुबलियों की भरमार थी। नीतीश की पिछली सरकार ने जंगलराज पर काबू पा लिया था लेकिन मध्य वर्ग और टिप्पणीकार चुनाव नतीजों को जाति के आधार पर ही जांच रहे थे। एक समय बिहार में जातियों की सेनाएं थीं। परस्पर युद्ध करती थीं। वह राजनीतिक दलों के ऊपर सवार थीं। जातिवाद से बिहार झुलसता रहा। लोगों में निराशा थी। लोग सोचते थे कि अब जाति के इस प्रेत का सामना करना कठिन हो गया है। जनता के एक वर्ग ने इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया था।

बिहार चुनाव ने किसी भी विभाजक आवाज को अनसुना कर दिया। राजनेता और टिप्पणीकार चुनाव के पहले से ही जीत हार का खाका बना रहे थे। जातियों के प्रतिशत निकाले जा रहे थे। कहा जाता था कि सरकार बनाने के लिए यादव और मुसलमान मिलकर पर्याप्त हैं, इसलिए चुनाव प्रचार की बहुत आवश्यकता नहीं है। इसी तरह सभी छोटी बड़ी पार्टियों में जाति का गणित फिट करने की होड़ थी। नतीजा आ जाने पर भी यह विश्लेषण थमा नहीं। एक बड़े चैनल ने कहा कि महिलाओं ने भारी संख्या में वोट दिया। कहा जाता है कि ज्यादातर महिलाओं ने राजग को वोट किया। चुनाव का यह विश्लेषण अधूरा है। चुनाव के समय की राजनीति का समग्र विश्लेषण नहीं हुआ। साथ ही चुनाव के संदेश पर भी चर्चा नहीं हो रही।

बिहार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हीरो थे। उन्होंने 14 सभाएं की। राजग की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि वक्ताओं को जनता ने सुना। नीतीश कुमार का अपना प्रभाव है। आज से नहीं है, पहले से है। वह अनुभवी राजनेता हैं। स्वाभाविक है उनकी लोकप्रियता का लाभ गठबंधन को मिला है। चुनाव नतीजे राजग के पक्ष में एक तरफा हो गए। दल और उसके समर्थक स्वाभाविक ही खुश हैं। ढोल बाजे बज रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव नतीजे से खास तरह की उम्मीदें हैं। विशेष प्रकार की प्रसन्नता है। इन नतीजों की उम्मीद नहीं थी। जन सुराज पार्टी के अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई सीट नहीं मिली। ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी। जो भारी बहुमत से जीते और हारे हैं, सब मिलकर विकास करें। एक समय बिहार में जंगलराज था। अधिकारी पीटे जा रहे थे। अपहरण थे। गुण्डा टैक्स थे। राजनीति की प्रतिष्ठित कुर्सियों पर बाहुबली थे। लोग मारे जा रहे थे। हिंसा का जोर था। कोर्ट ने भी बिहार के जंगलराज पर टिप्पणी की थी। जंगलराज शब्द का उपयोग न्यायालय ने किया था। बाहुबलियों की भरमार थी। नीतीश की पिछली सरकार ने जंगलराज पर काबू पा लिया था लेकिन मध्य वर्ग और टिप्पणीकार चुनाव नतीजों को जाति के आधार पर ही जांच रहे थे। एक समय बिहार में जातियों की सेनाएं थीं। परस्पर युद्ध करती थीं। वह राजनीतिक दलों के ऊपर सवार थीं। जातिवाद से बिहार झुलसता रहा। लोगों में निराशा थी। लोग सोचते थे कि अब जाति के इस प्रेत का सामना करना कठिन हो गया है। जनता के एक वर्ग ने इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया था।

लोकतंत्र एक जीवनशैली है। विचार आधारित राजनीति लोकतांत्रिक अधिकारों व अवसर का सदुपयोग करती है। समाज को उसका हक मिलता है। बिहार में वैसा नहीं हो रहा था। इतिहास के विद्यार्थी कौटिल्य को बिहार से जोड़ते हैं। तब मगध राज्य था। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे देश को राष्ट्र बनाने का काम कौटिल्य ने किया था। छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक सशक्त विकल्प देने का काम भाजपा, जदयू, लोजपा, हम आदि ने किया है। बिहार चुनाव को पूरे देश ने देखा है। चुनाव परिणामों ने किसी को भी निराश नहीं किया। चुनाव में इस बार कोई हिंसा नहीं हुई। बूथ नहीं लूटे गए। अपवाद छोड़कर व्यक्तिगत हमले नहीं हुए। वोट डालने की यह शैली पूरे देश द्वारा सराही गई है। जाति ने राष्ट्र को बड़ी क्षति पहुंचाई है। बिहार का संदेश सुस्पष्ट है। राजनीति में विचारधारा की महत्ता बढ़ सकती है, विकास की मांग बढ़ेगी। जाति की बातें नहीं चलेगी। सबका साथ-सबका विकास राजनीति का एजेण्डा है ही। उम्मीद है कि इससे भारतीय राजनीति में जाति का महत्व घटेगा। पश्चिम बंगाल के अनुभवी राजनेताओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। बिहार की आदरणीय जनता को बधाई।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

विचार

# मतदाता सूची की शुचिता का प्रश्न व एसआईआर की अनिवार्यता

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहाँ शासन की असली शक्ति जनता के हाथों में निहित मानी जाती है। यहाँ सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और संविधान की स्पष्ट व्यवस्था के अनुसार यह प्रक्रिया चुनाव आयोग की निष्पक्ष संरचना और उसकी कार्यशैली द्वारा संचालित होती है। मतदाता सूची इस पूरी प्रक्रिया की आधारशिला है—क्योंकि उसी के माध्यम से नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसलिए मतदाता सूची की विश्वसनीयता और शुचिता लोकतंत्र की स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यही संदर्भ विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया—स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (Special Intensive Revision - SIR) को अत्यधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

मतदाता सूची में त्रुटियाँ कई रूपों में सामने आती हैं- मृत व्यक्तियों के नाम, एक व्यक्ति का दो स्थानों पर नाम, पात्र मतदाताओं के नाम का गायब होना या पते के परिवर्तन के बावजूद संशोधन न होना। ऐसी स्थिति चुनावों की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को व्यापक अधिकार देता है, जिसमें चुनाव संचालन, नियंत्रण, निर्देशन और पर्यवेक्षण शामिल हैं। अतः एसआईआर केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संवैधानिक रूप से स्थापित लोकतांत्रिक दायित्व है।

साल 1950 में संविधान लागू होने के बाद से ही चुनाव आयोग नियमित रूप से मतदाता सूची में संशोधन करता रहा है। कुछ राज्यों में एसआईआर के दौरान बड़ी मात्रा में मृतकों के नाम हटाए गए, गलत प्रविष्टियाँ सुधारी गईं और स्थानांतरित या नए पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया। बिहार और बंगाल में हुए पुनरीक्षणों के



उदाहरण बताते हैं कि लंबे समय से निष्क्रिय पड़े नामों को हटाने से मतदाता सूची अधिक वास्तविक और पारदर्शी बन सकी। बंगाल में 7.6 करोड़ मतदाताओं की सूची में से लगभग 47 लाख नाम हटाए गए, जिससे पता चलता है कि अगर नियमित संशोधन न हो तो सूची कितनी विकृत हो सकती है।

मतदाता सूची में त्रुटियाँ केवल तकनीकी समस्या नहीं- वे चुनावी निष्पक्षता, प्रतिनिधित्व के अधिकार और जनविश्वास पर सीधा आघात करती हैं। यदि किसी नागरिक का नाम सूची से गायब है तो वह अपने मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार- मताधिकार से वंचित हो जाता है। दूसरी ओर, मृतकों या स्थानांतरित लोगों के नाम बने रहने से फर्जी मतदान या राजनीतिक दुरुपयोग की आशंका बढ़ती है। इन विसंगतियों से लोकतंत्र की वैधता कमजोर होती है।

कुछ लोग एसआईआर को राजनीतिक हस्तक्षेप या सरकार द्वारा मतदाता सूचियों में हस्तक्षेप के रूप में देखने लगते हैं, जबकि यह शंका तथ्यहीन है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण किसी दल की जीत या हार के लिए नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। चुनाव आयोग पूर्णतः स्वायत्त संस्था है और उसके निर्णय न्यायालयों द्वारा भी संरक्षित माने जाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कई फैसलों में स्पष्ट कहा है कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके लिए मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

एसआईआर के दौरान नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। यदि लोग स्वयं अपनी प्रविष्टियों की जाँच न करें, त्रुटियाँ सम्बंधित बूथ लेवल अधिकारियों को न बताएं और दस्तावेज उपलब्ध न कराएं तो प्रक्रिया धीमी हो जाती है। आज भी बड़ी संख्या में ऐसे नागरिक हैं जिनके नाम गलत होने पर वे स्वयं सुधार के लिए आगे नहीं आते। यह उदासीनता लोकतंत्र को कमजोर करती है। इसलिए चुनाव आयोग ने डिजिटल साधनों- जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, ऑनलाइन फॉर्म, पोर्टल का उपयोग बढ़ाया है ताकि लोग आसानी से संशोधन कर सकें।

एसआईआर के विरोध करने वालों को यह समझना चाहिए कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करने, फर्जी मतदान रोकने और सही मतदाता आधार सुरक्षित करने के लिए है। जिन राज्यों में यह प्रक्रिया रोकी गई या राजनीतिक विवाद के कारण ठप हो गई, वहां मतदाता सूची में भारी त्रुटियाँ पाई गईं। ऐसे मामलों में न्यायालयों ने स्वयं दिशा-निर्देश जारी कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की आवश्यकता दोहराई है। अतः एसआईआर का विरोध लोकतांत्रिक मूल्यों का विरोध है।

भारत जैसे विशाल देश में जहाँ 96 करोड़ से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाता सूची का अद्यतन एक अत्यंत जटिल, विशाल और सतत प्रक्रिया है। इसे केवल सरकारी जिम्मेदारी मानना पर्याप्त नहीं; यह नागरिक कर्तव्य भी है। चुनाव आयोग केवल ढाँचा देता है लेकिन उसे प्रभावी बनाने का दायित्व जनता के सहयोग पर निर्भर है। मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि को सही रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मतदान के दिन वोट देना।

अंततः लोकतंत्र केवल मतदान का दिन नहीं- पूरी व्यवस्था का नाम है। इस व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए मतदाता सूची की शुचिता सर्वोपरि है। एसआईआर यही सुनिश्चित करता है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय हों। यह लोकतांत्रिक प्रणाली की आत्मा को जीवित रखता है और नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करता है। इसलिए मतदाता सूची के नियमित शुद्धिकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाना, नागरिकों को भागीदारी के लिए प्रेरित करना और एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं को सहयोग देना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है।

***(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

साहित्य



## हां मैं भी कवि हूं

**श्याम सिंह बिष्ट**

हां मैं भी कवि हूं
लिख लेता हूं, आड़ी तिरछी लकीरें
जिंदगी के बने हुए पन्नों पर
सीख रहा हूं चलना संभलना
जिंदगी व मृत्यु के बिच पड़ाव पर
हुं शीश झुकाकर मैं भी खड़ा
ज्ञान, ज्ञानियों के इस बाजार में
कभी सीख लैता हूं तैरना
कभी बह जाता हूं, जिंदगीयों
के बहाव पर।
है लालसा मेरी भी, अपना
हो एक दर्पण
इसलिए देख लेता हूं, बंद आंखों
से भीये इंद्र धनुष्यि रंग
हां मैं भी कवि हूं ।
लगा हूं न जाने
किस जिंदगी की उधेड़-बुन में
कुछ रिश्ते यहां उलझे, कुछ सुलझै हुए
कुछ शामें गई है ढल, कुछ
अभी भी बचि हैं
जिंदगी के लेने इम्तिहानों में
हां मैं भी क्या कवि हूं?



## राशिफल

**मेषः**- भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः**- व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः**- किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी।

**कर्कः**- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः**- नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः**- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः**- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिये व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः**- जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः**- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः**- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः**- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः**- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# भारतीय सेना की उपबल्धि मोनो रेल सिस्टम

*प्रेम शर्मा*

जहां सांस लेना भी मुश्किल, वहीं भारतीय सेना ने मोनोरेल चलाकर इतिहास रचा है। यह सिस्टम अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में गजराजध्4 कॉर्प्स द्वारा विकसित किया गया है। यह मोनोरेल एक ट्रिप में 300 किलो से ज्यादा भार ढो सकती है। वह भी उन स्थानों पर जहाँ पैदल चलना दुभर और जो सड़क विहीन और हेलिकॉप्टर की पहुच से दूर है। मोनोरेल सिस्टम जो भोजन, दवा, गोला-बारूद और जरूरी उपकरणों को बेहद कठिन स्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। मोनोरेल एक परिवहन प्रणाली है जिसमें ट्रेनें एक ही पटरी या रेल पर चलती हैं, जो आमतौर पर जमीन से काफी ऊपर होती है।

यह दोहरी पटरियों वाली पारंपरिक रेलवे के विपरीत है। मोनोरेल या तो एक बीम पर ऊपर से चलती है या उसके नीचे से लटकती है। शहर में भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात को सुगम बनाने के लिए इस्तेमाल की जाती है।

मोनोरेल को जमीन से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर खंभों पर खड़ा किया जाता है। यह मैग्लेव (चुंबकीय उत्तोलन) प्रणाली के सिद्धांत पर काम करता है। ये अत्यधिक स्थिर होते हैं और तेज गति से भी तेजी से गति कम करने में मदद करते हैं। पहला मोनोरेल प्रोटोटाइप 1820 में इवान एल्मानोव द्वारा रूस में बनाया गया था। पारंपरिक रेलवे के विकल्प के रूप में मोनोरेल बनाने के प्रयास 19वीं सदी के शुरुआती दौर से ही किए जा रहे हैं। सेंटेनियल मोनोरेल को 1876 में फिलाडेल्फिया में सेंटेनियल प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। इसके डिजाइन के आधार पर ब्रैडफोर्ड और फोस्टर ब्रुक रेलवे का निर्माण 1877 में किया गया था और यह जनवरी 1878 से जनवरी 1879 तक एक वर्ष तक चला था। 1879 के आसपास हैडन और स्ट्रिंगफेलो द्वारा स्वतंत्र रूप से एक वन-रेल प्रणाली प्रस्तावित की गई थी। इसका उद्देश्य सैन्य उपयोग के लिए था, लेकिन इसे सस्ते रेलवे के रूप में नागरिक उपयोग के लिए भी देखा गया था। इसी तरह, व्यावहारिक रूप से उपयोग में लाई गई पहली प्रणालियों में से एक फ्रांसीसी इंजीनियर चार्ल्स लार्टिग की थी, जिन्होंने आयरलैंड में बैलीबूनियन और लिस्टोवेल के बीच एक लाइन बनाई थी, जो 1888 में खुली और 36 साल तक चली, जिसे 1924 में बंद कर दिया गया वह इसलिए कि आयरलैंड के गृहयुद्ध से हुए नुकसान के कारण।

इसमें भार वहन करने वाली एक रेल और संतुलन के लिए दो निचली, बाहरी रेल का इस्तेमाल किया गया।बॉयंटन साइकिल रेलमार्ग, न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड स्थित ब्रुकलिन में एक भाप से चलने वाली मोनोरेल थी । यह जमीनी स्तर पर एक ही भार वहन करने वाली रेल पर चलती थी, लेकिन इसके ऊपर एक लकड़ी की स्थिर रेल लगी होती थी जो क्षैतिज रूप से विपरीत पहियों की एक जोड़ी से जुड़ी होती थी। यह रेलमार्ग 1890 से शुरू होकर केवल दो वर्षों तक ही चला। यही नही हॉचकिस साइकिल रेलमार्ग एक मोनोरेल था जिस पर मैचिंग पैडल वाली साइकिल चलाई जा सकती थी। इसका पहला उदाहरण 1892 में स्मिथविले और माउंट होली, न्यू जर्सी के बीच बनाया गया था। यह 1897 में बंद हो गया। इसके अन्य उदाहरण 1895 से 1909 तक नॉरफॉक, ग्रेट यारमाउथ और 1896 से ब्लैकपूल यूके में बनाए गए। अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने 16 हजार फीट की ऊंचाई पर स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए लिखा कि ये स्वदेशी प्रतिभा का प्रमाण है। अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम हिमालयी इलाकों में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए बड़ी राहत देने वाला नवाचार सामने आया है। 16 हजार फीट की ऊंचाई पर सेना ने ऐसा स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम तैयार किया है, जो बर्फ से ढके, खतरनाक और बिना सड़क वाले इलाकों में सप्लाई पहुंचाने के काम को पहले से कहीं तेज और सुरक्षित बनाएगा। यह सिस्टम किसी तकनीकी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि सीधे मैदान में सैनिकों की जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है।

यह सिस्टम अब सेना की नई ताकत बन गया है। अरुणाचल प्रदेश के कई दूरस्थ क्षेत्रों में न तो सड़कें हैं और न ही पारंपरिक वाहन चलाने की कोई सुविधा। संकरे पहाड़ी रास्ते, टूटते पत्थर, अचानक बदलता मौसम और कम ऑक्सीजन स्तर सैनिकों के लिए बड़ी समस्या रहे हैं। कई बार उन्हें भारी सामान अपनी पीठ पर लादकर लंबे-लंबे रास्ते तय करने पड़ते थे। ऐसे इलाकों में एक छोटा सफर भी काफी जोखिम भरा और समय लेने वाला साबित होता था। मोनोरेल सिस्टम अब इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगा। यह तेज, सुरक्षित और ऊर्जा-किफायती तरीका है, जिससे आगे की पोस्टों तक आपूर्ति पहुंचाना बेहद आसान होगा। सेना का मानना है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सैनिकों पर बोझ भी कम होगा और ऑपरेशन के दौरान जोखिम भी घटेगा। जरूरत पड़ने पर यह सिस्टम घायल जवानों को निकालने यानी कैजुअल्टी इवैक्यूएशन में भी मदद करेगा। गजराज कॉर्प्स, जिसे भारतीय सेना का 4 कॉर्प्स भी कहा जाता है, पूर्वी सेक्टर में तैनात एक महत्वपूर्ण फॉर्मेशन है। इसका गठन 4 अक्टूबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान किया गया था। इसका मुख्यालय असम के तेजपुर में स्थित है। यह कॉर्प्स पारंपरिक लड़ाकू ऑपरेशनों के साथ-साथ काउंटर-इंसर्जेंसी मिशनों की भी जिम्मेदारी संभालती है। इसमें 71 माउंटेन डिविजन, 5 'बॉल ऑफ फायर' डिविजन और 21 'रियल हॉर्न' डिविजन शामिल हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैनिकों के रहने के लिए यह कॉर्प्स विशेष ग्लेशियर हट भी विकसित कर चुकी है। सेना द्वारा तैयार किया गया यह मोनोरेल सिस्टम से न सिर्फ आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करता है, बल्कि यह साबित करता है कि कठिनतम परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा व्यवस्था नए समाधान खोज सकती है। अरुणाचल प्रदेश के कमेंग क्षेत्र में इसकी तैनाती से पूर्वी सीमाओं पर लॉजिस्टिक क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि भविष्य में यह सिस्टम अन्य उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी उपयोगी साबित हो सकता है। कुल मिलाकर भारत की सीमा पर पहाड़ी दुर्गभ रास्तों के लिए मोनोरेल सिस्टम ने बड़ी उम्मीदें जगाई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# सड़क हादसे में मदद पर मिलेगा 25 हजार रुपए

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से ज़ीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद में गठित 10 क्रिटिकल कारिडोर टीमों की ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी तथा क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जनपद बाराबंकी में ज़ीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट स्रेष्ठ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चत किए जाने के सम्बन्ध में पुलिस लाइन सभागार में जनपद में गठित 10 क्रिटिकल कारिडोर टीमों की ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गोष्ठी कर एएसपी ने दी जानकारी



गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारीगण, चिन्हित क्रिटिकल पुलिस स्टेशन प्रभारी व क्रिटिकल कॉरिडोर टीम एवं यातायात पुलिस उपस्थित रहीं। गोष्ठी में जनपद बाराबंकी में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर 06 क्रिटिकल कारिडोर चिन्हित किये गये है। उक्त क्रिटिकल कारिडोर से सम्बंधित थानों कोतवाली नगर, देवा, फतेहपुर, कुर्सी, सफदरगंज, रामनगर, मसौली, हैदरगढ़, लोनीकटरा व रामसनेही घाट के अन्तर्गत चिन्हित किए गए मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी लाए जाने के उद्देश्य से 10 क्रिटिकल कारिडोर टीमों (सीसी टीम) का गठन किया गया। जोखिम स्थानों मार्गो पर जागरूकता करने पर जोर दिया। विभिन्न मानकों पर कार्यवाही हेतु यातायात पुलिस तथा स्थानीय पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया। ओवर स्पीडिंग/ ड्रंकन ड्राइविंग/ रांग साइड ड्राइविंग/ रैश ड्राईविंग एवं बिना नम्बर प्लेट के संचालित डम्पर ट्रकों एवं भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जनपद में दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित सहायता एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए निम्न बिन्दुओं पर विस्तृत रुप से विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

दुर्घटना के पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान कर के तथा दुर्घटना के स्वर्णिम समय के भीतर अस्पताल एवं ट्रामा केयर सेण्टर में पहुंचकर चिकित्सा उपचार प्रदान करके उसकी जान बचाई है) को दिये जा रहे अनुदान रुपये 25000/- का प्रचार प्रसार कराना एवं गुड सेमिरिटन बनने हेतु आम नागरिकों को प्रेरित करना बताया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने उपरोक्त महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर सड़क दुर्घटनाओं की विवेचनाओं सम्बन्धी कार्रवाई, घटनास्थल निरीक्षण के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर में शत-प्रतिशत कमी लाना तथा जनपद को ज़ीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट के मॉडल के रूप में स्थापित करना है।

## करंट से सास-बहू-पोती झुलसी

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



**कोतवाली हैदरगढ़** अंतर्गत लाही गांव में करंट की चपेट में आ जाने से सास बहू और पोती घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी स्वश ताराचंद की पुत्री मोनिका 12 घर में लगे समरसेबल को चलाने के बाद पानी उतर जाने की वजह से नल चलाने के लिए जैसे ही छुआ वैसे ही करंट की चपेट में आ गई।

पुत्री को बचाने दौड़ी उसकी मां विमला 35 वर्ष एवं विमला की सास फूल दुलारी पत्नी स्व0श पुनवासी 55 वर्ष करंट की चपेट में आ गई। गनीमत रही कि इसी दौरान पुत्र द्वारा समरसेबल का प्लग बाहर निकाल दिए जाने से तीनों महिलाओं की जान जाते-जाते बच गई । दुर्घटना के बाद तत्काल तीनों लोगों को एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर तीनों का उपचार चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### श्रद्धालुओं के लिए महादेवा सजकर तैयार डीएम आज करेंगे शुभारम्भ

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लोधेश्वर महादेवा के ऐतिहासिक अगहनी मेले एंव महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी आज सोमवार को अपरान्ह विश्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर विधि सम्मत परम्परागत तरीके मेले और महोत्सव का श्री गणेश करेंगे। तत्पश्चात भूत भावन भोलेनाथ की पूजा अर्चना एंव जलाभिषेक कर सांस्कृतिक पाडाल मे क्षेत्र के जागरुकजनो से रुबरु होगे।महोत्सव का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंची अमरनाथ गुफा है।जो पूर्व ब्लाक प्रमुख प्र. ब्रजपाल सिह ज्ञानू और महामंत्री दुर्गेश मिश्रा के संयोजन मे तैयार है।विभिन्न प्रदर्शनिया और आकर्षक झूले दुकाने सज रही है।रविवार को एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी,आईएएस एसडीएम गुंजिता अग्रवाल,तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने सांस्कृतिक मैदान मे पहुंचकर सभी व्यवस्थाओ का बारीकी से निरीक्षण किया।नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी मौके पर रहकर व्यवस्थाओ को सुन्दर बनाने मे लगे है।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह,अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली–टाण्डा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना क्षेत्र मुंशीगंज के शारदन बाज़ार के पास देर शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। शारदन निकट स्थित एक ढाबे के पास हुए इस भीषण एक्सीडेंट में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज गति में था और सामने से आ रहे वाहन को चालक सम्भाल नहीं पाया, जिसके चलते आमने–सामने की टक्कर हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में घायल हुए तीनों व्यक्तियों को आनन–फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नरेंद्र चौहान पुत्र अमृतलाल चौहान निवासी रामपुर हाजी पट्टी थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर, तथा संदीप कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी माधवपुर थाना गौरीगंज के रूप में हुई है। दोनों युवक अपने परिवारों के इकलौते सहारे बताए जा रहे हैं, जिनकी अचानक मृत्यु से गांवों में शोक की लहर फैल गई है। वहीं तीसरा व्यक्ति जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है, उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद मुंशीगंज थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण बताया है और प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त निगरानी की मांग की है।

### सड़क किनारे कंबल में लिपटा मिला मृत नवजात, जांच में जुटी पुलिस

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतू रोड पर बाईपास के पास रविवार सुबह सड़क किनारे झाड़ियों में कंबल में लिपटा हुआ एक प्री–मैच्योर मृत नवजात मिलने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने कंबल में मृत शिशु को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। स्थानीय निवासी राम प्रताप गुप्ता ने बताया कि सैनिक प्रॉपर्टी डीलर के पास स्थित उनके घर के नजदीक किसी अज्ञात व्यक्ति ने लगभग चार से पाँच महीने के मृत नवजात को फेंक दिया था। उन्होंने ही सबसे पहले इसे देखकर पुलिस को जानकारी दी और इस संबंध में तहरीर भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। यह भी जांच का विषय है कि नवजात को यहां किसने और क्यों छोड़ा। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि इस अमानवीय कृत्य के पीछे जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों ने इसे समाज के लिए शर्मनाक बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मी सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** प्रधान डाक घर सुल्तानपुर में आयोजित सम्मान समारोह में अमेठी व सुल्तानपुर जनपदों में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक व डाक कर्मियों को संयुक्त रूप से निदेशक डाक सेवाएं प्रयागराज प्रीति अग्रवाल के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने की जिन्हें समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। डाक जीवन बीमा, खाता खोलने व आधार कार्ड बनाने सहित अन्य कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दोनों जनपदों के डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इनमें मुख्य रूप से सुरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, आर के सोनकर, शमशीर आजम, जावेद अख्तर, दिनेश कुमार यादव, दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, सचिन पांडेय, आनंद प्रदीप सिंह, कल्लू सिंह व अमेठी के डाक सर्वेक्षक व मुसाफिरखाना के इड्डू के अलावा चंद्रभान तिवारी, काशी नरेश पांडेय, महेंद्र कुमार व राजेश कुमार, महेश कुमार चौरसिया, राहुल कुमार के अलावा और भी डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया है। समारोह में मुख्य रूप से सहायक डाक अधीक्षक मनोज कुमार व पवन कुमार मिश्रा सहायक डाक अधीक्षक अमेठी, निरीक्षक डाकघर उत्तरी व निरीक्षक कादीपुर के अलावा परिवाद निरीक्षक शैलेश शर्मा व वैयक्तिक सहायक केके मिश्रा कार्यक्रम में शामिल रहे। समारोह में विशेष रूप से यशपाल सिंह सेवानिवृत्त उप डाकपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## हैदरगढ़ क्षेत्र में बढ़ी चोरियां, पुलिस के लिए चुनौती

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



कोतवाली क्षेत्र में चोरों की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई हैं। बीती रात चोरों ने हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित नैनखेरा चौराहे पर स्थित तीन दुकानों के ताले तोड़ दिए।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गजाखेड़ा गांव निवासी प्रमोद पाल की पाल किराना स्टोर के नाम से नैनखेरा चौराहे पर दुकान स्थित है । बीती रात चोर शटर का ताला तोड़कर गल्ला में रखी लगभग ?3000 की चिल्लर चुरा ले गए। सुबह सूचना पर दुकान पर आए प्रमोद पाल ने बताया कि 10 और 20 की नोटों से भरा गल्ला उन्हें दुकान के बाहर पड़ा मिला और पैसे गायब मिले। जिसकी सूचना उन्होंने 112 पुलिस को दी ।मौके पर आई पुलिस ने छानबीन की। उसके बाद कोतवाली हैदरगढ़ की पुलिस भी मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल की

इसी क्रम में चोरों ने पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिव रतनगंज अंतर्गत खरावा गांव निवासी सूरज चौरसिया कि सूरज वस्त्रालय एवं नैनखेर चौराहे पर ही नीचे दुकान और ऊपर मकान बनाकर रहने वाले आशुतोष वाजपेई की दुकान को भी अपना निशाना बनाया। और ताले तोड़ दिए।

चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों की फरियाद पर चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी लगानेऔर गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

## मकान में दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



कई लोग घायल

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत जासेपुर गांव में मकान के पिछले हिस्से में दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्षो में जोरदार मारपीट हो गई। इस मारपीट में दोनो पक्षों के लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र नजीर अहमद एवं पड़ोस में रहने वाले अल्लन नेता के बीच में मकान के पिछले हिस्से में दरवाजा लगाने को लेकर विवाद चल रहा है।

रविवार की सुबह अतीक के मकान में दरवाजा लगाया जा रहा था इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया।

इस मारपीट में दोनों बच्चों के सोफिया बेगम पत्नी कमरूजमा, महविश कि अमरीन पुत्री कमरूजमा, मेहरुन्निसा पत्नी मोहम्मद अशफाक अहमद मोहम्मद आतिफ पुत्र आसिफ खान एवं जुनैद के अलावा दूसरे पक्ष की रेशमा पत्नी अतीक अहमद, अतीक अहमद पुत्र नजीर अहमद, नाका बानो एवं मुस्कान आदि घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई गई है पुलिस दोनों पक्षों के घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आगे की कार्यवाही कर रही है।

इसी मामले में किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने भी अल्लन खा के विरुद्ध कोतवाली परिसर में गाली गलौज करने व कालर पकड़कर अपमानित करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## मो. जावेद राज्य गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डिजिटल शिक्षा और सामाजिक जागरुकता में दिया योगदान



शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे एम.जे.एस. ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सरेनी के संस्थापक मो. जावेद जी को सिविल पब्लिक वेलफेयर सर्विस इंडिया द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य गौरव सम्मान समारोह 2025 में राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, समाजसेवा और युवाओं में रोजगार के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मान. दिलीप जायसवाल (राज्यमंत्री, कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार)मध्यप्रदेश शासन, मान. नरेंद्र शिवाजी पटेल जी (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन) किशन सूर्यवंशी (भोपाल नगर निगम अध्यक्ष), प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश शासन) तथा डॉ. विजय कुमार यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष नागरिक जन कल्याण सेवा भारत) उपस्थित रहे। एम.जे.एस. ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सरेनी लंबे समय से वंचित और जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था का उद्देश्य है कि हर बच्चा बेहतर शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। संस्था द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा एवं मार्गदर्शन कार्यक्रमों से अनेक बच्चों को नई दिशा मिली है। सम्मान प्राप्त करने के बाद मो. जावेद ने कहा, ÷ये सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरी पूरी एम.जे.एस. टीम का है। हम बस एक कोशिश कर रहे हैं कि समाज में शिक्षा के साथ संवेदना भी बनी रहे। मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि और मुख्य मिशन शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाना है, जिससे यह सभी के लिए सुलभ और किफायती हो, खासकर कंप्यूटर प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्रों में। हमारा संस्थान कंप्यूटर शिक्षण, ग्राफिक डिज़ाइन, वेब विकास, प्रोग्रामिंग, हार्डवेयर, और नेटवर्किंग जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों गरीब बच्चो को उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है, जिससे छात्रों को सफल करियर बनाने में सशक्त बनाया जा सके। हम मानते हैं कि शिक्षा एक क्रांति है। शिक्षण केवल एक पेशा नहीं है; यह एक कला है जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

## पुलिस कर्मियों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने का आरोप

जनता बोली- कानून सिर्फ आम लोगों के लिए

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस पर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं स्थानीय लोगों को कहना है कि पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के सड़क पर दिखाई देते हैं तो उनके लिए कोई कानून नहीं है जबकि आम नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के नाम पर बार-बार रोका जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चेकिंग पॉइंट निर्धारित नहीं है वहीं पुलिस कर्मियों द्वारा अचानक चेकिंग लगाकर चालान काटना शुरु कर दिया जाता है। इससे राहगीरों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है और किसानों एवं साधारण नागरिकों को अक्सर निशाना बनाया जाता है जबकि कई बार बिना हेलमेट वाले अन्य वाहन चालक बिना किसी रोक-टोक के पुलिस के सामने से चले जाते हैं।

जनता का कहना है कि नियम सबके लिए बराबर होने चाहिए चाहे वह पुलिस कर्मचारी हो या फिर किसान हो ट्रैफिक नियमों का पालन सभी पर समान रूप से लागू हो और पुलिसकर्मियों को भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट पहनकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

## अचानक ढ़ही कच्ची दीवार बाल-बाल बचे परिजन

कई वर्षों से कर रहे आवास की मांग, नहीं ली किसी ने सुध



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कच्ची दीवार पर रखा हुआ टीन सेट एवं उसके नीचे सो रहा परिवार घर गृहस्ती के साथ मवेशी भी अचानक सहम गए घटना उस समय की है जब रात में सोते वक्त दीवार के साथ टीन सेट अचानक भरभरा कर गिर गया। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़े तो उसके नीचे से दो मवेशी एवं सो रहे परिवार को बाहर निकाला डलमऊ तहसील क्षेत्र के आफताब नगर में निर्मला अपने पति मनीष और चार बच्चों के साथ टीन सेट के नीचे पिछले एक दशक से गुजर बसर कर रही हैं। शनिवार की रात को अचानक जब पूरा परिवार सो रहा था तो बनी हुई कच्ची दीवार और उस पर रखा हुआ टीन सेट अचानक भरभरा कर गिर गया उसके नीचे दो मवेशी भी दब गए दंपति एवं उसके बच्चों की चीज पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़े तो किसी तरीके से उनको बाहर निकाला। खाने–पीने एवं घर गृहस्ती का सामान उसके नीचे दब गया पीड़ित परिवार की माने तो कई बार गुहार लगाई लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला इस बार भी आवास की आस में परिवार आस लगाए बैठा हुआ है । बेघर को घर देने का सरकार का सपना इस परिवार के आगे बेबस नजर आ रहा है निर्मला कहती है कि 10 वर्षो से आवास की आस में बैठी हुई है कई बार उच्च अधिकारियों की चौखट तक गई एक बार आवास के नाम पर उनसे पैसे भी लिए गए लेकिन अभी तक आवास नसीब नहीं हुआ बरसात के दिनों में बड़ी समस्या उठानी पड़ती है बच्चों के साथ ठंड में किसी तरीके से रात गुजरती है इस संबंध में उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है जांच कराई जाएगी।

## क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज, अमेठी।



राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद द्वारा रविवार को एक विशेष मासिक बैठक विकास खण्ड बाजार शुकुल के अमेरिकन स्कूल शाहाबाद पूरे गय्यन सौना मे आयोजित की गई। यह बैठक क्रांतिकारी पत्रकार परिषद केंद्रीय प्रमुख/राष्ट्रीय अध्यक्ष मा अनिल दूबे आजाद के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य बरनवाल ने की। जिलाध्यक्ष आदित्य बरनवाल ने कहा कि संगठन के आदर्श नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रेरणा से केंद्रीय प्रमुख ने संगठन की स्थापना उनके जन्म दिवस पर किया था। आज पूरे देश में संगठन जागरूक संगठन के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। परिषद सभी पत्रकार साथियों के हित और संरक्षण के लिए सदैव अग्रसर है और आगे भी रहेगा। बैठक में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने पत्रकारों पर बढ़ते दबाव, फील्ड रिपोर्टिंग से जुड़ी चुनौतियों और डिजिटल युग में जिम्मेदार मीडिया की भूमिका पर व्यापक चर्चा की। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में पत्रकार सुरक्षा और अधिकारों के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर क्रांतिकारी पत्रकार मोहम्मद आसिफ एडम, रामधनी शुक्ला, अदनान चौधरी, राम प्रकाश यादव, राम प्रताप तिवारी, प्रदीप मिश्रा, सूरज तिवारी, एसबी सिंह, अमर बहादुर, सुनील कुमार, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद शोएब आदि लोग उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** इनरव्हील क्लब बिसवां द्वारा ग्राम महाराजनगर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को संबोधित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपनी साफ–सफाई और स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता की कमी से होने वाली आम बीमारियों को समय रहते रोककर स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जा सकती है। शिविर में सीएचसी टीम के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लव मिश्रा, दंत चिकित्सक डॉ. सुरभि मिश्रा तथा अन्य चिकित्सा दल ने रोग परीक्षण, रक्त जांच और शुगर जांच की सेवाएं प्रदान कीं। लाभार्थियों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन इनरव्हील क्लब बिसवां के तत्वाधान में किया गया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष गुरमीत कौर, समाजसेवी सलिल सेठ, गुंजन सेठ, एकता गुप्ता, शिवानी अग्रवाल सहित क्लब की अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।





## प्रेसीडेन्ट एप्रीसियेशन अवार्ड से डॉ. बृजेश सिंह सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** चंडीगढ़ मे आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन (आईएसीएम) के 31वें वार्षिक सम्मेलन में रायबरेली के प्रख्यात चिकित्सक और आईएसीएम के जिला अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश सिंह को प्रेसीडेन्ट एप्रीसियेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। चिकित्सा सेवा क्षेत्र मे काम कर रहे सैकड़ों चिकित्सकों की मौजूदगी में पंजाब सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलवीर सिंह ने जब डॉ. ब्रजेश को यह सम्मान प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि डॉ ब्रजेश को यह गौरवपूर्ण सम्मान, चिकित्सा के क्षेत्र में उनके स्मरणीय व सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इसी कॉन्फ्रेंस में डडॉ बीरबल, डॉ. रोहित हसानी, डॉ. राजीव चौधरी को फेलोसिप अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ में जिले के चिकित्सकों ने अपनी समर्पित व सराहनीय सेवाओं के लिए उत्कृष्ट सम्मान पाकर चिकित्सा के क्षेत्र मे रायबरेली को सर्वोच्च शिखर पर प्रतिस्थापित कर दिया है। चिकित्सकों को मिली उपलब्धि पर समूचा जनपद गौरवान्वित है। इस कॉन्फ्रेंस में रायबरेली से डॉ मनीष चौहान डॉ. क्रमौर्या डॉ. राजेश गुप्ता डॉ. के पी वर्मा डॉ. एआर त्रिपाटी डॉ. विपिन गुप्ता ने भी प्रतिभाग किया।

## राष्ट्रीय सेवा परिषद 14 दिसंबर को आयोजित करेगा पुरुष आयोग पर विचार गोष्ठी

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय सेवा परिषद प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी की अध्यक्षता में बट्सगंज में बैठक की गयी। बैठक में आतिथी में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महसचिव शिव बालक त्रिवेदी रहे। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 14 दिसंबर 2025 की दोपहर 1 बजे से शहर के लालबाग शहीद पार्क स्थित हिंदी सभागार में पुरुष आयोग की मांग को लेकर विचार गोष्ठी, नाट्य मंचन व वीडियो प्रस्तुति किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी व उनके प्रदेश कार्यकारणी के द्व्रारा किया जाएगा। आयोजन में राष्ट्रीय, जिला व केंद्र के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया, और कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष की जुम्मेदारी संगठन के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम कुमार कटियार को दी गयी। प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने कहा देश में पुरुष प्रताड़ना के मामले बढ़ गए इसको लेकर पूरे देश से डाटा एकत्रित किया गया उसको विचार गोष्ठी के दौरान वीडियो प्रस्तुति के मध्यम से दिखाया जाएगा। जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने कहा जनपद के सभी समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनो को आमंत्रित किया जाएगा, और उनसे सीमित समय में वर्तमान समय में पुरुष आयोग की आवश्यकता विषय पर विचार लिया जाएगा। अंत में जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकान्त बाजपेयी ने समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनो को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महसचिव शिव बालक त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ शांतिस्वरुप रस्तोगी जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ दीपक श्रीवास्तव, प्रतिनिधि विधि परामर्श केंद्र न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव आदि रहे।

## लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर निकाला गया भव्य यूनिटी मार्च

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विकास खण्ड बाजार शुकुल के अंतर्गत भव्य यूनिटी मार्च निकला गया। यह यात्रा पांडेगंज से शुरू होकर अम्बेडकर चौराहा होते हुए मवैया चौराहा तक पहुँची। इस यात्रा में लोगों ने उत्साहपूर्वक हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगाए। दो किलोमीटर लंबी पदयात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भागीदारी रही। मार्च का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश मसाला सहित कई प्रमुख नेताओं ने किया। विधायक सुरेश पासी ने बताया कि पीएम मोदी पटेल के 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार कर रहे हैं। कार्यक्रम में सरदार पटेल व डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, मुन्ना सिंह तिलोई, सिद्धांत जैन, महेश शास्त्री अयोध्या एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

## एकता में शक्ति सीखना है सरदार पटेल का जीवन : विशाल सक्सेना

बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीयता और कौमी एकता के प्रतीक लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन सेठ दयाल इंटर कॉलेज सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विशाल सक्सेना लेफ्टिनेंट एनसीसी ने उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम शिक्षा प्राप्त करेंगे तभी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सभी बातों का अच्छी तरह से अनुसरण कर पाएंगे।

सरदार पटेल का जीवन और कार्य हमें सिखाता है कि एकता में शक्ति है, और हमारा देश एकता के बिना नहीं चल सकता। विशिष्ट अतिथि शकील अहमद अंसारी प्रधानाचार्य ने शानदार कार्यक्रम के लिए आयोजक वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें एकता दृढ़ता एवं देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। श्रीकांत प्रवक्ता इतिहास ने कहा कि सरदार पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल संचालन कर रहे मकसूद अली आजाद प्रवक्ता अंग्रेजी ने कहा कि महात्मा गांधी के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और देश को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मकसूद अली आजाद ने सिराज टाइम्स अखबार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से देशभक्ति का जज्बा पैदा होता है। अजीत आर्य ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर, हम राष्ट्रीयता की भावना को भी याद करते हैं।

मुफ्ती सुहेल कासमी, मौलाना फहीम जामई, डा0 अहमद अली अंसारी, उप संपादक वहाजुद्दीन ग़ौरी आदि वक्ताओं ने अपने ओजस्वी भाषण से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने आगुंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर, हम गंगा-जमुनी तहज़ीब को भी याद करते हैं। यह तहज़ीब हमें सिखाती है कि कैसे दो अलग-अलग संस्कृतियों को मिलाकर एक नई संस्कृति बनाई जा सकती है। कार्यक्रम में हाल ही में हुए दिल्ली ब्लास्ट मामले को लेकर मज़म्मत व श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी अतिथिगण का बैज अलंकरण एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को उपहार से नवाजा गया। बता दें कि उक्त आयोजन हिंदी दैनिक अखबार सिराज टाइम्स के बैनर तले आयोजित हुआ। पत्रकार अलमास अंसारी व मो0 अजीम को भी सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, शिक्षक-शिक्षिकाएं,छात्र एवं छात्राएं, अधिवक्तागण, समाजसेवी एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।

# प्रभात उजास न्यास ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

पंडित राज किशोर दुबे की स्मृति में प्रभात उजास न्यास ने जेडी जनता इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने साहित्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, डॉ. शिवोम अंबर, प्रियांशु गजेन्द्र, अजीत शुक्ला, शशि श्रेया, देवेंद्र प्रताप सिंह आग, मयंक अवस्थी, देवेश दीक्षित और उत्कर्ष अग्निहोत्री ने काव्य पाठ कर भावनाओं का अपार प्रवाह किया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने कहा यह धरती साहित्य, शिक्षा और संस्कृति की मजबूत नींव है। यहां की प्रतिभाओं ने नगर का नाम कई क्षेत्रों में रोशन किया है। तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने अपने पूर्व छात्र के रूप में जेडी जनता इंटर कॉलेज का जिक्र करते हुए कहा यहां से प्राप्त शिक्षा आज मुझे समाज सेवा में समर्पित कर रही है।

कार्यक्रम की आयोजक इंदिरा दुबे ने भावुक होकर कहा शिक्षा, संस्कार और साहित्य का बीज हमारे ससुर पंडित राज किशोर दुबे द्वारा रोपा गया था, जिसे आज पुष्पित-पल्लवित होते देखना सुखद है। संचालन कर रहे शशिकांत शुक्ल ने स्वर्गीय दुबे जी के दर्शन को दोहराते हुए कहा सूरज की तरह सभी दिशाओं को न उजागर करें, बल्कि दीया बनकर आसपास को रोशन करें। अशिक्षा के अंधकार को शिक्षा का दीपक जलाकर दूर करें और बड़े कामों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर पूरा करें। कार्यक्रम में गीतकार सुशांत श्री ने भजन और हर्षदीप ने गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, विपिन दुबे, विपिन दीक्षित, ओम प्रकाश शुक्ल %अज्ञात%, विमलेश गुप्ता, प्रताप सिंह यादव, प्रदीप प्रधान, रमेश शर्मा, गौरव त्रिपाठी, डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, प्राचार्य जयवीर सिंह, ज्ञानेश द्विवेदी, राजेश दुबे, कमल यादव, सत्य प्रकाश, अनुज दुबे सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सम्मानित की गई प्रतिभाएं

छिबरामऊ। प्रभात उजास न्यास के तत्वावधान में पंडित राज किशोर दुबे स्मृति प्रतिभा सम्मान में विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल टॉपर रेनू (हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज), इंटरमीडिएट टॉपर दिव्यांशी (प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज), नेहरू पीजी कॉलेज से बाए टॉपर खुशी गुप्ता, बीएससी टॉपर अलका यादव, एमएससी गणित टॉपर प्रवीण कुमार शर्मा, एमएससी रसायन विज्ञान टॉपर मनस्वी शुक्ला और कला क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आकांक्षा गुप्ता (मरणोपरांत उनके माता-पिता को) सम्मानित हुईं। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. संतोष मिश्रा, समाज सेवा में गोल्डन पहल फाउंडेशन के महेंद्र सिंह राठौर, पत्रकारिता में वरिष्ठ पत्रकार सचिन द्विवेदी, राजीव नयन त्रिपाठी, अखिलेश सविता, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय व दिलीप सिंह बिष्ट को सम्मान प्रदान किया गया।

# सीसीए के छात्र का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमक

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता संस्थान ब्रेनोब्रेन द्वारा आयोजित रीजनल लेवल प्रतियोगिता में सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी (सीसीए) के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। 9 नवंबर को सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 9 डी के जीवेश यादव ने 7वें स्तर पर चैंपियन ट्रॉफी जीतकर प्रतियोगिता में श्रेष्ठता दिखाई। कक्षा 5 सी के दीपक पाल ने तृतीय स्तर पर चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करते हुए शानदार सफलता हासिल की। कक्षा 7 ए की आइशा ने प्रथम स्तर पर गोल्ड मेडल, जबकि ओजस्वी ने तृतीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता। जूनियर वर्ग में कक्षा 4 ए की ओमिका यादव ने तृतीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के चेयरमैन प्रदीप प्रधान ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। सीईओ विश्वास प्रधान ने सफलता को बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रमाण बताते हुए कहा कि यह जीत हमें और ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देती है। एडमिनिस्ट्रेटर सुधा प्रधान ने बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का वातावरण विद्यार्थियों को नए आयाम देने के लिए सदैव प्रेरित करता है। कन्वीनर मधु प्रधान ने प्रतियोगिता को बच्चों के मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा। प्रिंसिपल नीरा प्रसाद ने कहा कि छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया है कि मेहनत और मार्गदर्शन मिलने पर वे हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने की क्षमता रखते हैं।

# साहब! यहां तो विद्युत कनेक्शन तक नहीं शोपीस बना तैयार खड़ा राजकीय नलकूप



शोपीस बना खड़ा राजकीय नलकूप

समधन, समृद्धि न्यूज।

किसानों की मांग पर नलकूप विभाग की ओर से दूसरी जगह राजकीय नलकूप को रिवोर करा दिया गया लेकिन विधुत विभाग की ओर से कनेक्शन न करने से डेढ़ वर्ष बीतने के वाद भी शुरू नहीं हो पाया है। समधन नगर के मोहल्ला नेहरू के संतोषा के पास राजकीय नलकूप संख्या 16 किसानों की मांग पर बीते डेढ़ वर्ष पहले नलकूप विभाग की ओर से रिवोर करा दिया गया लेकिन बिजली विभाग के लापरवाह अफसरों की कारगुजारी के चलते यहां तों न खम्बा न ट्रांसफार्मर रखें जाने से नलकूप शोपीस बना खड़ा है।

तों यहां के किसानों को इस वर्ष भी आलू फसल की सिंचाई करने के लिए इस सरकारी राजकीय नलकूप से उम्मीद नहीं दिख रही है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ किसानों में सुनील कुमार, राजू सिंह, अजमेर सिंह, मुन्ना लाल, नजमुल , नईम आदि ने बताया कि जब नलकूप रिवोर हो गया तो विधुत विभाग के अफसर चालू करने के लिये लाइन खींचने के साथ ट्रांसफार्मर रखवाने में देरी क्यों कर रहे हैं।

पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी से डेढ़ वर्ष से शोपीस बना खड़ा राजकीय नलकूप पर विधुत कनेक्शन तत्काल करायें जाने की मांग की है।

# एसआईआर फॉर्म भरना सभी मतदाताओं के लिए अनिवार्य



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2025 की मतदाता सूची तैयार करने के लिए हर मतदाता को एसआईआर फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा करना अनिवार्य है। कई लोग अभी भी भ्रम में हैं कि 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम होने से फॉर्म भरने की जरूरत नहीं। विधायक ने स्पष्ट किया कि सभी को फॉर्म भरना होगा। यदि आपका नाम 2003 की सूची में है, तो फॉर्म के बाएं कॉलम में उसका विवरण दर्ज करें। यदि नाम नहीं है, तो दाएं कॉलम में माता, पिता, दादा या दादी में से किसी एक का 2003 का मतदाता विवरण भरें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में मतदाता पहचान पत्र के लिए केवाईसी अनिवार्य होगा। सभी मतदाता तुरंत फॉर्म भरें और नजदीकी बीएलओ से संपर्क करें, ताकि नाम कटने से बचा जा सके। यह अभियान मतदाता सूची को पारदर्शी और अद्यतन बनाने का प्रयास है।

## वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाएं: अरशद अली



हिदायत देते टीएसआई अरशद अली

**शहर में टीएसआई ने चेकिंग अभियान चलाकर किया जागरूक**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। यातायात माह के मद्देनज़र जिलेभर में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी है। क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के तहत टीएसआई अरशद अली ने शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर लोगों को जागरूक किया। नवंबर माह लगभग समाप्ति की ओर है और दिसंबर की शुरुआत के साथ ही कोहरे का असर बढ़ने लगा है। ऐसे में सड़क हादसों की आशंका भी तेज़ी से बढ़ जाती है। दिन छोटे और दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। टीएसआई अरशद अली ने सराय मीरा, मकरंद नगर तिराहा, लाखन तिराहा समेत कई स्थानों पर राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए तथा उनसे सुरक्षित यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोहरे के मौसम में बिना आवश्यकता वाहन न चलाएं। यदि यात्रा करना आवश्यक हो तो गति नियंत्रित रखें, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही अपने वाहन में रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं, जिससे कम दृश्यता में वाहन आसानी से दिखाई दे सके। इस मौके पर आरक्षी संदीप, राजेश बाबू, होमगार्ड नीरज, पीआरडी जवान मौजूद रहे।

## महाकालेश्वर मंदिर संडीला से युवाओं की दंडवत यात्रा जारी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज। संडीला के महाकालेश्वर मंदिर से प्रेमानंद जी महाराज के वृंदावन धाम तक निकली युवाओं की दंडवत यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। रविवार को जब यह यात्रा कस्बा जलालाबाद पहुँची तो स्थानीय लोगों ने यात्रियों का स्वागत किया और उनके संकल्प की सराहना की। दंडवत यात्रा में शामिल मुरादनगर सोम, संडीला के निवासी अंकित, हिमांशु और सचिन ने बताया कि यात्रा 10 नवम्बर से प्रारम्भ हुई है। प्रतिदिन लगभग 15 किलोमीटर की दूरी दंडवत करते हुए तय की जा रही है, जबकि कुल 400 किलोमीटर का लंबा मार्ग पूरा करना है। तीनों युवाओं ने बताया कि उनका उद्देश्य प्रेमानंद जी महाराज के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करना और समाज में आध्यात्मिक जागरण का संदेश देना है। स्थानीय लोगों का कहना था कि युवाओं का यह कठिन संकल्प सभी के लिए प्रेरणा है।

# आरोग्य मेले में 2739 मरीजों को मिला इलाज

**अधिकारियों ने आरोग्य मेले का निरीक्षण कर, दिए निर्देश**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला जिले के सभी 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 3 नगरीय पीएचसी पर आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के मुताबिक मेले के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मेले में आए नागरिकों को विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच-उपचार, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श, हेपेटाइटिस बी-सी कार्ड परीक्षण, टीबी संभावित मरीजों की जांच, नेत्र परामर्श, तथा आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मेले में कुल 2739 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, जिनमें 1127 पुरुष, 1105 महिलाएं और 507 बच्चे शामिल रहे। वहीं 13 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। सभी केंद्रों पर चिकित्सकों के साथ पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहा। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य मेलों का उद्देश्य लोगों को नजदीकी केंद्र पर ही समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें समय से उपचार के प्रति जागरूक करना है।

# सेमरीपुरवा में खेतों में पहुंची बाघिन का रेस्क्यू ऑपरेशन सफल

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में वन विभाग की टीम ने एक भटकी हुई बाघिन को सुरक्षित ट्रैन्कुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया। मझगई रेंज के अंतर्गत ग्राम सेमरीपुरवा, मजरा बसन्तापुर कलां में पिछले दो दिनों से बाघिन के खेतों में विचरण की सूचना मिल रही थी, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार शनिवार से ही बाघिन गांव के नजदीक काश्तकारी क्षेत्र में दिखाई दे रही थी। खेतों की मेड़ों पर बाघिन के पंजों के निशान मिलने से गांव में भय का माहौल बन गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। वन क्षेत्र की सीमा से बाहर आने के बाद बाघिन को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व तथा प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तर खीरी वन प्रभाग / उप निदेशक, बफर जोन के निर्देशन में रविवार सुबह विशेष टीम के साथ ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने ड्रोन, ट्रैकर और ट्रैंकुलाइज गन के साथ खेतों में बाघिन को लोकेट किया और सुबह करीब 7:30 बजे बाघिन को सफलतापूर्वक ट्रैन्कुलाइज कर लिया। बेहोशी की पुष्टि होने के बाद उसे विशेष पिजड़े में सुरक्षित रखा गया। इसके बाद वन विभाग के पशुचिकित्सक की निगरानी में बाघिन को रेंज परिसर मझगई लाया गया।

# सीएचसी में खून का नमूना देने गई युवती से छेड़छाड़

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विशुनगढ़ में युवती से छेड़छाड़ की खबर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने घटना को गंभीर बताते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। शनिवार को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेन्द्रभान सिंह तथा सीएचसी छिबरामऊ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा विशुनगढ़ पहुंचे। टीम ने मौके पर मौजूद कार्मिकों से पूछताछ की और पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी एकत्र की। जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार (चीफ फार्मासिस्ट), सुब्रत दीक्षित (लैब टेक्नीशियन) एवं अजीत सिंह (डार्क रूम असिस्टेंट) के बयान दर्ज किए गए। तथ्यों से यह सामने आया कि आरोपी युवक जयपाल वर्ष 2023 में 10 अगस्त से 30 नवंबर तक फार्मेसी के व्यवहारिक प्रशिक्षण पर चिकित्सालय में कार्यरत था। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद वह किसी भी रूप में अस्पताल से जुड़ा नहीं है। जांच टीम इसके बाद थाना विशुनगढ़ पहुंची। वहाँ उपनिरीक्षक ने बताया कि 13 नवंबर 2025 की घटना के संबंध में पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर आरोपी जयपाल सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि प्रकरण में तत्परता और कठोरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में अस्पताल परिसर में इस तरह की कोई भी घटना न दोहराई जाए और आमजन का विश्वास स्वास्थ्य सेवाओं पर कायम रहे।

# रोटावेटर में फंसकर युवक की मौत, गांव में मातमी सन्नाटा

निघासन खीरी। तहसील क्षेत्र अंतर्गत पढ़ुआ थाना क्षेत्र के त्रिकौलिया गांव में रविवार सुबह खेत की जुताई के दौरान हुए भयावह हादसे में एक युवक की रोटावेटर में फंसकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। हर ओर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश उर्फ बंटी शर्मा (20) पुत्र सदाराम सुबह गांव के ही खगेश्वर के खेत में रोटावेटर लगाने गया था। आशाराम के ट्रैक्टर पर मशीन सेट करते समय अचानक उसका पैर रोटावेटर के अंदर चला गया। कुछ ही सेकंड में मशीन तेज रफ्तार से घूमने लगी और बंटी उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसा इतना भयावह था कि उसका एक पैर पूरी तरह कटकर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही सिर में गहरे घाव लगने से उसने मौके पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। यह सब कुछ इतना अचानक हुआ कि कोई उसे बचा भी नहीं सका। उधर, खेत के पास ही गन्ना छील रहे मजदूरों ने शोर सुनते ही दौड़कर ट्रैक्टर बंद कराया और काफी मशक्कत के बाद बंटी को मशीन से बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने तुरंत गांव में सूचना दी। परिजन भागते हुए खेत पहुंचे तो बंटी को मृत अवस्था में देखकर बदहवास हो गए। रोते-बिलखते परिजनों ने शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। परिजनों ने पुलिस को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी है, न ही किसी कार्रवाई की मांग की है। मृतक के भाई लवकुश ने बताया कि बंटी पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मेहनती और शांत स्वभाव का था।

# तेंदुए के हमले से बच्चे सहित पांच लोग घायल

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।



शारदा नगर वन रेंज के गुलरीपुरवा और सुकेतू गांव में आदमखोर तेंदुए ने दो अलग-अलग जगहों पर कहर बरपा दिया। पहली घटना में 13 वर्षीय बालक अंकुश पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं शोर सुनकर मदद को दौड़ीं गांव की महिलाएं और खेत में काम कर रहे लोग भी तेंदुए के निशाने पर आ गए। कुल मिलाकर पांच लोग उसके हमले में बुरी तरह घायल हुए हैं। क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

अंकुश (13) अपने पिता के लिए खाना लेकर खेत जा रहा था। जैसे ही वह गांव से थोड़ी दूरी पर पहुंचा, झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उस पर जोरदार हमला कर दिया। बचने के लिए अंकुश की चीख सुनकर पास ही चारा काट रही और बकरियां चरा रही महिलाएं भागकर पहुंचीं। उन्होंने शोर मचाकर तेंदुए को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह और ज्यादा उग्र हो गया। तेंदुए ने पहले लक्ष्मी (32) पर हमला किया, फिर उसी क्रम में जगदीश (55), गोमती (14) और सुकेतू निवासी विनोद गुप्ता (50) को भी बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह लाठी-डंडों से शोर मचाकर तेंदुए को दूर किया और घायलों को बाहर निकाला। घायल लोगों को पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर चोटों को देखते हुए सभी को आनन फानन में नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। डॉ. अभिषेक कुमार वर्मा ने बताया कि सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। उपचार जारी है और हालत स्थिर बनी हुई है। 3 माह पहले भी निशाना बना चुकी है एक महिला, इलाज के दौरान हुई थी मौत इसी सुकेतू गांव में करीब तीन महीने पहले भी तेंदुए ने एक महिला पर हमला किया था। गंभीर चोटों के कारण उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उस घटना के बाद शारदा नगर वन रेंज की टीम ने मौके का निरीक्षण कर पिंजरा लगाया था, लेकिन तेंदुआ पकड़ में नहीं आया था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण बेहद आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही लगातार बनी रहती है, लेकिन वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता।

## सामान लेने निकला किशोर हुआ मार्केट से गायब

ईसानगर खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। ग्राम पंचायत खमरिया से खमरिया के लिए घर से सामान लेने को निकाल 17 वर्षीय किशोर हुआ अचानक गायब। प्राप्त जानकारी के अनुसार ताजा मामला ग्राम खमरिया पं0 के 17 वर्षीय देवा गुप्ता उर्फ भोलू के लापता होने का है, जो शुक्रवार शाम करीब 5 बजे खमरिया मार्केट में सामान लेने गया था। इसके बाद वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों ने बताया कि देवा के पास करीब नौ हजार रुपये भी थे। देर शाम तक घर न लौटने पर आसपास, बाजार और रिश्तेदारी में खोजबीन की गई, लेकिन किशोर का कोई पता नहीं चला। काफी तलाश के बाद परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की तहरीर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना खमरिया क्षेत्र में लगातार बढ़ रही घटनाएं क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।

# एक लाख बीस हजार रुपए उचक्का लेकर हुआ फरार

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना खमरिया से कुछ ही दूरी पर पिता-पुत्र के साथ हुई वारदात ने पुलिस सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारकर दोनों को घायल कर दिया और मौके की अफरा-तफरी में उनके पास रखे 1 लाख 20 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीकेशन पुत्र फकीरा, निवासी मुरौवनपुरवा, ग्राम कुसेपा, थाना लहरपुर (सीतापुर) ने बताया कि वह 14 नवंबर को अपने बेटे पप्पू के साथ लेवरों को पैसा देने ग्राम जेठरा आए थे। लेकिन लेवरों ने पैसा लेने से मना कर दिया, जिसके बाद दोनों शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान थाना खमरिया से कुछ दूरी पर ग्राम बसढ़िया के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने तेज रफ्तार से उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान श्रीकेशन के अनुसार उनके पास रखे 1,20,000 मौके से गायब हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने घायल पिता-पुत्र को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी नकहा भेजा, जहाँ दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

# आटा टोल प्लाजा पर गैस टैंकर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

रविवार सुबह आटा टोल प्लाजा के पास हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के गैस टैंकर में आग लग गयी । धुंआ उठता देख टोल कर्मियों ने उसे रोक लिया और अग्निशमन यंत्रों से उसे बुझा दिया अन्यथा की स्थिति में बडा हादसा हो सकता था। हाईवे का रखरखाव करने वाली कम्पनी के मैनेजर इंगलेश शर्मा के मुताबिक रविवार लगभग साढे पांच बजे हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का गैस टैंकर संख्या यूपी 17 टी 9071 कानपुर के लिए जा रहा था लेकिन टोल प्लाजा से निकलते समय वहां मौजूद टोल कर्मी ने टैंकर के नीचे से धुंआ उठता देख उसके चालक को जानकारी दी। चालक ने उसे आगे बढ़ाकर रोक दिया और आग पर काबू पाए जाने का अनुरोध किया था हालांकि टैंकर मे ज्वलनशील पदार्थ होने से वहां अफ्रा तफ्री का माहौल उत्पन्न हो गया था लेकिन टोल नाका में मौजूद कर्मचारियों ने अग्निरोधी उपकरणों की मदद से आग बढ़ने से रोक दिया था जिसके बाद वहां का माहौल सामान्य हुआ था। कम्पनी के मैनेजर के अनुसार टैंकर के पहिये में आग भडकी थी और उसे समय से देखा न गया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था फिलहाल टोल कर्मी की सक्रियता से दुर्घटना टल गई है।

# युवक की डंपर के नीचे आने से मौत



जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की बाइक सड़क पर पड़ी गिट्टी पर फिसली। हादसे में बगल में चल रहे डपंर के नीचे बाइक सवार युवक के आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार दूसरा युवक बच गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डंपर को कोतवाली में खड़ा कराया और चालक से पूछतांछ की जा रही है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासी अंकित पहारिया (30) पुत्र विनोद कुमार के परिवार में आगामी 22 नवंबर को शादी है। शादी के कार्ड बांटने के लिए अंकित अपने साथी रणजीत (18) पुत्र सोनू के साथ बाइक पर शादी के कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। जब वह बाइक लेकर छत्रसाल स्कूल के पास पहुंचे। तभी फोरलेन सड़क पर गिट्टी का ढेर पड़ा हुआ था। वह गिट्टी के ढेर से होकर बाइक को निकालने लगा। तभी अचानक गिट्टी पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर गिर गई। उसी समय औरैया की ओर से एक डंपर उरई की ओर जा रहा था। बाइक चला रहा अंकित फिसलकर बगल में चल रहे डंपर के नीचे आ गया। शरीर का ऊपरी हिस्सा डंपर के पहियों की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा रणजीत हादसे में बाल बाल बच गया। डंपर चालक ने मौके से डंपर लेकर भागने की कोशिश की लेकिन कुछ ही दूरी पर राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

# चोरी की नियत से घर में घुसे युवक को पुलिस को सौंपा

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड पर ब्लैक 11 बिस्ट्रा रेस्टोरेंट के मालिक ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जब वह अपने घर में मौजूद था उसी दौरान एक युवक फर्जी मीटर रीडर बनकर चुपचाप उसके मकान के अंदर घुस आया और मीटर से छेड़छाड़ करने लगा तभी मैं आ गया तो उससे मकान के अंदर आने का कारण जानना चाहा तो वह बोला मुझे शीतल नाम के साथी ने भेजा है। इस पर मैंने पूरे घटनाक्रम की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी और पकड़े गये युवक को पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार झांसी रोड निवासी सुमित राजपूत पुत्र अमित कुमार झांसी रोड पर ही ब्लैक 11 बिस्ट्रा नाम से रेस्टोरेंट संचालित करते हैं। रविवार को ढाई बजे के लगभग जब सुमित अपने मकान के अंदर थे तभी एक युवक फर्जी मीटर रीडर बनकर उनके मकान के अंदर चुपचाप घुस आया और मीटर से छेड़छाड़ करने लगे तभी मेरा घर के अंदर से निकलना हुआ तो मैंने उसे मीटर से छेड़छाड़ करते पकड़ लिया और उससे चुपचाप मकान के अंदर घुसने का कारण जानना चाहा तो वह हड़बड़ाहट में बोला कि मुझे शीतल नामक युवक ने भेजा है।

## सदगुरु ही कराता है परमात्मा के दर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज। पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने कहा परमात्मा कभी भी मनुष्य को डायरेक्ट नही मिलते। परमात्मा से मिलने के लिए सदगुरु का होना जरूरी है क्योंकि वही हमें अच्छे बुरे की पहचान कराने के साथ भक्ति का सदमार्ग भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा हजारों वर्ष पहले लोग परमात्मा को पाने के लिए जंगलों वनों में भटकते और कठिन से कठिन त्याग तप करते थे तब भी परमात्मा की प्रति नहीं हो पाती थी लेकिन आज निरंकारी मिशन परमात्मा की पहचान क्षण भर में करा देता है। आज हमें जंगलों वनों में नहीं भटकना पड़ता हैं। परमात्मा हमारे अंग संग हमेशा रहता है।

# चोरों ने बंद मकान से लाखों के जेवर, नकदी व लाइसेंसी बंदूक चुराई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

- गृहस्वामी के भाई द्वारा विरोध करने पर चोर फायर करते हुए भागे
- एएसपी ने मौके पर पहुंचे, पुलिस को घटना का खुलासा करने के दिये निर्देश

बीती रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात व नकदी समेत एक लाइसेंसी बन्दूक चुरा ली। जब परिजनों को जानकारी हुई, तो परिजनों ने विरोध किया। जिस पर चोरों ने फायर किया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया और पुलिस को मामले की जांच कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव कलाखेल मऊरशीदाबाद निवासी शन्दू खां परिवार सहित अपनी भांजी की शादी में अमानाबाद कमालगंज गए हुए थे। चोरों ने देर रात मेन गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। उन्होंने कमरों के ताले तोड़े और अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चुरा ली। चोरों ने दो सेट झूमर, दो सेट गले के सोने के आभूषण, दो जोड़ी बुंदे, दो जोड़ी सोने की चूड़ियां, चांदी के सिक्के, 35 हजार रुपये नकद और एक सिंगल बैरल लाइसेंसी बंदूक चुरा ली। शन्दू के छोटे भाई फहमी जब देर रात करीब 1 बजे परिवार सहित वापस लौटे, तो उन्होंने घर का गेट खुला देखा। जैसे ही वह अंदर पहुंचे, तो चोर भागने लगे। फहमी ने एक चोर को पकड़ने का प्रयास किया, तो चोर ने उस पर बंदूक तान दी। बच्चों के शोर मचाने पर चोरों ने सामने केले के बाग में फायर करते हुए मौके से फरार हो गए।


चोरों द्वारा तोड़ी गयी सेफ

फहमी ने तुरंत अपने भाई शन्दू को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वे वापस लौट आए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया और पुलिस को मामले की जांच कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजेपुर/अमृतपुर में 33000 केवी में ब्रेकडाउन होने से करीब 70 गांवों की बिजली गुल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर व अमृतपुर में 33000 केवी में ब्रेकडाउन होने से करीब 70 गांवों की बिजली गुल हो गयी। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर करीब 6 घंटे बाद फाल्ट खोज पाया। तब जाकर विद्युत आपूर्ति बहाल हुई।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम अमृतपुर तहसील और राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गंगापार के 70 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। बिजली विभाग के अनुसार 33000 केवी लाइन में ब्रेकडाउन होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। आशंका जताई जा रही है कि किसी पेड़ के तार पर गिरने से फाल्ट हुआ है। राजेपुर, बरुआ, हमीरपुर, भावपुर, अलीगढ़, कड़क्का, जमापुर, गोटिया, सबलपुर, कंचनपुर और अमृतपुर सहित कुल 70 गांवों की बिजली गुल हो गयी। राजेपुर और अमृतपुर बिजली उपकेंद्रों से इन क्षेत्रों की आपूर्ति काट दी गई है। राजेपुर बिजली उपकेंद्र के जेई हरिओम सिंह ने बताया कि फाल्ट का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए कर्मचारियों को लगाया गया। देर शाम ठप हुई विद्युत आपूर्ति देर रात बहाल हो सकी।


राजेपुर विद्युत उपकेंद्र

# एसपी ने थाने का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने शनिवार की रात जहानगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र के काली नदी बॉर्डर बैरियर पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग भी की और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मैस और बैरकों का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी सिंह ने थाना क्षेत्र में सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों, सक्रिय अपराधियों और टॉप 10 अपराधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बीट प्रणाली, शस्त्रों के भौतिक सत्यापन, यातायात व्यवस्था और वर्तमान में चल रहे सभी पुलिस कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ जहानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में पैदल गश्त की। इसका उद्देश्य शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना था। जिसके लिए उन्होंने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


जहानगंज थाने का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक

# डीएम ने हवन पूजन के साथ चीनी मिल के पेराई सत्र का किया शुभारंभ

- पहले गन्ना लाने वाले किसानों को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार, मिल समिति के उपाध्यक्ष जय गंगवार और जीएम शादाब असलम सहित अन्य अधिकारियों ने आहुतियां दीं।

इसके बाद जिलाधिकारी ने मिल गेट का फीता काटकर पेराई सत्र की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले गन्ना भरी बैलगाड़ी लाने वाले फतेहपुर गांव के किसान सुखराम पुत्र गंगा सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया। बैलों को गुड़ चना खिलाने के बाद बैलगाड़ी की तौल की गई। दूसरे गेट पर ममापुर निवासी आज्ञाराम गंगवार को पहला ट्रैक्टर लाने के लिए शॉल और स्टील की बाल्टी भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर के गन्ने की तौल की गई। जिलाधिकारी ने क्रेन का बटन दबाकर उसमें गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। बटन दबते ही मिल का सायरन बज उठा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से मिल को अधिक मात्रा में गन्ने की आपूर्ति करने की अपील की। उन्होंने बताया कि निजी चीनी मिलों को आवंटित किए गए तौल केंद्रों को वापस लेने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रसायनविद विवेक चंद्र यादव, चीफ इंजीनियर पी राम, मुख्य गन्ना अधिकारी प्रमोद यादव, चीफ एकाउंटेंट मेवा लाल पासी, ओंकार सिंह गंगवार, सतीश गंगवार, सिलेश तिवारी और सुरेश चंद्र सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


हवन पूजन करते डीएम, एडीएम, चीनी मिल प्रबंधक आदि


बैलों को गुड़ चना खिलाते जिलाधिकारी

# सीओ ने नवाबगंज थाने का किया निरीक्षण, परिसर में गंदगी देख जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आईजीआरएस, भोजनालय और परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को देखा। साथ ही साथ उन्होंने थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों, भोजनालय और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिसकर्मियों ने सबसे पहले क्षेत्राधिकारी को सलामी दी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, अपराध निरीक्षक कक्ष और प्रभारी निरीक्षक कक्ष का गहनता से मुआयना किया। उन्होंने आईजीआरएस कक्ष में लंबित और निस्तारित मामलों की जानकारी ली। इसके बाद वे भोजनालय पहुंचे और पुलिसकर्मियों से डाइट की जानकारी ली। पुलिसकर्मियों ने बताया कि प्रति डाइट 54 रुपये खर्च होते हैं। उन्होंने भोजनालय में खराब पड़े फ्रीजर को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर में खड़े वाहनों को व्यवस्थित तरीके से एक ओर खड़ा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मालखाना के चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने परिसर में फैली गंदगी को साफ कराने के आदेश दिए। थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडेय, अपराध निरीक्षण संजय कुमार राय, उप निरीक्षक गिरीश कुमार, हेमंत कुमार, हेडमुहर्रिर वीरेन्द्र सिंह, आलोक कुमार, सुधांशु, अरविंद कुमार सहित पुलिस कर्मी रहे।


थाना परिसर में हो रहे निर्माण कार्य को देखते सीओ

# डायल 112 पीआरपी सिपाहियों से मारपीट कर फाड़ी वर्दी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ में एक सड़क दुर्घटना के बाद हंगामा खड़ा हो गया। घायल के परिजनों ने मौके पर पहुंचे डायल 112 पीआरवी सिपाहियों से मारपीट की और उनकी वर्दी फाड़ दी।

शनिवार रात थाना कादरीगेट के भाऊपुर गांव निवासी अनूप अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी गांव के पास उनकी बाइक की एक कार से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अनूप घायल हो गए। कार चालक घायल अनूप को तुरंत फतेहगढ़ के एक निजी अस्पताल ले गया। घटना की सूचना मिलते ही अनूप के परिजन अस्पताल पहुंच गए और कार चालक से विवाद करते हुए मारपीट करने लगे। हंगामा बढ़ता देख डायल 112 पीआरवी के सिपाही राहुल मलिक और वीरेंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन घायल के परिजनों ने उनसे भी मारपीट की और उनकी वर्दी फाड़ दी। स्थिति बिगड़ने पर फतेहगढ़ कोतवाल रणवीर सिंह मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद हंगामा शांत कराया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। पीआरवी सिपाही राहुल मलिक की तहरीर पर कोतवाली फतेहगढ़ में सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और वर्दी फाड़ने का मुकदमा दर्ज किया गया है। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी रणविजय सिंह ने रविवार दोपहर बताया कि सिपाही से मारपीट की गई है और आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।


पीआरपी सिपाहियों से वाद विवाद करते परिजन


पुलिस हिरासत में आरोपी

## बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्फ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी कल्लन उर्फ दलजीत पुत्र हीरेन्द्र उर्फ हीरा ठाकुर निवासी ग्राम मुरान थाना मेरापुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना शुक्रवार शाम करीब छह बजे की है। बच्ची अपने घर के बाहर बकरी के बच्चे के साथ खेल रही थी, तभी गांव के ही एक 44 वर्षीय व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर उसकी मां घर से बाहर आई। मां को देखते ही आरोपी वहां से भाग निकला। थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान भी कर दिया गया है।

# जन आरोग्य में 211 ग्रामीणों ने करायी जांच, लीं दवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेल का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीण अंचलों से आए 211 मरीजों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गई।

जानकारी के अनुसार रविवार को अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एलोपैथिक विभाग के कुल 146 मरीजों और आयुर्वेदिक विभाग के 65 मरीजों को परामर्श व दवाएं दी गईं। जांच शिविर में 16 मरीजों में मलेरिया, 11 में टाइफाइड, 7 में श्वसन रोग, 18 में शुगर और 4 में डेंगू की पुष्टि हुई। कुल 211 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं। एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गौरव वर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर हर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को उनके घर के पास ही सभी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मेले में ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड और डेंगू की निःशुल्क जांचें की गयीं। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण, पोषण संबंधी परामर्श तथा स्वच्छता व खानपान से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की गयी। वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ0 शैफाली भदौरिया ने जानकारी दी कि आयुर्वेदिक दवाएं रोग को जड़ से खत्म करने में प्रभावी होती हैं। मरीजों को उनकी शारीरिक प्रकृति और रोग लक्षणों के आधार पर औषधि दी जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अब धीरे-धीरे आयुर्वेदिक चिकित्सा की ओर आकर्षित हो रहे हैं।



जन आरोग्य मेले में मौजूद चिकित्सक व मरीज

## जिला उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) की बैठक चांदपुर में जिला संयुक्त महामंत्री अनीता शर्मा के निवास पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के कार्यों के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और नए पदाधिकारी का गठन भी किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। साथ ही कहा गया कि सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करें। जिससे संगठन मजबूत हो सके। बैठक के दौरान समस्यायें भी उठायी गयीं। बैठक में जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला, जिला संयुक्त महामंत्री अनीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नेहा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष माला चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, पप्पी पांडे, अनीता शर्मा, अनुपम शर्मा, टीना शर्मा, संगीता शर्मा, रीता बाजपेई, सपना चतुर्वेदी, श्रीदेवी राजपूत आदि महिलाए मौजूद रहीं।


बैठक में मौजूद नव नियुक्त पदाधिकारी

# दो पक्षों में जमकर मारपीट, महिलाओं समेत आधा दर्जन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर में रविवार सुबह सड़क पर जमकर दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। इस दौरान लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने से दोनों की महिलाओं सहित कुल छह लोग लहूलुहान हो गए। घायलों में दो युवकों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घटना सुबह उस समय शुरू हुई जब कल्लू अपने घर के बाहर खड़े थे और तभी गांव के विक्रम से उनकी किसी पुरानी बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई।

बात इतनी बढ़ी कि गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों के परिजन आमने-सामने आ गए और यह विवाद मारपीट में बदल गया। इस झड़प में कल्लू की तरफ से कल्लू, उनकी बहनें खुशबू, पूजा और भाई रवि प्रताप घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से अंकित और विक्रम चोटिल हुए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ0 वशिष्ठ कटियार ने बताया कि अंकित और विक्रम की चोटें गंभीर थीं। जिसके चलते उन्हें उच्च उपचार के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


सीएचसी में भर्ती घायल

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की बैठक में रखे अपने-अपने सुझाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की मासिक बैठक रविवार को अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ की नए सदस्य बनाऐ जाएं तथा समाज उपयोगी कार्य किये जाएं। के0के0 पाठक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल कैंप लगाए जाने का सुझाव दिया। समिति के समन्वक संजय दुबे ने कहा कि दांतों का एक कैंप डॉ0 श्याम वर्मा के अस्पताल बढ़पुर में शीघ्र ही लगाया जाएगा। इस काम के लिए अध्यक्ष ने प्रभारी रामकुमार वर्मा व संजय दुबे को नियुक्त किया। इस कैंप की डेट शीघ्र ग्रुप के माध्यम से सदस्यों को सूचित की जाएगी। डॉ0 आर.के. गुप्ता ने भी वरिष्ठ नागरिक को रेलवे में रिजर्वेशन आदि के लिए जिलाधिकारी से मिलने का सुझाव दिया। जिसका उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। बैठक में अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा तथा संचालन सह सचिव राम कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर आर.के. वर्मा, डॉ0 आर.के. गुप्ता, के.के. पाठक, आर.बी. पांडे, यशपाल सिंह, श्रीकृष्ण पाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस के दरोगा गिरीश चंद्र तथा महिला कांस्टेबल शालिनी ने जागरुकता कार्यक्रम चलाकर आने जाने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मामलों, संबंधित कानूनों और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए। जिनमें 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1090 वुमेन पावर लाइन और 1076 सीएम हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी संकट की स्थिति में बिना किसी झिझक के इन नंबरों का उपयोग करें। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा और अपराध रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।


मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करती पुलिस

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सरदार @150 पदयात्रा आयोजित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



यूनिटी मार्च-सरदार @150 पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व अन्य

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च-सरदार @150 पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के नवाबगंज मंडल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च-सरदार @ 150 पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह पदयात्रा भोलेनाथ मंदिर, रोशनाबाद से प्रारम्भ होकर कलावती मॉडर्न पब्लिक स्कूलए मंझना तक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अमृतपुर विधानसभा के विधायक सुशील कुमार शाक्य एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। लगभग 5 किलोमीटर की इस विशाल पदयात्रा में मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवाओं का उत्साहपूर्ण जुड़ाव देखने को मिला। पूरे मार्च के दौरान युवाओं ने देशभक्ति के गीतों, नारों और ऊर्जा से वातावरण को प्रेरणादायी बनाए रखा।

पदयात्रा सियाराम पेट्रोल पम्प से होते हुए अपने समापन स्थल कलावती मॉडर्न पब्लिक स्कूल पहुँची। यहाँ उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान, सांसद मुकेश राजपूत, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, भाजपा महामंत्री डीएस राठौर, सुनील रावत, अतुल सिंह गंगवार, वीरेंद्र कठेरिया, संदीप शाक्य, जय गंगवार, कमल भारद्वाज सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमन अवस्थी द्वारा किया गया।

पदयात्रा का उद्देश्य सरदार पटेल की राष्ट्रीय एकता, संगठन शक्ति एवं देशनिर्माण की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले मधुमेह जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


मुख्य अतिथि डॉ. वंदना द्विवेदी को सम्मानित करते सोसाइटी के लोग

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा पुलिस लाइन में मधुमेह से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमित सक्सेसना के द्वारा योग एवं नेचुरपैथी के माध्यम से मधुमेह से बचाव के बारे मे जागरूक किया गया। डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव ने मधुमेह से होने वाली जटिलत्ता एवं बचाव के बारे मे बताया तथा 130 लोगों का परीक्षाण किया एवं शुगर, बीपी एवं अन्य जाचें कीं। मुख्य अतिथि प्रो0 वंदना द्विवेदी ने योग करने के लिए जागरूक किया और कहा की योग से शरीर स्वस्थ रहता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो आप समाज की सही से सेवा कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन अंजुम दुबे ने किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा सोसाइटी के सदस्य अजय प्रताप सिंह आकाश चतुर्वेदी धीरेन्द्र वर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्था की। प्रतिसार निरिक्षक अविचल पाण्डेय ने कार्यक्रम के आयोजन मे बहुमूल्य योगदान किया।

# सीओ ने किया थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण, मातहतों के कसे पेंच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


थाने का निरीक्षण करते सीओ

सीओ अमृतपुर संजय वर्मा ने रविवार शाम लगभग 5 बजे राजेपुर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। थाने पहुंचकर उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का बीरीक से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों,. असलाह कक्ष, महिला डेस्क, कंप्यूटर रूम, मेस तथा साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। साथ ही थाने में खड़ी लावारिस बाइकों, शौचालयों, जर्जर भवनों और आवासीय बैरकों की भी जांच की। सीओ संजय वर्मा ने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान दरोगा अमित कुमार ने उन्हें सलामी दी। सीओ ने उनसे पिस्टल खुलवाकर उसकी जांच भी की। निरीक्षण में राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार, दरोगा अमित कुमार, दरोगा श्याम बाबू रहे। सीओ संजय वर्मा ने बताया कि यह नियमित अर्धवार्षिक निरीक्षण था। जिसमें साफ-सफाई और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सम्पन्न

▸ प्रोफेसर वंदना द्विवेदी ने प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी



विजेता छात्र-छात्रायें तथा आयोजकगण

जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ प्रोफेसर वंदना द्विवेदी पत्नी जिलाधिकारी ने किया।

प्रतियोगिता में 16 वर्ष की आयु एवं 14 वर्ष की आयु वर्ग में 183 बेटियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता के समापन में पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, सिद्धार्थ मिश्रा प्रबंधक आरआरबी पब्लिक स्कूल, कर्मवीर सिंह जिला कीड़ा अधिकारी, अंजुम कुमार दुबे अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ के द्वारा किया गया। अंडर-16 की कैटेगरी में ऊंची कूद, 60 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, 600 मीटर रेस की प्रतियोगिता हुई। 14 आयु वर्ग में ऊंची कूद, बैक थ्रू, 600 मीटर रेस कराई गई। किड्स में 60 मीटर रेस व भाला फेंक की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रतियोगिता के आयोजन में लगभग 25 निर्णायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर मनीष, कुलदीप यादव, सुनील पाल, केशव कुमार गंगवार, राजीव बाजपेई, मोहम्मद अहमद, जितेंद्र कुमार, लवी राठौर, प्रकृति वर्मा, वीना यादव, सुहानी राठौर, नितिन राठौड़, अनमोल बाथम मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संयोजक एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनींद्र कुमार ने किया। इसके अलावा अजय प्रताप सिंह, शीश मल्होत्रा, राजीव बाजपेई, कोच पूनम, कोच सुशांत, विनीत, दीक्षा पांडे, गोविंद पांडे, आयोजक पंडित शिवकुमार शास्त्री, आचार्य अविनाश पांडे, अनुराग तिवारी, कनक तिवारी, सत्यपाल सिंह, अंजुम दुबे एडवोकेट, अनमोल दीक्षित, जवाहर मिश्रा, रामवीर सिंह चौहान, अरविंद भदौरिया, डॉ0 रंगनाथ मिश्रा भी मौजूद रहे।


पुलिस हिरासत में वांछित अभियुक्त

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 107/2025 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्त शैतान सिंह पुत्र अवधेश निवासी विक्रमपुर थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 12.05.25 को वादी के पुत्र ने अपनी पत्नी व उसके प्रेमी शैतान सिंह उपरोक्त के प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिस संबंध में वादी वीरेन्द्र पुत्र चोखेलाल शाक्य निवासी भैंसरी सिवारा खास थाना कम्पिल की तहरीर के आधार पर न्यायालय के आदेश से दिनांक 06.07.2025 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–107/2025 धारा–103(1)/238 बीएनएस में पंजीकृत किया गया। साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा–103०(1)/238 बीएनएस का लोप करते हुये धारा–108 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शैतान सिंह पुत्र अवधेश निवासी विक्रमपुर थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में मिशन 2027 फतेह करने पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी आदि

समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर संपन्न हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। साथ ही सभी लोगों से अपने-अपने बूथों पर बीएलओ से मिलकर वोट बनवाने की बात कही गयी।

बैठक में प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने अपने विचारों व्यक्त किये और एसआईआर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बैठक में सुनीता शाक्य प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा एवं प्रतिभा यादव जिला सचिव महिला सभा तथा पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष ने अपने-अपने विचारों को रखा और भाजपा पर बार करते हुए कहा कि 2027 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। इसके लिए सभी लोग बहुत ही सजग होकर अपने-अपने बूथ पर बीएलओ से मिलकर सभी के वोट बनवाएं। डॉक्टर बलराम सिंह यादव ने कहा कि कोई खास बात नहीं है। सब लोग मिलकर एसआईआर के प्रहरी बनेंगे और सभी के वोट बनवाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केके यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ने की तथा संचालन अमित यादव जिला महासचिव ने किया। बैठक में चंद्रपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष के अलावा इलियास मंसूरी जिला महासचिव, रामपाल सिंह यादव जिला फ्रंटल संगठन प्रभारी, अशोक अंबेडकर राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब वाहिनी, दीक्षा शाक्य जिला सचिव महिला सभा, रामाधार सिंह प्रदेश सचिव, राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, राकेश श्रीवास्तव जिला सचिव, शंभू दयाल जिला सचिव, इस्तकार हुसैन जिला सचिव राजीव यादव जिला सचिव, राजपाल जिला सचिव, प्रमोद कुमार जिला सचिव, ललित कश्यप जिला सचिव, वेद प्रकाश जाटव जिला सचिव, राकेश कुमार जिला सचिव, सौदान सिंह जिला सचिव, बहादुर सिंह जाटव जिला उपाध्यक्ष, पवन कुमार जिला सचिव आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल आज नगर में एडीएम/एएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था


कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था देखते एएसपी व एडीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सोमवार को जनपद में आयेंगे। वे फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जेएनवी रोड स्थित एक स्कूल के रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह और सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय पुलस बल के साथ स्कूल पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और स्कूल प्रबंधन से राज्यपाल के बैठने के स्थान तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने बताया कि राज्यपाल सोमवार सुबह लगभग 11 बजे पहुंचेंगे और कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के आगमन के कारण रूट डायवर्जन भी किया जाएगा।

# भाकियू (अवधेश) की महापंचायत में जन समस्याओं पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


महापंचायत के दौरान मौजूद पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत अजमतपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि संतोष पाठक प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) का सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। किसान महापंचायत का संचालन अनिल कुमार श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया। इस मौके पर कई जन समस्याओं पर चर्चा की गयी। किसान महापंचायत में संजीव तिवारी प्रदेश सह सचिव, देवेश सिंह पाल उपाध्यक्ष, रमेश सिंह, नेत्रपाल सिंह, रामसेवक, बृजपाल सिंह, हेमराज सिंह, नितिन कुमार जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी, सुशील कुमार, निजाम भाई, उमेश पाल, कन्हैया राजपूत, रमेश, अजीत पाल, रामवीर, प्रमोद, राहुल, आदेश पाल, राजेश कुमार, अजय ठाकूर, सौरव व अर्जुन ठाकुर, अखिलेश सिंह, धर्मेंद्र, सुरेश दुबे, सुशील दुबे, अश्विनी मिश्रा जिला अध्यक्ष कन्नौज, शैलेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष मैनपुरी, यशोदा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आदि तमाम किसान पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित हुए। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के विचारों से प्रभावित होकर नए 15 पदाधिकारी को संगठन की सदस्यता दी गई एवं संगठन के विचारों से अवगत कराया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश सिंह ने की।

# भाकियू का 12वें दिन धरना जारी, प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन करते पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) का धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अपनी मांगों के निराकरण न होने पर प्रशासन के अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन किया।

जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह शाक्य ने बताया कि धरने को 12 दिन हो चुके हैं, लेकिन उनकी एक भी मांग का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले विद्युत और शिक्षा विभाग के अधिकारी वार्ता के लिए आए थे और दो दिन में निराकरण का आश्वासन दिया था, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। संगठन का एक कार्यकर्ता मझोला निवासी रामरतन अपनी भूमि संबंधी समस्या को लेकर भूख हड़ताल पर बैठा है। जिला प्रभारी गिरीश चन्द्र शाक्य ने बताया कि तीन दिन पूर्व उप जिलाधिकारी और क्षेत्र अधिकारी ने धरनास्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनी थीं और निराकरण का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करने का आग्रह किया था। हालांकि किसानों का कहना है कि जब तक उन्हें मांगों के निराकरण का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तबतक धरना जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) को अन्य किसान यूनियनों का भी समर्थन मिला है। जिला प्रभारी गिरीश चंद्र शाक्य ने कहा कि जब तक शासन उनकी मांगों को हल नहीं करेगा, धरना समाप्त नहीं होगा। किसानों ने ग्राम सभा शिवरईमठ में अंबेडकर भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का भी आरोप लगाया और उसे कब्जामुक्त कराने की मांग की। किसान नेताओं ने ट्रांसपोर्ट चौराहा से रेलवे स्टेशन तक फैले अतिक्रमण को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 2023 को जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन नगर पालिका ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## स्वयं सहायता समूह की लापरवाही से खंडहर में तब्दील कूड़ा संग्रह केंद्र


खंडहर में तब्दील हुआ कूड़ा संग्रह केंद्र

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत लालपुर पट्टी में दो माह पूर्व तीन लाख रुपये की लागत से एक कूड़ा संग्रह केन्द्र बनाया गया था। आरआरसी योजना के तहत निर्मित यह केन्द्र एक दिन भी उपयोग में नहीं आ सका और अब यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। संग्रह केन्द्र की दीवारें टूट गईं। मुख्य गेट का दरवाजा गायब है और इसके अन्दर हाल कि किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। परिणामस्वरूप लाखों की लागत से बने यह संग्रह केन्द्र अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

गाँव में जगह-जगह कूड़े व गोबर के ढेर लगे हुए हैं। इन संग्रह केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी गाँव में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की हैं। उन्हें हर घर से 30 रुपये प्रति माह वसूल कर तीन सफाई कर्मचारियों के माध्यम से कूड़ा संग्रह केन्द्र का संचालन करना था। जिसके लिए सफाई कर्मियों को 6-6 हजार रुपये पारिश्रमिक दिया जाना था। यह निर्थक साबित हो रहा है। बच्चों द्वारा इसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे स्वच्छता व्यवस्था चरमराई हुई है।

# दबंगों के खिलाफ एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।


जांच पड़ताल करते सीओ व कोतवाल

जमीनी विवाद के चलते पैमाइश के बाद दबंगों द्वारा कब्जा करने को लेकर दलित युवक के साथ जातिसूचक गाली-गलौज कर मारपीट करने के लिए आमादा फसाद होने पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जोधा नगला निवासी कृष्णपाल पुत्र गंगाराम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पैतृक जमीन पिता के नाम पत्ता चांदपुर रोड पर स्थित है। जहां पीड़ित अपना घर बना कर रह रहा है। वहीं काफी दिनों से चल रहे जमीनी विवाद के चलते बीते दिन राजस्व विभाग की टीम ने खेत की पैमाइश कर उसमें सीमेंट के लट्ठे तथा तार लगवा दिए थे। बीते दो दिन पूर्व दूसरे पक्ष के आरोपीगण गांव पुराना गनीपुर निवासी प्रदीप पुत्र बृजमोहन, प्रिंस तथा बंटू पुत्रगण बबलू कायस्थ, संगम पुत्री बृजमोहन कायस्थ, सावित्री पत्नी बृजमोहन कायस्थ तथा संजय पुत्र संतराम कायस्थ निवासी ग्राम बरतल थाना नवाबगंज जमीन पर अपना कब्जा जताकर आए और कब्जा करने लगे। विरोध करने पर पीड़ित को जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी तहरीर थाना पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने दलित उत्पीड़न सहित एससी/एसटी एक्ट सहित कई सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। रविवार को क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे दरोगा गिरीश चंद्र तथा पुलिस बल के मौके पर गये और जांच की।

## मार्ग दुघर्टना मे दो चचेरे भाइयों की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव रायपुर खास के मोहल्ला गनाई निवासी अतुल मौर्या उम्र 28 वर्षीय पुत्र राम आसरे मौर्य शुक्रवार को अपने चचेरे भाई नितेश पुत्र शिव आसरे को कायमगंज स्टेशन छोड़ने आ रहा था। जैसे ही वह दोनों गाँव लखनपुर गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अतुल और नितेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने युवकों को सड़क पर पड़ा देख पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद कामिल मौके पर पहुंचे और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि नितेश की हालत नाजुक होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की मां शांति देवी, पत्नी सपना, और भाई संदीप व दीपक सहित परिजन सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र लेकर पहुंचे गए। सभी का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि अतुल की शादी दो साल पहले ही हुई थी। नितेश दिल्ली में काम करता है और अतुल उसे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

# सनातनधर्मियों का मंदिर पर कब्जे का प्रयास विफल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


पचपुखरा में स्थित मंदिर

सनातनधर्मियों के द्वारा एक मंदिर पर कब्जा करने का ग्रामीणों ने विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को निपटा दिया।

विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, बजरंग दल के विभाग संयोजक अभिषेक शाक्य, विहिप के नगर मंत्री सिद्धार्थ सिंह, सुजाता सिंह, संत शिवगिरी आदि अनेकों लोग दिन में करीब 1:30 बजे थाना मऊदरवाजा के ग्राम पचपुखरा पहुंचे। गांव के श्रीपाल सक्सेना, वीरु सक्सेना आदि लोगों की मंदिर पर कब्जा करने को लेकर कहासुनी हुई। इसी दौरान कब्जा करने की नियत से मंदिर पर रखे सामान को फेंका गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गांव के लोग मंदिर को सार्वजनिक बताने लगे। जबकि संत शिवगिरी ने बताया यह मंदिर उनके पुरखों की सम्पत्ति है। पुलिस ने फिलहाल गांव वालों को मंदिर में किसी प्रकार का निर्माण करने से रोक दिया है और संत शिवगिरी महाराज से मंदिर के कागजात लेकर थाने आने की बात कही। इसके बाद पुलिस चली गयी।

# मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला आयोजित

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।

> अगर आप किसी कारणवश अपना एसआईआर फार्म भरकर जमा नहीं कर सके, तो आप मतदाताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रहेंगे : जितेन्द्र दोहरे



जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के गहरे रोष के बीच समाजवादी पार्टी की ब्लाक व नगर स्तरीय विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला सम्पन्न हुई।

कस्बा के जवाहर रोड स्थित अवध गार्डन में रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर ब्लाक व नगर स्तरीय विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सांसद जितेन्द्र दोहरे ने भाजपा सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि एसआईआर पीडीए को खत्म करने की सोची समझी साजिश है। इसलिए सभी पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, बीएलए समेत मतदाता एसआईआर को गम्भीरता से लें। अगर आप किन्हीं कारणवश अपना एसआईआर फार्म भरकर जमा नहीं कर सके, तो आप मतदाताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रहेंगे। वहीं कार्यशाला को विधायक प्रदीप यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पूर्व मंत्री श्रीकृष्ण यादव, पूर्व मंत्री अशोक यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व चौयरमैन फुरकान अहमद, पूर्व जि.सं.स. मनोज यादव बण्टी, जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया (वीरू), अजय यादव, प्रदेश सचिव अनीता दिवाकर ने भी अपने-अपने उद्बोधन के माध्यम से अधिक से अधिक एसआईआर फार्म भरकर जमा कराने की पुरजोर अपील की। साथ ही सपा के एसआईआर जिला प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने बताया कि एसआईआर फार्म भरते समय पूर्णतया सावधानी बरतें। बीएलओ से आवेदन की दो प्रतियां प्राप्त करें तथा आवेदन जमा करते समय बीएलओ से एक प्रति पर प्राप्ति हस्ताक्षर अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु वाले नये मतदाता सम्बन्धित बीएलओ से नया फार्म प्राप्त कर अपना नवीन मतदाता आवेदन भी अवश्य करा लें। एसआईआर फार्म भरते समय यदि कोई प्रविष्टि समझ में नहीं आती है, तो उसके लिए सम्बन्धित बीएलओ का सहयोग लें, आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न करें। बैठक के शुभारम्भ में आधार यादव, पूर्व सभासद रोहित यादव टिंकू, निहालुद्दीन, बृजेश यादव मुनुआ सहित कई बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का समाजवादी पार्टी के कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जाने वाली अनदेखी के कारण गहरा रोष देखने को मिला। इससे पूर्व आगन्तुक अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यशाला के दौरान जि.पं.स. पुष्कर सिंह यादव, पूर्व चौयरमैन हाकिम सिंह, पवन यादव, प्रताप वर्मा, नीरज यादव, पम्मी यादव, रोहित यादव, मोहित यादव, रामपाल यादव, विवेक यादव, सुरेन्द्र यादव पप्पू सहित सैकडों पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एसकेएम 26 नवम्बर को करेगा प्रदर्शन




इटावा, समृद्धि न्यूज।

संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के एतिहासिक किसान आंदोलन की 5वीं बरसी पर मोदी सरकार द्वारा किये गये लिखित वादों से मुकरने के विरोध में राष्ट्रव्यापी आहवान पर जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन के क्रम में डा. अम्बेडकर चौराहे पर एकत्रित होकर इटावा कचहरी पर 26 नवम्बर को प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा।

एसकेएम इटावा की एक आवश्यक बैठक किसान सभा के जिला कार्यालय पर समपन्न हुई। एसकेएम उ.प्र. संयोजक समिति सदस्य मुकुट सिंह ने भाग लिया। बैठक में उ.प्र. किसान सभा एवं बीकेयू टिकैत के प्रमुख पदाधिकारियो संजीव यादव, रामबृजेश यादव, संतोष शाक्य, एन आर यादव, अमर सिंह शाक्य, डा. शौकीन सिंह, रामबरन यादव, विवेक यादव आदि ने भाग लिया।

बैठक में सभी फसलों का स्वामीनाथन आयोग के अनुरूप एमएसपी पर खरीदी की गारंटी, बिजली निजीकरण स्मार्ट मीटर योजना वापसी, कर्जमुक्ति, किसानो को 60 साला पेंशन 10 हजार रू. माह, मंहगाई, बेरोजगारी रोकने, धान की लूट बंद कर सरकारी क्रय केन्द्रों पर खरीद कराने, बासमती श्रेणी के धान का भाव 5000 रू. प्रति कुं. करने, सभी किसानो को आवश्यकता अनुसार खाद दिलाने, बैमौसम बर्षात बर्बाद फसलों का सर्वे कराकर 30 हजार रू. प्रति कुं. दिये जाने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रू. करने, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुदेलखंड एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले कुदरैल पर कट दिया जाये, बुदेलखंड एक्सप्रेस वे पर रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराने, ताखा तहसील के सामने तैयार खडे अस्पताल को चालू कराने एवं आईटीआई में पढाई शुरू कराने तथा ताखा तहसील में कृषि उत्पादन मंडी समिति की स्थापना आदि मांगो पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये जायेगें।

## खबरें एक नजर में

### 25 दिसम्बर से होगा बीपीएल का आगाज



बांदा, समृद्धि न्यूज। भागवत प्रसाद मेमोरियल में आयोजित बीपीएल सीजन 5 का ट्रायल आयोजित किया गया इस ट्रायल का शुभारंभ सीनियर खिलाड़ी विजेंद्र पांडे बिरजू भैया अनिल अवस्थी अन्नू भैया, शिव शरण कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा के द्वारा शुभारंभ किया गया इस ट्रायल में देश के कोने–कोने से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस ट्रायल में कई रणजी खिलाड़ी तथा बोर्ड प्लेयर बोर्ड ट्रॉफी प्लेयर और यूपी–2020 लीग के क्रिकेटरों ने भी प्रतिभाग किया इस ट्रायल के खिलाड़ियों का सिलेक्शन यूपीसीए पूर्व रणजी प्लेयर अमित मिश्रा (कानपुर), अभिनव दीक्षितजी (लखनऊ) विपलेंद्र सिंह (बनारस) के द्वारा लिया गया दो दिवसीय ट्रायल में कुल 323 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने हुनर, काबिलियत की परीक्षा दी।इस मौके पर बांदा प्रीमियर लीग आयोजन के संरक्षक वासिफ जमा खान, सदर विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी, विजेंद्र पांडे बिज्जू भैया, अनिल अवस्थी अन्नू भैया, बीपीएल चेयरमैन अंकित कुशवाहा बीपीएल आयोजन सचिव महेश साहिल बीपीएल सचिव धनंजय करवरिया, बीपीएल उपाध्यक्ष सहित कई सीनियर और जूनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### अलग-अलग स्थानों पर अवैध गांजे की खेती करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार




बांदा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अलग–अलग स्थानों से अवैध गांजे की खेती करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई ग्राम गोखिया में 02 व्यक्तियों अपने–अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है तथा अवैध रुप से हरे गांजे को सुखाकर उनकी बिक्री भी की जाती है । सूचना पर तत्काल दो अलग–अलग पुलिस टीमों द्वारा ग्राम गोखिया में अभियुक्त लखन लाल पुत्र जयराम व संतोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण के घर पर छापेमारी करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा दोनों के घरो से कुल 17 किलो 10 ग्राम अवैध हरा गांजा तथा 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ जिसमें अभियुक्त लखन लाल के घर से 10 किलो 740 ग्राम हरा गांजा व 570 ग्राम सूखा गांजा तथा अभियुक्त संतोष के घर से 06 किलो 70 ग्राम हरा गांजा व 530 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम लखन लाल पुत्र जयराम निवासी गोखिया थाना अतर्रा जनपद बांदा व सन्तोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण निवासी गोखिया थाना अतर्रा जनपद बांदा है।

### एएसपी ने थाना तिन्दवारी का किया आकस्मिक निरीक्षण



बांदा, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा देर रात्रि थाना तिन्दवारी का आकस्मिक निरीक्षण कर अर्दली रूम किया गया । इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए । अर्दली रुम के दौरान थाना प्रभारी व सभी विवेचकों से उनके क्षेत्रो की आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे । अपराधों की समीक्षा के क्रम में माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान थाने मे विवेचनाओं की समीक्षा, अपहर्ताओं की बरामदगी के निर्देश दिये गए साथ ही वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए । इस दौरान थानों के विभिन्न रजिस्टरों, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालयों, मेस आदि को चेक कर प्रभारी निरीक्षक थाना तिन्दवारी दीपेन्द्र कुमार सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### मिनी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज। कमासिन कस्बे के इंटर कालेज के क्रीड़ा मैदान में एकदिवसीय मिनी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, बांदा चित्रकूट सांसद ने उद्घाटन किया,उसके बाद खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। कमासिन कस्बे के विनोवा इंटर कॉलेज के खेल मैदान में रविवार को एकदिवसीय मिनी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में बांदा/चित्रकूट सांसद श्रीमती कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार कमासिन ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर झंडारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी दी  वहीं विगत वर्ष की चौंपियन छात्रा मनोरमा देवी ने मसाल लेकर फील्ड में दौड़ लगाई, तत्पश्चात सांसद  के द्वारा फीता काटकर खेल का उद्घाटन किया।प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी आठ संकुल के विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में जूनियर स्तर व प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर, 100 मीटर,200 मीटर, 400 मी 600 मी,की दौड़ कबड्डी प्रतियोगिता, लंबी कूद, प्रतियोगिता, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता,  एवं दिवारी प्रतियोगिता कराई गई। वहीं पर बच्चों के द्वारा देश भक्ति गीत पर डांस प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। वही कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने सभी विजई प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। वही रविवार की शाम प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आनंद सिंह गौतम, आशुतोष गौतम ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा संघ निर्णायकों में सुमित मलिक, विनय सिंह, जयप्रकाश गौतम, दिरपाल, सुशील कुमार, सुरेश वर्मा, आलोक कुमार अशोक कुमार, अमित विश्वकर्मा, चुन्ना पाल,शोभा देवी,  अनुदेशक सहित सभी संकुल के व्यायाम शिक्षक,एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### धर्मेंद्र दूबे बने सहकारिता उपसमिति के सदस्य

इटावा, समृद्धि न्यूज। युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र दुबे को उत्तर प्रदेश शासन के सहकारिता आयुक्त, सहायक निबंधक द्वारा राज्य का सहकारिता मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति में जनपद से प्रतिनिधित्व के लिए सदस्य बनाया गया है। उनके साथ ही मनोज राजपूत का भी मनोनयन हुआ है। उप समिति की बैठक आईसीसीएमआरटी भवन लखनऊ में 27 नवंबर को होनी प्रस्तावित है। श्री दुबे के प्रदेश स्तरीय समिति में चयन की खबर सुनकर भाजपा नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। भारी संख्या में लोग उन्हें बधाई संदेश दे रहे हैं तथा मिलकर बधाइयां दे रहे हैं।

# लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उपशाखा ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ला को सौंपा। इस दौरान उपजिलाधिकारी काव्या सी भी मौजूद रही। संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की है।

लेखपाल संघ ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान समय में लेखपाल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रमुख मांगों में लेखपालों की शैक्षणिक योग्यता और पदनाम परिवर्तन, वेतनमान का उच्चीकरण, एसीपी विसंगति दूर करना तथा मृतक आश्रितों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देना शामिल है।

संघ का कहना है कि अन्य विभागों में स्थानांतरण प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, परंतु लेखपाल वर्ग इससे वंचित है। इसके अतिरिक्त, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पदों का सृजन, स्टेशनरी भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये करना, नियत यात्रा भत्ते के स्थान पर मोटरसाइकिल भत्ता लागू करना तथा विशेष वेतन भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह करना भी मांगों में शामिल है। संघ ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण सूची जारी करने और राजस्व निरीक्षक पदोन्नति के लिए डीपीसी विभागीय पदोन्नति समिति का शीघ्र आयोजन कराने की भी मांग की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लेखपाल जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करते हैं, लेकिन सुविधा और संसाधनों की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों को प्राथमिकता पर लेकर उचित कार्यवाही करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील अध्यक्ष अजय यादव, मंत्री सुधीर चतुर्वेदी, विपिन कुमार, संजय कुमार, रामनरेश सिंह, सुन्दर सिंह, नेत्रपाल सिंह, रीतू, श्रद्धाकमल सहित समस्त लेखपालों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## माता-पिता गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न



इटावा, समृद्धि न्यूज।

दिगंबर जैन प्राचीन पंचायती मंदिर, पंसारी टोला में दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत मातादूपिता गोद भराई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फिरोजाबाद के न्यू तिलक नगर में 17 से 21 नवंबर तक आचार्य वसुनंदी सागर महाराज के सान्निध्य में होने वाले आदिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महामहोत्सव के शुभारंभ से पूर्व आयोजित किया गया। पंचकल्याणक में इटावा निवासी महेश चंद्र जैन एवं उनकी पत्नी सुषमा जैन को माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसी उपलक्ष्य में पंसारी टोला स्थित मंदिर में सायंकाल 7 बजे श्रीजी की भक्ति और महाआरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इसके बाद माता पिता की पारंपरिक गोद भराई संपन्न हुई, जिसमें काजू, बादाम, मखाना, किशमिश आदि मेवों के साथ तिलक, पगड़ी व शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भक्ति नृत्य की भी सुंदर प्रस्तुतियाँ हुईं। जिसमे राकेश जैन चौ स्वदेश जैन चौ प्रशांत जैन मीडिया प्रभारी चौ अभिनंदन जैन नंदू मोहित जैन व महिला मंडल श्रीमती सरोज जैन भारती जैन नीता जैन ज्योति जैन स्वेता जैन  सुनीता जैन पिंकी जैन अलका जैन मीनू जैन नेहा जैन अनीता जैन अमिता जैन आदि श्रृद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अवैध तमंचों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



बांदा, समृद्धि न्यूज। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को अवैध शस्त्रो व कारतूसो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना कमासिन पुलिस को रात्रि गशत एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रानीपुर में दो व्यक्ति अवैध तमंचा के साथ अपने खेतो के बीच बने हार में बैठे है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर दोनों व्यक्तियों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो मौके से 01 अवैध तमंचा( अद्धा) 315 बोर, व 01 तमंचा 12 बोर तथा 08 जिन्दा कारतूस कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार अभियुक्तों में रम्पत पुत्र कोदूराम निवासी रानीपुर थाना कमासिन जनपद बांदा व रामबाबू पुत्र कैरा प्रसाद निवासी रानीपुर थाना कमासिन जनपद बांदा हैं।

# युवक की रोटावेटर में फंसकर मौत

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोढी में शनिवार की सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर पर बैठे किसान पुत्र रवि यादव 15 वर्ष पुत्र मंशाराम यादव की ट्रैक्टर से गिरकर रूटावेटर में फंसकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुत्र की रूटावेटर में फंसकर मौत की खबर से परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीण शोक में डूब गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोढादेव मोढी मृतक रवि यादव के पिता मंशाराम यादव ने बताया कि उसके दो बेटे पवन 17 वर्ष व रवि 15 वर्ष, एक बेटी कु0 सिरियल 13 वर्ष में रवि बीच का छोटा बेटा था और सबसे अधिक मेहनती, समझदार होने के साथ पूरे घर परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाला बेटा था। रवि की सोच के आधार पर 15 दिन पहले उन्होंने नया ट्रैक्टर और मात्र तीन दिन पहले ही उपरोक्त रूटावेटर खरीदा था।

ट्रैक्टर चलाने के लिए विधिवत एक चालक भी रखा गया था, लेकिन घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वे अपने छोटे बेटे रवि के साथ अपने खेतों में खाद फेंकने व गेहूं की बुआई कर रहे थे। जबकि चालक ट्रैक्टर से गांव निवासी रविन्द्र सिंह यादव के खेत की जुताई कर रहा था। उसका बेटा रवि अपने खेत से ट्रैक्टर चालक को नाश्ता खिलाने गया था, इस बीच वह चालक के साथ ट्रैक्टर पर बैठ गया और अज्ञात कारणों के चलते रवि ट्रैक्टर से गिरकर रूटावेटर में फंस गया। जिससे रवि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर पिता मंशाराम, मां रन्नो देवी, बड़ा भाई पवन और इकलौती सबसे छोटी बहन कु0 सिरियल का रो -रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर को परिजनों की सुपुर्दगी में देकर फरार चालक की पूछतांछ के लिए तलाश शुरू कर दी हैं।

# पांच दिसम्बर को दिल्ली रामलीला मैदान को कूच करेंगे शिक्षक

> टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया के बैनर तले बारह राज्यों के शिक्षक होंगे एकत्रित



बांदा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की इकाई बांदा के पदाधिकारियों की एक बैठक  राजा देवी डिग्री कॉलेज के सभागार में जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भर्ती पूर्व निर्धारित सेवा शर्तों के आधार पर हुई है।

बीस साल पहले हुई भर्ती को आज के परिप्रेक्ष्य में देखना सरासर गलत है।भारत सरकार और माननीय उच्चतम न्यायालय को जमीनी हकीकत समझनी होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव ने कहा कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा जी के नेतृत्व में बारह राज्यों से अधिक राज्यों से शिक्षक पांच दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला में एकत्रित होंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिल्ली जाने के लिए ब्लॉकवार संख्या  निर्धारित की गई है।जनपद बांदा से पांच सौ शिक्षक की संख्या निर्धारित है किंतु उससे कहीं ज्यादा शिक्षक दिल्ली पहुंचेंगे। संयुक्त मंत्री जय किशोर दीक्षित द्वारा संघर्ष के इस दौर में एकजुटता के साथ संघर्ष करने और प्रतिभाग करने का आवाह्न किया ।

जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि ब्लॉक से लेकर जनपद स्तर की शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन प्रतिबद्ध है।शिक्षकों को लेकर निगेटिव निरेटिव फैलाना आजकल फैशन हो गया है।जनपद का 95 फीसदी शिक्षक ससमय विद्यालय जाता है,अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक को क्या कभी प्रशासनिक अधिकारियों ने सम्मानित किया है?क्या अधिकारियों को निरीक्षण के समय कोई विद्यालय अच्छा नहीं मिलता,,उसकी खबर कभी सोशल मीडिया या मीडिया में क्यों नहीं दी जाती।निरीक्षण का उद्देश्य केवल कमियां निकालना होता है कोई अधिकारी विद्यालय जाकर शिक्षकों से विद्यालय की समस्याएं नहीं पूछता,न समाधान का प्रयास।जनपद बांदा के 90 प्रतिशत से अधिक शिक्षक बीएलओ बना हुआ है,अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय कर्मचारियों को  बीएलओ से हटाकर केवल शिक्षकों पर सारे कार्य थोप दिए गए हैं।उपजिलाधिकारी कार्यालयों में तैनात लिपिक बीएलओ की ड्यूटी लगाने और काटने का खेल खेलते है,जो अधिकारियों को नहीं दिखता है।जिला प्रशासन के अधिकारी दोयम दर्जे का व्यवहार शिक्षकों से करते हैं। जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को  शिक्षकों की बातों,समस्याओं को सुनना और समाधान करना होगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बांदा शिक्षक हितों, सम्मान की लड़ाई लड़ना जानता है। शिक्षकों की किसी भी शिकायत, वीडियो की जांच के बाद ही कोई कार्यवाही की जाए। बैठक में  जिला मंत्री प्रजीत सिंह जिला कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव, संयुक्त मंत्री जय किशोर दीक्षित सहित सभी ब्लाक के अध्यक्ष, मंत्री, ब्लाक संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री,तहसील प्रभारी, सह प्रभारी, समस्त जनपदीय पदाधिकारी और मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## पैलानी एकादश ने सदर एकादश को दी पटखनी



बाँदा, समृद्धि न्यूज। रविवार को तहसील प्रशासन पैलानी एकादश तथा बांदा सदर एकादश के बीच बांदा पुलिस लाईन स्टेडियम में मतदाता जागरूकता हेतु फ्रेंडली मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांदा सदर एकादश की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 180 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैलानी एकादश एकादश की टीम ने केवल 14 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। उपजिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा ने शतक लगाने के साथ नाबाद 132 रनों की पारी खेली। साथ ही बांदा सदर एकादश को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। गौतललब हो कि बांदा सदर एकादश की तरफ से एडीएम न्यायिक मायाराम यादव एवं सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने अर्धशतक लगाये। पैलानी के तेज गेंदबाज नायब तहसीलदार मो. मुस्तकीम ने 3 विकेट झटके। उपजिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

## रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को किया कंबल वितरित



बांदा, समृद्धि न्यूज। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान ग्राम चिल्ली अशोक कुमार प्रजापति जी की उपस्थिति में,समाजसेवी प्रशान्त सिंह के विशेष सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए 25 कम्बल, कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम चिल्ली ब्लॉक बड़ोखर बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को  सर्पदंश, स्वास्थ्य,स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा और संगठन मंत्री सुनील सक्सेनाके द्वारा जागरूक किया गया,समाजसेवी प्रशान्त सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त  कम्बल,कपड़े,किताबें, जूते चप्पल आदि  पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में  मुख्य रूप में अध्यक्ष रिज़वान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम,महामंत्री मोहम्मद अज़हर, सोशल मीडिया प्रभारी अख्तर किरमानी,महिला सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार,उप शाखा प्रमुख छिरहरी अलीमुद्दीन,सदस्य निहाल खान,शहाना खान, शफ़ीक़ अहमद, जगदीश श्रीवास, समाजसेवी प्रमोद कुमार एडवोकेट, अमर सिंह भदौरिया एडवोकेट, शिवबली सिंह, सचिन सिंह, ज्ञान सिंह, आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# पुलिस लाइन बांदा में आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

बांदा, समृद्धि न्यूज।



> 16 पुलिस कर्मियों ने रक्तदान कर की मानवता की मिसाल पेश

पुलिस लाइन बांदा में जिला चिकित्सालय रक्त कोष एवं सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के प्रयास से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन। पुलिसकर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव का दिया गया परिचय।

अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित।

आज पुलिस लाइन बांदा में जिला चिकित्सालय रक्त कोषएवं सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के द्वारा एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर पुलिस लाइन में तैनात 16  पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया साथ ही यह संदेश दिया गया कि रक्तदान महादान है। रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों जिला अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर डा0 अंकित सिंह ब्लड बैंक प्रभारी, डॉ0 रचना यादव, प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री बेलास यादव, सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार/ मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, पीआरओ प्रमोद द्विवेदी, अनुराग पांडे,शशांक, सतीश सिंह, प्रमोद यादव, मोहम्मद नौशाद, आशीष सहित पुलिसकर्मी व ब्लड बैंक की टीम आदि मौजूद रही।

## रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव का दिया गया परिचय



बांदा। पुलिस लाइन बांदा में सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के द्वारा एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया साथ ही यह संदेश दिया गया कि रक्तदान महादान है। रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों जिला अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डा0 अंकित सिंह ब्लड बैंक प्रभारी, डा0 रचना यादव, प्रतिसार निरीक्षक बांदा बेलास यादव सहित पुलिसकर्मी व ब्लड बैंक की टीम आदि मौजूद रही।